सच, सिर्फ सच

**

# वॉयस ऑफ लखनऊ

रविवार, 19 अप्रैल, 2026 लखनऊ, महानगर, वर्ष 21, अंक 105, पेज 12, 3.50 रुपये

www.facebook.com/volepaper voiceoflucknow@gmail.com www.voiceoflucknow.com



## अक्षय तृतीया पर बढ़ेगी डिजिटल सोने की मांग

अक्षय तृतीया के अवसर पर भौतिक सोने की खरीद के साथ-साथ डिजिटल सोने में निवेश के विकल्प भी लोकप्रिय बने रह सकते हैं। } 10

## सतर्कता के साथ करें एआई का इस्तेमाल

प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत ने आगाह करते हुए कहा कि न्यायपालिका में तकनीक को अपनाने के साथ-साथ इसकी अंतर्निहित सीमाओं की स्पष्ट समझ होनी चाहिए। } 12

# योगी को देख बोला बंगाल, 'देखो-देखो शेर आया'

### बंगाल में सीएम योगी का रोड शो, जनसभा में उमड़ा जनसैलाब

विशेष संवाददाता

बांकुड़ा। पश्चिम बंगाल की सड़कों पर शनिवार को 'बुलडोजर बाबा' का जबरदस्त क्रेज दिखा। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को अपने बीच पाकर स्थानीय नागरिकों का जोश देखते ही बनता था। जनता ने उनका जोरदार स्वागत किया।

सीएम योगी को देख गगनभेदी नारों के बीच बंगालवासी बोल उठे, देखो-देखो, कौन आया, शेर आया-शेर आया। योगी जी सुस्वागतम ! उत्तर प्रदेश के इस शेर को बंगाल के मतदाताओं ने भी विश्वास दिलाया कि 4 मई, 'दीदी' गई। सीएम योगी ने इस शानदार रोड शो के लिए स्थानीय लोगों के प्रति आभार जताया। बंगाल की जनता के स्वागत से अभिभूत मुख्यमंत्री ने रोड शो में विधायक व बांकुड़ा विधानसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी नीलाद्रि शेखर दाना के लिए जनसमर्थन मांगा तो एक ही नारा-एक ही नाम, जय श्रीराम-जय श्रीराम, हर-हर महादेव की गूंज से गुंजायमान बांकुड़ा की सड़कों पर उतरे



मतदाताओं ने उन्हें आश्वस्त किया कि विधानसभा क्षेत्र में कमल ही खिलेगा। पूरे रोड-शो के दौरान सड़कों पर योगी-योगी की गूंज सुनाई देती रही। बंगाल की सड़कों पर स्थानीय नागरिकों ने शनिवार को 'बुलडोजर बाबा' का अभूतपूर्व स्वागत किया। भगवा रंग की पगड़ी पहने सीएम ...शेष पृष्ठ 10 पर

## नारी शक्ति वंदन विधेयक पर प्रधानमंत्री मोदी ने देश को किया संबोधित

# महिला आरक्षण का विरोध कर विपक्ष ने किया पाप

एजेंसी

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को कहा कि विपक्षी दलों ने सरकार के तमाम प्रयासों के बावजूद संसद में महिला आरक्षण (संशोधन) विधेयक को पारित न होने देकर महिलाओं के सपनों को निर्दयतापूर्वक कुचल दिया है।

मोदी लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में महिलाओं के लिए आरक्षण से संबंधित संशोधन विधेयक के लोकसभा में पारित न होने के एक दिन बाद राष्ट्र को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस, द्रमुक, तृणमूल कांग्रेस और समाजवादी पार्टी जैसे दलों की स्वार्थ भरी राजनीति की कीमत देश की महिलाओं को चुकानी पड़ी है और इन दलों ने विधायी निकायों में



महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देने के प्रयासों को विफल कर दिया है। प्रधानमंत्री ने कहा मैं देश की सभी महिलाओं से क्षमा मांगता हूं। उन्होंने कहा आज भारत का हर नागरिक देख रहा है कि भारत की महिलाओं की प्रगति किस प्रकार रुक गई है। देश की महिलाओं के सपनों को निर्दयतापूर्वक कुचल दिया गया है, और हमारे तमाम प्रयासों के बावजूद हम सफल नहीं हो सके। मोदी ने कहा कि महिलाओं ने देखा है कि कांग्रेस, तृणमूल कांग्रेस और द्रमुक जैसी पार्टियां महिला सशक्तीकरण के खिलाफ अपनी स्वार्थ भरी राजनीति का जश्न कैसे मनाती हैं। उन्होंने कहा, महिलाओं के लिए आरक्षण का विरोध करके विपक्ष ने पाप किया है और उसे इसके लिए निश्चित रूप से दंड मिलेगा। विपक्षी दलों ने विधेयक को विफल कर हमारे संविधान का अपमान किया है। प्रधानमंत्री ने कहा कि इस विधेयक का उद्देश्य किसी से कुछ भी छीने बिना महिलाओं के सशक्तीकरण को बढ़ावा देना था। उन्होंने ...शेष पृष्ठ 10 पर

## संक्षेप

### राप्ती में डूबने से तीन युवकों की मौत

गोरखपुर। गोरखपुर स्थित राप्ती नदी में नहाने गए तीन युवकों की डूबने से मौत हो गई, जिनके शव शनिवार को राज्य आपदा मोचन बल (एसडीआरएफ) की टीम ने बरामद कर लिए। घटना शुक्रवार दोपहर करीब दो बजे मैनाभागर टोला बंजराहा के पास हुई, जहां चार युवक राप्ती नदी में नहाने गए थे। इस दौरान तीन युवक फिसलकर गहरे पानी में पहुंच गए और डूबने लगे, तभी एक युवक तैरकर बाहर निकल आया और घटना की जानकारी दी। सूचना मिलते ही, स्थानीय पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और गोताखोरों की मदद से तलाशी अभियान शुरू किया। एसडीआरएफ ने भी स्थानीय पुलिस की एक संयुक्त टीम के साथ शुक्रवार को घटना होने के बाद से ही तलाशी अभियान शुरू किया और शुक्रवार देर रात तक प्रयास जारी रहने के बावजूद लापता युवकों का पता नहीं चल सका। पुलिस ने बताया कि शनिवार सुबह तलाश फिर से शुरू हुई, एसडीआरएफ की टीमों ने अभियान तेज कर दिया और कुछ ही घंटों में बरियारपुर के निवासी शुभम यादव और अभय यादव उर्फ बंटी, तथा काजीपुर के रहने वाले शिव साहनी के शव बरामद किए गए।

### गाजीपुर में सड़क हादसा, तीन की मौत

गाजीपुर। जिले में हुई सड़क दुर्घटना में तीन लोगों की मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक, मुबारकपुर हरतरा गांव के रहने वाले दीपक यादव, शनि कुमार राम तथा शुभम कुमार एक ही मोटरसाइकिल पर सवार होकर बृहस्पतिवार रात में मेला देखने शादियाबाद जा रहे थे। सामने से दूसरी मोटरसाइकिल पर आसपुर गांव के निवासी विजय राजभर, अखिलेश तथा अजीत कुमार आ रहे थे और जब वे लोग टांडा बैरख गांव के सामने पहुंचे तो दोनों मोटरसाइकिलों के बीच जोरदार टक्कर हो गई। टक्कर के कारण बम फटने जैसी तेज आवाज आई, जिसे सुनकर रात में गांव के लोग दुर्घटनास्थल पर पहुंचे। पुलिस ने सभी को सरकारी अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने दीपक यादव, शनि कुमार राम, तथा विजय राजभर को मृत घोषित कर दिया।

# केंद्रीय कर्मियों व पेंशनभोगियों का भत्ता बढ़ा

### ○ उत्तर प्रदेश व आंध्र प्रदेश की दो रेल परियोजनाओं को मिली मंजूरी ○ भारत समुद्री बीमा कोष पर कैबिनेट की मुहर

एजेंसी

नयी दिल्ली। मंत्रिमंडल ने शनिवार को केंद्र सरकार के कर्मचारियों और पेंशनभोगियों का महंगाई भत्ता (डीए) और महंगाई राहत (डीआर) दो प्रतिशत बढ़ाने का फैसला किया। इससे केंद्र सरकार के लगभग 50.46 लाख कर्मचारियों और 68.27 लाख पेंशनभोगियों को लाभ होगा।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में हुई मंत्रिमंडल की बैठक में लिए गए निर्णयों के बारे में सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि महंगाई भत्ते और महंगाई राहत, दोनों में वृद्धि के कारण सरकारी खजाने पर कुल 6,791.24 करोड़ रुपये सालाना का बोझ पड़ेगा। मूल वेतन या पेंशन की मौजूदा 58 प्रतिशत की दर पर दो प्रतिशत की यह वृद्धि, महंगाई की भरपाई के लिए है। केंद्र सरकार के कर्मचारियों को डीए और पेंशनभोगियों को डीआर की यह अतिरिक्त किस्त एक जनवरी, 2026 से दी जाएगी। यह वृद्धि स्वीकृत फॉर्मूले के अनुसार है, जो सातवें केंद्रीय वेतन आयोग की सिफारिशों पर आधारित है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में मंत्रिमंडल की आर्थिक मामलों की समिति ने शनिवार को रेल मंत्रालय की लगभग 24,815 करोड़ रुपये की कुल लागत वाली दो परियोजनाओं को मंजूरी दी। इन परियोजनाओं में उत्तर प्रदेश में 403 किलोमीटर लंबी गाजियाबाद-सीतापुर तीसरी और चौथी लाइन और आंध्र प्रदेश में 198 किलोमीटर लंबी राजामुंदरी-विशाखापत्तनम तीसरी और चौथी लाइन शामिल हैं। सरकार के एक बयान के अनुसार लाइन क्षमता में इस बढ़ोतरी से आवागमन में उल्लेखनीय सुधार होगा, भारतीय रेलवे की परिचालन दक्षता और सेवा विश्वसनीयता में वृद्धि होगी। बयान में कहा गया, इन रेल खंड पर पटरियों की संख्या लाइन बढ़ाने से परिचालन व्यवस्थित होगी और भीड़भाड़ कम करने में मदद मिलेगी। ये परियोजनाएं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के एक नये भारत की परिकल्पना के अनुरूप हैं। इसका



उद्देश्य क्षेत्र के व्यापक विकास के माध्यम से इस क्षेत्र के लोगों को आत्मनिर्भर बनाना है, जिससे उनके रोजगारास्वरोजगार के अवसर बढ़ेंगे। बयान में कहा गया है, ये परियोजनाएं प्रधानमंत्री गति शक्ति राष्ट्रीय योजना का हिस्सा हैं, जिनका मुख्य उद्देश्य एकीकृत योजना और हितधारकों के परामर्श के माध्यम से बहु स्तरीय संपर्क और लॉजिस्टिक दक्षता को बढ़ाना है। इन परियोजनाओं से लोगों, वस्तुओं और सेवाओं की निर्बाध आवाजाही सुनिश्चित होगी। उत्तर प्रदेश और आंध्र प्रदेश राज्यों के 15 जिलों से गुजरने वाली ये दो परियोजनाएं भारतीय रेल के मौजूदा नेटवर्क को लगभग 601 किलोमीटर तक बढ़ाएंगी। दोनों परियोजनाओं के लाभों को रेखांकित करते हुए सरकार ने कहा कि ये कोयला, अनाज, सीमेंट, लोहा और इस्पात, कंटेनर, उर्वरक, चीनी, रासायनिक लवण, चूना पत्थर आदि जैसी वस्तुओं के परिवहन के लिए आवश्यक मार्ग हैं। सरकार ने कहा, रेलवे पर्यावरण के अनुकूल और ऊर्जा कुशल परिवहन का साधन होने के नाते, जलवायु लक्ष्यों को प्राप्त करने और देश की परिवहन लागत को कम करने में मदद करेगा, जिससे कार्बन डाइऑक्साइड उत्सर्जन में कमी आएगी, जो 7.33 करोड़ वृक्षारोपण के बराबर है। बयान में कहा गया है कि इन नयी लाइन के निर्माण से देश भर के कई प्रमुख पर्यटन स्थलों तक रेल संपर्क में सुधार होगा, जिनमें दूधेश्वरनाथ मंदिर, गढ़मुक्तेश्वर गंगा घाट, दरगाह शाह विलायत जामा मस्जिद (अमरोहा), नैमिषारण्य (सीतापुर), अन्नवरम, अंतर्वेदी, द्रक्षाराम आदि शामिल हैं। सरकार ने लगातार समुद्री बीमा कवरेज की सुविधा के लिए 12,980 करोड़ रुपये की सॉवरेन गारंटी के साथ एक घरेलू बीमा योजना भारत मैरीटाइम इंश्योरेंस कोष (बीएमआई कोष) बनाने के प्रस्ताव को मंजूरी दी। यह कोष सुनिश्चित करता है कि भारतीय व्यापार को किसी भी अंतरराष्ट्रीय मूल से भारतीय बंदरगाहों तक और इसके विपरीत माल ले जाने वाले जहाजों के लिए सस्ती बीमा सुविधा मिलती रहे, भले ही वे अस्थिर समुद्री गलियारों से गुजर रहे हों। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में हुई मंत्रिमंडल की बैठक के बाद सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने यह जानकारी दी। गाजियाबाद-सीतापुर रेलखंड पर इस समय दोहरी लाइन है, जो दिल्ली-गुवाहाटी उच्च घनत्व नेटवर्क का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। नयी पटरियों के फायदे के बारे में सरकार ने कहा कि यह परियोजना देश के उत्तरी और पूर्वी क्षेत्रों के बीच संपर्क सुधारने के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है क्योंकि इस खंड की मौजूदा लाइन क्षमता का 168 प्रतिशत तक उपयोग हो रहा है औ परियोजना शुरू नहीं होने की स्थिति में इसके 207 प्रतिशत तक पहुंचने का अनुमान है। यह ...शेष पृष्ठ 10 पर

### नोएडा हिंसा का हाईटेक साजिशकर्ता गिरफ्तार

लखनऊ। गौतमबुद्धनगर में 13 अप्रैल को श्रमिक आंदोलन की आड़ में हुई भीषण हिंसा, आगजनी और सार्वजनिक सम्पत्ति को नुकसान पहुंचाने के मामले में यूपी एसटीएफ ने बड़ी सफलता हासिल की है। एसटीएफ की टीम ने घटना के मुख्य साजिशकर्ताओं में से एक, आदित्य आनंद उर्फ रस्टी को तमिलनाडु के त्रिचुरापल्ली त्रिची रेलवे स्टेशन से गिरफ्तार किया है। कैसे हुआ ऑपरेशन-एसटीएफ की नोएडा यूनिट को खुफिया जानकारी मिली थी कि हिंसा की योजना बनाने में मुख्य भूमिका निभाने वाला आदित्य आनंद फरार है। गिरफ्तारी से बचने के लिए आदित्य पहले नोएडा से चेन्नई और फिर वहां से त्रिचुरापल्ली भाग रहा था।

एसटीएफ नोएडा की टीम ने अभिसूचना संकलन के बाद 18 अप्रैल की रात करीब 1:40 बजे उसे त्रिची रेलवे स्टेशन से धर दबोचा। गौतमबुद्धनगर की एसीजेएम कोर्ट ने 16 अप्रैल को ही उसके खिलाफ गैर-जमानती वारंट जारी किया था। कौन है आदित्य आनंद रस्टी-पूछताछ में आदित्य का जो बैकग्राउंड सामने आया है, वह चौंकाने वाला है आदित्य मूल रूप से ...शेष पृष्ठ 10 पर

# चार संदिग्ध आतंकवादी गिरफ्तार

### टॉय कार का इस्तेमाल कर हमले की थी साजिश

एजेंसी

नयी दिल्ली। दिल्ली पुलिस ने महाराष्ट्र, ओडिशा और बिहार से चार कट्टरपंथी लोगों को गिरफ्तार किया है जिन्होंने कथित तौर पर आतंकी गतिविधियों की साजिश रची थी, कुछ संवेदनशील जगहों को निशाना बनाने के लिए उनकी रेकी की थी और एन्क्रिप्टेड ऑनलाइन प्लेटफॉर्म के जरिए अन्य लोगों को भर्ती करने की कोशिश कर रहे थे। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी।

पुलिस ने बताया कि अभियान के दौरान एक इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस (आईईडी) और उससे जुड़ा सामान जब्त किया गया। उन्होंने आरोप लगाया कि दो आरोपी भीड़भाड़ वाली जगहों को निशाना बनाने के लिए



आईईडी युक्त रिमोट संचालित टॉय कार को तैयार कर रहे थे। अधिकारियों ने बताया कि विशेष प्रकोष्ठ ने एक समन्वित, खुफिया तंत्र नीत अभियान में महाराष्ट्र से दो और ओडिशा तथा बिहार से एक-एक आरोपी को पकड़ा। पुलिस ने आरोप लगाया कि चारों खिलाफत स्थापित करने के विचार के इर्द-गिर्द केंद्रित चरमपंथी विचारधारा से प्रभावित थे और ग़जवा-ए-हिंद जैसी धारणा को बढ़ावा दे रहे थे। एक वरिष्ठ पुलिस ...शेष पृष्ठ 10 पर

### राहुल गांधी के विरुद्ध एफआईआर पर रोक

लखनऊ। हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने कथित दोहरी नागरिकता मामले में कांग्रेस नेता राहुल गांधी के विरुद्ध एफआईआर दर्ज करने के, ओपन कोर्ट में सुनाये गए अपने आदेश को रोक दिया है। शनिवार को हाईकोर्ट की वेबसाइट पर उपलब्ध आदेश में न्यायालय ने कहा है कि शुक्रवार को सुनवाई के दौरान याची समेत केंद्र व राज्य सरकार के अधिवक्ताओं से पूछा गया था कि क्या इस मामले में विपक्षी संख्या एक (राहुल गांधी) को नोटिस जारी किए जाने की आवश्यकता है।

आदेश में कहा गया है कि अधिवक्ताओं ने कोर्ट को बताया कि नोटिस जारी किए जाने की कोई आवश्यकता नहीं है, तत्पश्चात ओपन कोर्ट में एफआईआर दर्ज करने का विस्तृत आदेश पारित कर दिया गया, हालांकि अपने ...शेष पृष्ठ 10 पर

# चारधाम यात्रा का आगाज, पहला जत्था रवाना

### मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने हरी झंडी दिखाकर किया शुभारंभ

ऋषिकेश/देहरादून। उत्तराखंड की आस्था, अध्यात्म और सनातन परंपरा का प्रतीक चारधाम यात्रा रविवार को विधिवत प्रारंभ हो गई। यात्रा के शुभारंभ अवसर पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने ऋषिकेश से श्रद्धालुओं के पहले दल को लेकर रवाना होने वाली बसों को हरी झंडी दिखाकर यात्रा का शुभारंभ किया। पूरे क्षेत्र में भक्ति, उत्साह और उल्लास का वातावरण देखने को मिला।

मुख्यमंत्री धामी ने इस अवसर पर देश के विभिन्न राज्यों से पहुंचे श्रद्धालुओं का स्वागत करते हुए उनकी मंगलमय यात्रा की कामना की। उन्होंने कहा कि देवभूमि उत्तराखंड आने वाला प्रत्येक यात्री राज्य का सम्मानित अतिथि है और सरकार का प्रयास है कि सभी श्रद्धालु सुखद अनुभव लेकर



लौटें। यात्रा प्रारंभ होने से पहले मुख्यमंत्री ने यात्रियों के लिए लगाए गए निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का निरीक्षण किया। उन्होंने वहां चिकित्सा सुविधाओं, प्राथमिक उपचार केंद्रों, एंबुलेंस सेवाओं और आपातकालीन व्यवस्थाओं की जानकारी ली। अधिकारियों को निर्देश देते हुए उन्होंने कहा कि यात्रा के दौरान स्वास्थ्य सेवाओं में किसी प्रकार की ढिलाई न बरती जाए और हर पड़ाव पर तत्परता सुनिश्चित की ...शेष पृष्ठ 10 पर

**विशेष खबर** 15 अप्रैल तक अकेले लखनऊ में 3,133 रूफटॉप सोलर संयंत्र स्थापित, उत्तर प्रदेश का अव्वल प्रदर्शन

# सोलर इंस्टॉलेशन में लखनऊ ने सूरत को पीछे छोड़ा

आशीष मौर्य

लखनऊ। राजधानी लखनऊ ने सौर ऊर्जा के क्षेत्र में एक बड़ी उपलब्धि हासिल करते हुए देशभर में सोलर इंस्टॉलेशन के मामले में शीर्ष स्थान प्राप्त कर लिया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में राज्य में चल रहे रुफटॉप सौर ऊर्जा के क्षेत्र में पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के अंतर्गत अभियान ने लखनऊ को राष्ट्रीय स्तर पर अग्रणी बना दिया है।

उत्तर प्रदेश नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा अभिकरण के निदेशक इंद्रजीत सिंह ने बताया कि पीएम सूर्य घर मुफ़्त बिजली योजना के अंतर्गत लखनऊ में अब तक 87,000 से अधिक रूफटॉप सोलर संयंत्र स्थापित किए जा चुके हैं, जो देश के किसी भी जिले में सबसे अधिक हैं। 15 अप्रैल तक लखनऊ में



3,133 रूफटॉप सोलर संयंत्र स्थापित किए गए। यह उपलब्धि लखनऊ को सोलर ऊर्जा अपनाने के मामले में देश का अग्रणी जिला बनाती है। विशेषज्ञों के अनुसार, शहरी क्षेत्रों में घरेलू गैस के स्थान पर इंडक्शन कुकटॉप के बढ़ते उपयोग तथा इलेक्ट्रिक वाहनों की बढ़ती मांग के कारण बिजली की खपत में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। इसके साथ ही, बढ़ते बिजली बिल को नियंत्रित करने की इच्छा और पर्यावरण संरक्षण के प्रति बढ़ती जागरूकता ने लोगों को तेजी से सौर ऊर्जा अपनाने के लिए प्रेरित किया है। रूफटॉप सोलर सिस्टम उपभोक्ताओं को दीर्घकालिक आर्थिक लाभ प्रदान कर रहे हैं और उन्हें ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बना रहे हैं। केंद्र सरकार के साथ-साथ राज्य सरकार की सोलर सब्सिडी और सरल आवेदन प्रक्रिया इस वृद्धि में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। साथ ही, डिस्कॉम और संबंधित एजेंसियों के सहयोग से इंस्टॉलेशन प्रक्रिया अधिक तेज और सुगम हो गई है। लखनऊ की यह उपलब्धि अन्य जिलों के लिए प्रेरणा बन रही है। उत्तर प्रदेश के अन्य शहर भी सोलर इंस्टॉलेशन में तेजी दिखा रहे हैं और राज्य देश के अग्रणी घरेलू रूफटॉप सोलर ऊर्जा केंद्र के रूप में विकसित हो रहा है।

# होर्मुज स्ट्रेट में तेल टैंकर पर अंधाधुंध गोलीबारी

### ○ घटना को लेकर भारत सख्त ○ ईरान के राजदूत को किया तलब

एजेंसी

काहिरा। होर्मुज जलडमरूमध्य में जारी दोहरी घेराबंदी शनिवार को एक अनिश्चित और खतरनाक स्थिति में पहुँच गई। एक ओर जहाँ अमेरिका ने ईरानी बंदरगाहों की घेराबंदी करने के अपने अभियान को और तेज़ कर दिया है, वहीं दूसरी ओर ईरान ने जलमार्ग खोलने के अपने शुरुआती कदम को वापस लेते हुए वहां से गुजरने की कोशिश कर रहे एक जहाज पर गोलीबारी कर दी। इस महत्वपूर्ण सामरिक जलमार्ग को लेकर बनी असमंजस की स्थिति ने वैश्विक अर्थव्यवस्था को प्रभावित कर रहे ऊर्जा संकट के और गहराने और दोनों देशों को फिर से संघर्ष की ओर धकेलने का खतरा पैदा कर दिया है, जबकि मध्यस्थ इस बात पर विश्वास जता रहे थे कि एक नया समझौता हो सकता है।



भारत ने ईरान के रिवोल्यूशनरी गार्ड द्वारा होर्मुज जलडमरूमध्य में की गई गोलीबारी की वजह से दो भारतीय मालवाहक जहाजों के मार्ग बदलने के लिए मजबूर होने की घटना को लेकर नयी दिल्ली में तैनात ईरानी राजदूत मोहम्मद फताअली को विदेश मंत्रालय ने शनिवार को तलब किया। आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस घटना को लेकर राजदूत के समक्ष कड़ा विरोध दर्ज कराया गया। आधिकारिक तौर पर फताअली को विदेश मंत्रालय में तलब करने को लेकर कोई बयान जारी नहीं किया गया है। ईरान द्वारा शुक्रवार को जलमार्ग खोलने की घोषणा के बाद कइ ...शेष पृष्ठ 10 पर

C M Y K


# भीषण गर्मी में नहीं होगी बिजली कटौती

## उपभोक्ताओं को मिलेगी 34 हजार मेगावॉट बिजली

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** योगी सरकार ने प्रदेशवासियों को भीषण गर्मी में निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए तैयारियां पूरी कर ली है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर ऊर्जा विभाग ने इस वर्ष पीक डिमांड को ध्यान में रखते हुए लगभग 34,000 मेगावाट बिजली उपलब्ध कराने की रणनीति बनाई है। इसके लिए सभी नए थर्मल पावर प्लांट यूनिट्स को चालू कर दिया गया है। वहीं, पीक आवर्स में करीब 80 प्रतिशत बिजली की मांग पहले से किए गए एमओयू से पूरी की जाएगी। इसके अलावा अतिरिक्त मांग को बिजली एक्सचेंज के जरिये पूरा किया जाएगा।

यूपीपीसीएल के एमडी पंकज कुमार ने बताया कि हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी अप्रैल से सितंर के बीच बिजली की मांग बढ़ेगी। पिछले वर्षों की डिमांड को देखते हुए इस वर्ष जून में पीक डिमांड लगभग 33,375 मेगावाट तक पहुंच सकती है, जो अब तक के उच्चतम स्तरों में से एक होगी। मई और जुलाई में भी मांग 31 से 32 हजार



- घाटमपुर की तीसरी यूनिट 30 अप्रैल तक होगी चालू

मेगावाट के बीच रहने की संभावना है। इस बढ़ती मांग को देखते हुए विभाग ने अग्रिम तैयारी करते हुए उत्पादन और आपूर्ति के सभी स्रोतों को सक्रिय कर दिया है। वहीं पीक डिमांड को ध्यान में रखते हुए लगभग 34,000 मेगावाट बिजली उपलब्ध कराने की रणनीति तैयार कर ली गयी है। उन्होंने बताया कि सभी नए थर्मल पावर प्लांट यूनिट्स को चालू कर दिया गया है। घाटमपुर, खुर्जा, पनकी, ओबरा और जवाहरपुर जैसे प्रमुख परियोजनाओं से उत्पादन शुरू हो चुका है। इन परियोजनाओं के चालू होने से प्रदेश की उत्पादन क्षमता में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। वहीं घाटमपुर की तीसरी यूनिट 30 अप्रैल तक चालू हो जाएगी, जिससे बिजली आपूर्ति को और मजबूती मिलेगी।

एमडी ने बताया कि पीक आवर्स में करीब 80 प्रतिशत बिजली की मांग पहले से किए गए एमओयू (लॉन्ग टर्म टाई-अप) के जरिए पूरी की जाएगी। इससे अचानक मांग बढ़ने की स्थिति में भी स्थिर आपूर्ति सुनिश्चित की जा सकेगी। इसके साथ ही शेष मांग को पूरा करने के लिए बिजली एक्सचेंज प्लेटफॉर्म जैसे आईईएक्स, पीएक्सआईएल और एचपीएक्स की मदद ली जाएगी। इन प्लेटफॉर्म के माध्यम से जरूरत के समय अतिरिक्त बिजली खरीदी जाएगी। इससे न केवल मांग और आपूर्ति के बीच संतुलन बना रहेगा, बल्कि उपभोक्ताओं को कटौती से भी राहत मिलेगी। इसके अलावा कुछ राज्यों के साथ लगभग 4,663 मिलियन यूनिट (एमयू) बिजली की बैंकिंग व्यवस्था की गई है। ऐसे में जरूरत पड़ने पर अन्य राज्यों से बिजली ली जा सकेगी और बाद में वापस की जाएगी। यह व्यवस्था भी आपूर्ति को स्थिर बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हाल ही में उच्च स्तरीय बैठक में बिजली आपूर्ति को लेकर अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए थे। उन्होंने कहा था कि किसी भी स्थिति में उपभोक्ताओं को परेशानी नहीं होनी चाहिए। उन्होंने नियमित समीक्षा बैठकों के जरिए तैयारियों की निगरानी बढ़ा दी है। साथ ही ट्रांसमिशन और डिस्ट्रीब्यूशन नेटवर्क को भी मजबूत किया जा रहा है, ताकि तकनीकी खराबियों के कारण बाधा न आए। ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में समान रूप से बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिये। इसके लिए फीडर स्तर पर निगरानी बढ़ाई गई है और लाइन लॉस कम करने के लिए विशेष अभियान चलाए जा रहे हैं। स्मार्ट मीटरिंग और डिजिटल मॉनिटरिंग सिस्टम को भी तेजी से लागू किया जा रहा है।

## लू-प्रकोप प्रबंधन पर एनजीओ की भूमिका पर जोर

**लखनऊ।** प्रदेश में बढ़ते तापमान और संभावित लू-प्रकोप के प्रभावी प्रबंधन को लेकर शनिवार को राज्य स्तरीय कार्यशाला आयोजित की गई। उत्तर प्रदेश राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण और इंटर एजेंसी ग्रुप उत्तर प्रदेश के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस कार्यशाला की अध्यक्षता प्राधिकरण के उपाध्यक्ष लेफ्टिनेंट जनरल योगेन्द्र डिमरी (सेवानिवृत्त) ने की। उपाध्यक्ष ने कहा कि पिछले कुछ दिनों में तापमान में तेजी से वृद्धि दर्ज की जा रही है, जिसका मानव जीवन के साथ पशुधन, फसलों और उत्पादन क्षमता पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। उन्होंने कहा कि आगामी लू-प्रकोप के प्रभावी प्रबंधन के लिए सरकारी और गैर-सरकारी संस्थाओं को मिलकर काम करना होगा। इससे मुख्यमंत्री के ह्यजीरो अवॉइडेबल मॉर्टेलिटी के विजन को साकार किया जा सकेगा। उन्होंने लू-प्रबंधन से संबंधित उपायों के व्यापक प्रचार-प्रसार में एनजीओ और नागरिक समाज संगठनों की महत्वपूर्ण भूमिका बताई। कार्यशाला में विभिन्न गैर सरकारी संगठनों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया और पूर्व में किए गए कार्यों के साथ वर्ष 2026 में लू-प्रबंधन को लेकर प्रस्तावित गतिविधियों पर विस्तृत प्रस्तुतीकरण दिया।

# एक लाख से अधिक बच्चों को मिला निजी स्कूलों में प्रवेश

## आरटीई : 1,03,439 का हुआ नामांकन, लखनऊ, कानपुर, वाराणसी और आगरा आगे




विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** जिन घरों में कभी अच्छी शिक्षा एक सपना थी, वहां अब उम्मीद ने दस्तक दे दी है। शिक्षा का अधिकार (आरटीई) अधिनियम के अंतर्गत योगी सरकार ने एक बार फिर यह साबित किया है कि नीतियां कागजों तक सीमित न रहकर जमीन पर बदलाव का माध्यम बन रहीं हैं। वर्ष 2026-27 के लिए प्रदेश में अब तक 1,03,439 बच्चों का नामांकन सुनिश्चित किया जा चुका है, जिससे हजारों गरीब और वंचित परिवारों के सपनों को नई दिशा मिली है। आंकड़ों का यह शुरूआती रुझान संकेत दे रहा है कि आने वाले चरणों में यह संख्या और तेजी से बढ़ेगी, क्योंकि नामांकन प्रक्रिया अभी जारी रहेगी।

राज्य के लखनऊ, वाराणसी, बुलंदशहर और बंदायू जनपद नामांकन में आगे हैं। आंकड़ों के अनुसार लखनऊ में 7,952, वाराणसी में 4,957, बुलंदशहर 4154 और बदायूं में 3599 बच्चों का नामांकन हुआ है। अभिभावकों का भरोसा लगातार मजबूत हो रहा है और वे अपने बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के लिए आगे बढ़ रहे हैं। सरकार की इस पहल का सबसे बड़ा प्रभाव समाज के अंतिम पायदान पर खड़े परिवारों पर पड़ा है। अब आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के बच्चों को भी निजी विद्यालयों में पढ़ाई के अवसर मिलने लगे हैं, जिससे शिक्षा के क्षेत्र में समान अवसर की मजबूत नींव रखी जा रही है। यह कदम शिक्षा के साथ-साथ सामाजिक न्याय और समावेशी विकास की दिशा में भी एक परिवर्तनकारी पहल साबित हो रहा है।

अपने अधिकारों, सुविधाओं या अवसरों से वंचित बच्चों की शिक्षा को लेकर गंभीर योगी सरकार ने इस पूरी प्रक्रिया को पारदर्शी और सरल बनाया है।

ऑनलाइन आवेदन और चयन प्रणाली के माध्यम से पात्र बच्चों को बिना किसी भेदभाव के लाभ मिल रहा है। यही कारण है कि योजना के प्रति आमजन में विश्वास और सहभागिता लगातार बढ़ रही है। बेसिक शिक्षा विभाग का मानना है कि जुलाई तक चलने वाली नामांकन प्रक्रिया के दौरान और अधिक पात्र बच्चों को इस योजना से जोड़ा जा सकेगा।

### आरटीई नामांकन में टॉप 10 जनपद

| जनपद | नामांकन |
|---|---|
| लखनऊ | 7952 |
| वाराणसी | 4957 |
| बुलंदशहर | 4154 |
| बदायूं | 3599 |
| मुरादाबाद | 3246 |
| आगरा | 3086 |
| कानपुर नगर | 2476 |
| गोरखपुर | 2352 |
| अलीगढ़ | 2320 |
| गाजियाबाद | 2209 |

# डेयरी क्षेत्र रोजगार सृजन का प्रमुख साधन

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** दुग्धशाला विकास विभाग की स्थापना के 50 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर गोमती नगर स्थित इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित दो दिवसीय ह्यदुग्ध स्वर्ण महोत्सव का भव्य एवं सफल समापन हुआ। कार्यक्रम की शुरूआत में मुख्यमंत्री का शुभकामना संदेश पढ़कर सुनाया गया।

पशुधन एवं दुग्ध विकास विभाग के अपर मुख्य सचिव मुकेश कुमार मेश्राम ने कहा कि डेयरी क्षेत्र रोजगार सृजन का प्रमुख साधन है और राज्य सरकार तकनीक व नवाचार के माध्यम से किसानों एवं पशुपालकों की आय दोगुनी करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि प्रदेश को वन ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था बनाने में दुग्ध विकास विभाग की महत्वपूर्ण भूमिका है। सरकार किसानों को सुनिश्चित बाजार, पारदर्शी मूल्य निर्धारण और स्थायी आय उपलब्ध करा रही है, जिससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था मजबूत हो रही है। उन्होंने बताया कि स्वदेशी



- दो दिवसीय दुग्ध स्वर्ण महोत्सव का आयोजन संपन्न

नस्ल के गौपालन को बढ़ावा देने, प्रशिक्षण कार्यक्रमों और जागरूकता अभियानों के माध्यम से दुग्ध उत्पादन बढ़ाने के प्रयास किए जा रहे हैं। दुग्ध आयुक्त श्रीमती धनलक्ष्मी के. ने कहा कि प्रदेश को दुग्ध उत्पादन में अग्रणी बनाए रखने के लिए संगठित व्यवस्था विकसित की गई है, जिससे किसानों को बेहतर बाजार और आय के अवसर मिल रहे हैं।

महोत्सव में बताया गया कि राज्य में डेयरी क्षेत्र ग्रामीण अर्थव्यवस्था की रीढ़ बन चुका है। विभाग द्वारा दुग्ध विकास क्षेत्र में 25,000 करोड़ रुपये से अधिक के 796 एमओयू किए गए हैं, जिससे 60,000 से अधिक रोजगार सृजित होंगे। नंद बाबा दुग्ध मिशन के तहत 10,000 से अधिक लाभार्थियों को 84 करोड़ रुपये का अनुदान दिया गया है तथा हजारों दुग्ध सहकारी समितियों का गठन किया गया है। कार्यक्रम में लगभग 10 हजार पशुपालकों, दुग्ध उत्पादकों और निवेशकों ने भाग लिया। इस अवसर पर विभाग में योगदान देने वाले कार्यरत एवं सेवानिवृत्त कर्मचारियों तथा अधिकारियों को सम्मानित किया गया और सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित हुए।

# सर्वोदय विद्यालयों का विस्तार, 93 से बढ़कर हुए 103

## छात्रों को स्मार्ट क्लास, लैब, पुस्तकालय, छात्रावास जैसी आधुनिक सुविधाए

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में शिक्षा व्यवस्था को मजबूत करने के लिए योगी सरकार जय प्रकाश नारायण सर्वोदय विद्यालयों के विस्तार पर तेजी से काम कर रही है। प्रदेश के विभिन्न जनपदों में 20 नए सर्वोदय विद्यालयों का निर्माण कराया जा रहा है। इनके पूरा होने के बाद राज्य में सर्वोदय विद्यालयों की कुल संख्या बढ़कर 123 हो जाएगी। प्रदेश में वर्तमान समय में 103 सर्वोदय विद्यालय संचालित हैं, जहां हजारों छात्र-छात्राएं गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं। वर्ष 2017 से पहले राज्य में केवल 93 विद्यालय संचालित थे, लेकिन योगी सरकार ने शिक्षा क्षेत्र को प्राथमिकता देते हुए लगातार नए विद्यालयों की स्थापना और सुविधाओं के विस्तार पर जोर दिया है।

समाज कल्याण विभाग के अधिकारियों ने बताया कि इन विद्यालयों में बेहतर शैक्षणिक वातावरण, अनुशासन, आधुनिक सुविधाएं और निशुल्क शिक्षा उपलब्ध कराई जा रही है। वर्तमान समय में प्रदेश की योगी सरकार द्वारा निमार्णाधीन 20 नए विद्यालयों को आधुनिक सुविधाओं से लैस किया जा रहा है। इनमें स्मार्ट क्लास, कंप्यूटर लैब, विज्ञान प्रयोगशाला, पुस्तकालय, खेल मैदान, छात्रावास, स्वच्छ पेयजल और सुरक्षित परिसर जैसी व्यवस्थाएं विकसित की जा रहीं हैं।

समाज कल्याण विभाग के अधिकारियों ने बताया कि मथुरा (बाटी, वृंदावन) गोंडा (बनटांगिया/सिसवां मनकापुर) बलिया (हुसैनाबाद) कानपुर देहात (सरवनखेड़ा अकबरपुर) अमरोहा (हसनपुर) पीलीभीत (माधोटाण्डा) महराजगंज (सदर) अम्बेडकर नगर (प्रतापपुर चमुर्खा) हाथरस (चिरायल सिकंरराराऊ) औरैया (हरदूविधुना) कासगंज (याकूतगंज सहावर) अलीगढ़ (अलहदादपुर कोल) हापुड़ (जसरूपनगर) सोनभद्र (उम्भा) कानपुर देहात (परौख) मऊ (हरथौली तहसील घोसी) में बन रहा है। इसी प्रकार मुजफ्फरनगर (बसेड़ा परगना पुरछपार) शामली (बझेड़ी ऊन झिंझाना) बागपत (ख्वाजगीरपुर चांदनहेड़ी बड़ौत) गौतमबुद्ध नगर (दयौरार जेवर) शाहजहांपुर (सिकरोही, कॉट) कन्नौज (मिघौली छिबरामऊ) में जय प्रकाश नारायण सर्वोदय विद्यालय स्थापित किए जा रहे हैं। हालांकि, इनमें से 2 विद्यालय गत वर्ष शुरू हो चुके हैं। समाज कल्याण विभाग के अधिकारियों ने बताया कि 2017 से पहले यूपी में 93 जय प्रकाश नारायण सर्वोदय विद्यालय संचालित थे लेकिन 20 नए विद्यालय खुलने से अतिरिक्त छात्रों को प्रवेश का अवसर मिलेगा। इससे उन परिवारों को राहत मिलेगी जो आर्थिक कारणों से निजी स्कूलों में बच्चों को नहीं पढ़ा पाते। सर्वोदय विद्यालयों में निशुल्क शिक्षा के साथ किताबें, यूनिफॉर्म और अन्य सुविधाएं भी दी जाती हैं। योगी सरकार में इस योजना से शिक्षा के क्षेत्र में बड़ा बदलाव देखने को मिल रहा है।

# मिशन कर्मयोगी में बड़े राज्यों में यूपी को दूसरा पुरस्कार

**नई दिल्ली/लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश सरकार ने प्रशासनिक उत्कृष्टता के क्षेत्र में बड़ी उपलब्धि हासिल की है। प्रदेश को सभी केंद्रीय मंत्रालयों, राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के बीच असाधारण प्रदर्शन के लिए पुरस्कार प्राप्त हुआ है। इसके अलावा प्रदेश ने मिशन कर्मयोगी के तहत साधना सप्ताह के दौरान 5 लाख से अधिक कर्मचारियों वाले प्रदेशों में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले राज्यों में दूसरा पुरस्कार हासिल किया है।

नई दिल्ली में एक प्रतिष्ठित समारोह में केंद्रीय राज्य मंत्री (कार्मिक, लोक शिकायत एवं पेंशन) डॉ. जितेंद्र सिंह ने उत्तर प्रदेश के इस शानदार प्रदर्शन के लिए एम. देवराज, प्रमुख सचिव (नियुक्ति एवं कार्मिक) उत्तर प्रदेश को सम्मानित किया। यह उपलब्धि सशक्त, कुशल और भविष्य के लिए तैयार उत्तर प्रदेश के निर्माण में मिशन कर्मयोगी की ठोस भूमिका का प्रमाण

- केंद्रीय मंत्रालयों, राज्यों व यूटी के बीच असाधारण प्रदर्शन किया यूपी ने

है। यह मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के उस विजन को भी दशार्ती है, जिसके तहत राज्य में नागरिक-केंद्रित, भविष्य के लिए तैयार और डिजिटली सशक्त कर्मयोगी कार्यबल तैयार किया गया है। उत्तर प्रदेश को मिली इस सफलता के पैमाने भी ऐतिहासिक हैं। कर्मयोगी प्लेटफॉर्म पर 21.5 लाख से अधिक कर्मचारियों को जोड़ा गया। इसके साथ ही राज्य में रिकॉर्ड 1.25 करोड़ कोर्स पूरे किए गए, जो सभी केंद्रीय मंत्रालयों, राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में सबसे अधिक हैं। कौशल विकास के क्षेत्र में भी योगी सरकार के खाते में जबरदस्त उपलब्धि दर्ज की गई। राज्य ने 10 लाख एआई दक्ष बैज और 16,000 कर्मयोगी उत्कर्ष बैज अर्जित किए, जो यूपी में भविष्य के लिए तैयार कार्यबल को दशार्ते हैं।

# संविधान में निहित कर्तव्यों को अपनाना प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी : ब्रजेश

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** प्रदेश के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि डा. अंबेडकर द्वारा रचित संविधान देश की लोकतांत्रिक व्यवस्था की आधारशिला है। उन्होंने इस बात पर बल दिया कि संविधान में निहित अधिकारों और कर्तव्यों को अपनाना प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है। इसके बिना सामाजिक न्याय और समता की स्थापना संभव नहीं है। उन्होंने संवैधानिक मूल्यों के संरक्षण और समाज के वंचित वर्गों के उत्थान पर जोर दिया।

- संगोष्ठी में सामाजिक व्यक्तियों का सम्मान



श्री पाठक शनिवार को भाजपा लखनऊ महानगर द्वारा लखनऊ कैंट विधानसभा क्षेत्र में संविधान शिल्पी, भारत रत्न डा. भीमराव आंबेडकर जयंती अभियान के अंतर्गत संगोष्ठी को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम की शुरूआत बाबा साहब को पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धापूर्वक नमन कर, उन्हें याद किया। उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, भाजपा लखनऊ महानगर अध्यक्ष आनन्द ने सामाजिक व्यक्तियों में दिनेश वाल्मीकि, रूपा देवी, गणेश कनौजिया, शिव मोहन धानुक को अंग वस्त्र एवं पुष्पमाला पहनाकर सम्मानित किया। महानगर अध्यक्ष आनन्द द्विवेदी ने कहा कि बाबा साहब ने देश को दुनिया का सबसे बेहतरीन संविधान दिया। उन्होंने कहा कि उनके दिखाए मार्ग पर चलकर ही अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक विकास पहुंचाना लक्ष्य है। इस अवसर पर वरिष्ठ भाजपा नेता मान सिंह, हरशरण लाल गुप्ता, पूर्व महापौर संयुक्ता भाटिया, महानगर उपाध्यक्ष योगेंद्र पटेल, विनायक पांडेय, महानगर मंत्री सचिन वैश्य, मंडल अध्यक्ष कैंट एक राजन वर्मा, मंडल अध्यक्ष कैंट दो महेंद्र राजपूत, मंडल अध्यक्ष कैंट तीन मानस बाहरी, सतवीर सिंह सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# तीन दिवसीय रश्मिरथी पर्व 24 से

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** राष्ट्रकवि रामधारी सिंह दिनकर की पुण्यतिथि पर उत्तर प्रदेश सरकार तीन दिवसीय रश्मिरथी पर्व का आयोजन करेगी। 24 अप्रैल को दिनकर जी की पुण्यतिथि से 26 अप्रैल तक इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान लखनऊ में रश्मिरथी पर्व मनाया जाएगा। इसमें तीन नाटकों एवं एक नृत्य नाटिका का मंचन होगा। लोकभवन में शनिवार को कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने प्रेसवार्ता कर जानकारी साझा की।

- तीन नाटकों और एक नृत्य नाटिका का होगा मंचन

राष्ट्रकवि रामधारी सिंह दिनकर की कृति रश्मिरथी के हीरक जयंती वर्ष (75 वर्ष) पर यह कार्यक्रम होगा। कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने प्रेसवार्ता में बताया कि इस दौरान ३रश्मिरथी संवाद३ स्मारिका का लोकार्पण भी होगा। कार्यक्रम में सीएम योगी आदित्यनाथ मुख्य अतिथि, केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान मुख्य वक्ता होंगे। कार्यक्रम के संयोजक कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही हैं और अध्यक्षता राज्यसभा सांसद डॉ. दिनेश शर्मा करेंगे।



### कब और क्या कार्यक्रम होंगे

■ इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में 24 अप्रैल को शाम 6.15 बजे ह्यरश्मिरथी से संवाद स्मारिका का लोकार्पण होगा। शाम 6.20 बजे से राष्ट्रीय परिसंवा/प्रकाश और प्रेरणा का पुंजः रश्मिरथी- कार्यक्रम तय है। वहीं शाम 7.05 बजे रश्मिरथी नाट्य मंचन होगा।

■ 25 अप्रैल को शाम 6.10 बजे से सांस्कृतिक भारत के निर्माण में स्वामी विवेकानंद जी के योगदान पर राष्ट्रीय परिसंवाद होगा। शाम 7.05 बजे से ह्यस्वामी विवेकानंद नाटक का मंचन होगा। इस दिन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य होंगे। साथ ही अन्य गणमान्य नेता और पदाधिकारी शामिल होंगे।

■ 26 अप्रैल शाम 6 बजे राष्ट्र निर्माण में लोकमान्य तिलक एवं पूर्व प्रधानमंत्री और अटल बिहारी वाजपेयी जी का योगदान पर राष्ट्रीय परिसंवाद होगा। शाम 7.05 बजे से भारत रत्न, कवि अटल बिहारी वाजपेयी जी की 10 कविताओं पर आधारित संगीतमय नृत्य नाटिका ह्यअटल स्वरांजलि आयोजित होगी। शाम 8 बजे से लोकमान्य तिलक नाटक का मंचन होगा। कार्यक्रम में यूपी के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे।

# महिला आरक्षण बिल की हार भाजपा की हार : अखिलेश यादव

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि जनता के बढ़ते विरोध और आक्रोश से ध्यान हटाने के लिए साजिशन लाए गए तथाकथित महिला आरक्षण बिल की हार भाजपा की हार है। श्री यादव ने कहा कि भाजपा का हर प्रयास, हर बिल या तो कुछ लोगों को फायदा पहुँचाने के लिए होता है या समाज को बाँटने का छल-छलावा होता है। इस बार भाजपा इस बिल के माध्यम से महिलाओं की एकता में दरार डालकर उनको ठगना चाहती थी लेकिन विपक्ष की एकता ने भाजपाई मंसूबों को धूल चटा दी। भाजपा महिलाओं की हिमायती कहां से हो सकती है जबकि उसकी सोच घोर पुरातन पंथी है। आज इंडिया की एकजुटता ने साबित कर दिया है कि नैतिक रूप से भाजपा ने सरकार में बने रहने का आधार खो दिया है। संसद में जो सरकार हार जाती है, वो बाहर जाती है।

## भाजपा का एक ही काम है भ्रम फैलाना : डिम्पल

लखनऊ। मैनपुरी से सांसद डिम्पल यादव ने बताया कि भाजपा का एक ही काम है भ्रम फैलाना। वास्तविकता है कि सन 2023 में महिला वंदन अधिनियम सन 2023 में ही पास हो गया था। उसका सभी दलों ने समर्थन किया और साथ दिया था लेकिन जो नया महिला आरक्षण बिल संशोधित लाया गया है, उसके पीछे मंशा महिलाओं को आरक्षण देने की नहीं थी। संविधान में प्रक्रिया है कि पहले जनगणना हो जब जनगणना के आंकड़े नहीं हो तो किस आधार पर सीटे बढ़ाएंगे। हम चाहते है कि पहले गिनती हो ताकि सही ढंग से परिसीमन किया जा सके। सरकार को तो बस एक भूमिका बनाना है। डिम्पल यादव का कहना है कि 5 राज्यों में चुनाव होने जा रहे है। उत्तर प्रदेश में अगले वर्ष चुनाव होने है। उनकी नीयत ठीक नहीं। चुनाव के बीच में क्यों जल्दबाजी की। जब परिसीमन सेंसस के बाद होती है तो फिर पहले ही निष्कर्ष कैसे और क्यों निकाल रहे हैं।

# पीएम मोदी 29 को करेंगे गंगा एक्सप्रेसवे का लोकार्पण

## मेरठ से प्रयागराज तक 594 किमी लंबा एक्सप्रेसवे, 12 जिलों को जोड़ेगा

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के बहुप्रतीक्षित गंगा एक्सप्रेसवे का लोकार्पण 29 अप्रैल को जनपद हरदोई में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा किया जाएगा। यह अवसर प्रदेश के इंफ्रास्ट्रक्चर विकास के इतिहास में एक मील का पत्थर साबित होगा, जिसका सीधा लाभ करोड़ों लोगों को मिलने जा रहा है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश में जिस तेजी से इंफ्रास्ट्रक्चर परियोजनाओं को आगे बढ़ाया गया है, गंगा एक्सप्रेसवे उसी का एक सशक्त उदाहरण है। वर्ष 2020 में मंत्रिपरिषद से स्वीकृति मिलने के बाद इस परियोजना को प्राथमिकता के आधार पर आगे बढ़ाया गया और रिकॉर्ड समय में इसे साकार करने की दिशा में कार्य हुआ। यह एक्सप्रेसवे ह्लनए उत्तर प्रदेशह्व के निर्माण का मजबूत आधार बन रहा है।



- देश के एक्सप्रेसवे नेटवर्क में यूपी की हिस्सेदारी 60% तक पहुंचेगी
- हरदोई से होगा ऐतिहासिक लोकार्पण, पश्चिम से जुड़ेगा पूर्वी उत्तर प्रदेश

गंगा एक्सप्रेसवे की कुल लंबाई 594 किलोमीटर है, जो मेरठ के बिजौली गांव से शुरू होकर प्रयागराज के जुडापुर दांदू गांव के पास समाप्त होगा। यह मार्ग पश्चिमी उत्तर प्रदेश को सीधे पूर्वी हिस्से से जोड़ते हुए प्रदेश के आर्थिक और सामाजिक ताने-बाने को मजबूत करेगा और यात्रा को तेज, सुरक्षित व सुगम बनाएगा। इस एक्सप्रेसवे से मेरठ, हापुड़, बुलंदशहर, अमरोहा, सम्भल, बदायूं, शाहजहांपुर, हरदोई, उन्नाव, रायबरेली, प्रतापगढ़ और प्रयागराज जैसे 12 प्रमुख जिलों को सीधा लाभ मिलेगा। इन जिलों के 519 गांव इस परियोजना से जुड़े हैं, जिससे ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में आर्थिक गतिविधियां तेज होंगी। वर्तमान में देश के कुल एक्सप्रेसवे नेटवर्क में उत्तर प्रदेश की हिस्सेदारी लगभग 55 प्रतिशत है। गंगा एक्सप्रेसवे के लोकार्पण के साथ यह हिस्सेदारी बढ़कर करीब 60 प्रतिशत हो जाएगी, जिससे यूपी देश में एक्सप्रेसवे विकास का अग्रणी राज्य बनकर और मजबूत स्थिति में आ जाएगा। बेहतर कनेक्टिविटी के चलते लॉजिस्टिक्स की लागत कम होगी, जिससे उद्योगों और व्यापार को बड़ा लाभ मिलेगा। यह एक्सप्रेसवे नए औद्योगिक कॉरिडोर के रूप में विकसित होकर निवेश आकर्षित करेगा और युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर सृजित करेगा। प्रदेश के किसानों के लिए यह परियोजना वरदान साबित होगी। अब कृषि उत्पाद तेजी से बाजार तक पहुंच सकेंगे, जिससे उनकी गुणवत्ता और कीमत बेहतर होगी। जल्दी खराब होने वाले कृषि उत्पादों की सप्लाई चेन मजबूत होने से किसानों की आय में भी वृद्धि होगी। गंगा एक्सप्रेसवे धार्मिक और सांस्कृतिक पर्यटन को भी बढ़ावा देगा। प्रयागराज सहित विभिन्न धार्मिक स्थलों तक पहुंच आसान होने से पर्यटकों की संख्या में वृद्धि होगी और स्थानीय अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी।

# 53 केंद्रों पर कड़ी निगरानी में सहायक आचार्य पुनर्परीक्षा सम्पन्न

## 19,718 अभ्यर्थी हुए शामिल, एआई कंट्रोल रूम से की गयी लाइव मॉनिटरिंग

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग द्वारा सहायक आचार्य (विज्ञापन संख्या-51) के अंतर्गत 17 विषयों की लिखित पुनर्परीक्षा प्रदेश के 53 परीक्षा केंद्रों पर सफलतापूर्वक सम्पन्न कराई गई। परीक्षा पूरी तरह शांतिपूर्ण, नकलविहीन और निर्धारित समय पर आयोजित की गई। इस पुनर्परीक्षा में कुल 19,718 अभ्यर्थी शामिल हुए। इनमें 41.35% महिला और 58.65% पुरुष अभ्यर्थियों की उपस्थिति दर्ज की गई, जो परीक्षा के प्रति अभ्यर्थियों की गंभीरता और उत्साह को दशार्ता है। यह परीक्षा प्रदेश के 6 प्रमुख जनपदों, आगरा, मेरठ, लखनऊ, प्रयागराज, गोरखपुर और वाराणसी में आयोजित की गई। प्रथम पाली सुबह 09:30 बजे से 11:30 बजे तक तथा द्वितीय पाली दोपहर 02:30 बजे से 04:30 बजे तक



- 6 जनपदों में दो पालियों में शांतिपूर्ण व नकलविहीन परीक्षा

आयोजित हुई, जिसमें अभ्यर्थियों की व्यापक भागीदारी देखने को मिली।

पुनर्परीक्षा में एशियन कल्चर, म्यूजिक तबला, फिजिकल एजुकेशन, उर्दू, इंग्लिश, सोशियोलॉजी, केमिस्ट्री, एजुकेशन, जूलॉजी, बॉटनी, एग्रीकल्चरल इकोनॉमिक्स, हिंदी, लॉ, एनिमल हसबेंड्री एंड डेयरींग, म्यूजिक वोकल, फिलॉसफी और एंथ्रोपोलॉजी सहित कुल 17 विषय शामिल रहे। परीक्षा की पारदर्शिता और शुचिता सुनिश्चित करने के लिए आयोग में स्थापित एआई इंटीग्रेटेड कंट्रोल कमांड रूम से सभी केंद्रों की लाइव निगरानी की गई। आयोग के अध्यक्ष डॉ. प्रशांत कुमार, सचिव, परीक्षा नियंत्रक और उपसचिव की मौजूदगी में एआई कैमरों के जरिए परीक्षार्थियों की गतिविधियों पर लगातार नजर रखी गई। एआई आधारित निगरानी और सख्त प्रशासनिक व्यवस्था के चलते यह परीक्षा पारदर्शिता और निष्पक्षता का उदाहरण बनी है। आयोग द्वारा अपनाई गई तकनीकी व्यवस्था भविष्य की परीक्षाओं के लिए भी एक मॉडल के रूप में देखी जा रही है।

**लखनऊ केंद्र पर आग की घटना, त्वरित कार्रवाई से स्थिति नियंत्रित :** लखनऊ के गोमतीनगर स्थित राजकीय बालिका इंटर कॉलेज में प्रथम पाली से पहले प्राचार्य कक्ष में एसी वायरिंग में आग लगने की सूचना मिली। हालांकि प्रशासन ने तत्परता दिखाते हुए तुरंत आग पर काबू पा लिया और नोडल अधिकारी व आयोग के प्रेक्षक की मौजूदगी में परीक्षा केंद्र को वैकल्पिक व्यवस्था के तहत संचालित कर परीक्षा सकुशल सम्पन्न कराई गई। प्रदेश के सभी परीक्षा केंद्रों पर परीक्षा नकलविहीन, शुचितापूर्ण और सुव्यवस्थित ढंग से सम्पन्न हुई। इसमें संबंधित जिला प्रशासन के अधिकारियों का सक्रिय सहयोग भी देखने को मिला।

# नैमिष नगर में 50 बीघा अवैध प्लाटिंग ध्वस्त



विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। लखनऊ विकास प्राधिकरण ने शनिवार को नैमिष नगर योजना में अभियान चलाया। इस दौरान लगभग 50 बीघा क्षेत्रफल में विकसित की जा रही 07 अवैध प्लाटिंग को ध्वस्त किया गया।

वहीं, काकोरी में 30 बीघा अवैध प्लाटिंग ध्वस्त की गयी और 02 अवैध व्यावसायिक निर्माण सील किये गये।

एलडीए उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार के निर्देश पर यह कार्रवाई प्रवर्तन जोन-3 एवं जोन-4 की टीम ने की। प्रवर्तन जोन-4 के जोनल अधिकारी माधवेश कुमार ने बताया कि सीतापुर रोड पर नैमिष नगर योजना लांच की जानी है। जिसके लिए किसानों से सहमति के आधार पर भूमि खरीदी जा रही है। योजना में निजी विकासकर्ताओं द्वारा अवैध रूप से विकसित की जा रही अवैध प्लाटिंग के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जा रही है। इस क्रम में शनिवार को ग्राम-सैदपुर, कमलापुर, फरूखाबाद, भौली में अभियान चलाया गया।

इस दौरान गंगाराम, राम नरेश, जितेन्द्र वर्मा, वंशराज यादव, मेंहदी हसन, मोहम्मद इमरान बेग, रामेश्वर यादव व अन्य की ओर से लगभग 50 बीघा क्षेत्रफल में विकसित की जा रही 07 अवैध प्लाटिंग को ध्वस्त किया गया।

प्रवर्तन जोन-3 के जोनल अधिकारी अतुल कृष्ण सिंह ने बताया कि काकोरी के ग्राम-शिवरी में अभियान चलाया गया। इस दौरान सोनू सम्राट, गणेश, मुलायम सिंह, राजू, राहुल कुमार व अन्य की ओर से लगभग 30 बीघा क्षेत्रफल में विकसित की जा रही 05 अवैध प्लाटिंग को ध्वस्त किया गया। इसके अलावा काकोरी के ग्राम-बेहटा में बृजेश पाल व लालू यादव की ओर से निर्मित किये जा रहे 02 अवैध व्यावसायिक निर्माण सील किये गये।

## अतिक्रमण के खिलाफ सघन अभियान




लखनऊ। नगर निगम ने शहर में लगातार बढ़ते अवैध अतिक्रमण और यातायात अवरोधों को गंभीरता से लेते हुए शनिवार को एक व्यापक और सघन अभियान चलाया। यह कार्रवाई नगर आयुक्त गौरव कुमार के निर्देश पर की गई, जिसका उद्देश्य प्रमुख सड़कों, सार्वजनिक स्थलों और फुटपाथों को अतिक्रमण मुक्त कर आम नागरिकों को सुगम एवं सुरक्षित यातायात उपलब्ध कराना है।

जोन-3 क्षेत्र में जोनल अधिकारी मनोज यादव के निर्देशन में नगर निगम की 296 टीम की ओर से कपूरथला चौराहे से मिडलैंड अस्पताल की पार्किंग तक विशेष अभियान चलाया गया। इस दौरान अवैध रूप से कब्जा की गई पार्किंग को खाली कराया गया। साथ ही गोल मार्केट से मिडलैंड अस्पताल तक और ध्येय कोचिंग, विद्यांचल मार्ग पर किए गए अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई करते हुए लगभग 20 दुकानों को हटाया गया। इसके अतिरिक्त 2 काउंटर जब्त किए गए तथा करीब 2000 रुपये का जुर्माना भी वसूला गया।

वहीं, जोन-6 में जोनल अधिकारी अमरजीत यादव के नेतृत्व में वार्ड भवानीगंज के मोहल्ला मेंहदीगंज क्षेत्र में अभियान चलाया गया। इंदियावाली मस्जिद से गणेशपुरी कॉलोनी के आसपास तक फैले अवैध अस्थायी अतिक्रमण को हटाते हुए 13 ठेले, 4 काउंटर और 10 अस्थायी दुकानों को हटवाया गया। साथ ही 1 लोहे की सीवी और 2 फ्लेक्स बोर्ड समेत अन्य सामान भी जब्त किया गया।

## मगन मिश्र के भजनों पर झूमे श्रद्धालु

लखनऊ। श्री गोपेश्वर नाथ महादेव मंदिर, गुलजार नगर ऐशबाग, लखनऊ में 13 से 19 अप्रैल तक श्री राधा कृष्ण मंदिर प्राण प्रतिष्ठा एवं आध्यात्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम के तहत 18 अप्रैल को अंतरराष्ट्रीय वरिष्ठ गायक मगन मिश्र ने भक्ति संगीत की प्रस्तुति दी। उन्होंने गणेश वंदना और राम-कृष्ण भजनों से श्रोताओं को भाव-विभोर कर दिया। भजनों पर श्रद्धालु झूम उठे और पूरा परिसर भक्तिमय हो गया। सप्ताह भर चलने वाले इस आध्यात्मिक आयोजन में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हो रहे हैं।

## प्रीपेड मीटर के विरोध में व्यापार मंडल की चेतावनी

लखनऊ। प्रीपेड बिजली मीटर व्यवस्था को लेकर सामाजिक उद्योग व्यापार मंडल ने विरोध जताते हुए सरकार से इसे तत्काल हटाने की मांग की है। संगठन के प्रदेश अध्यक्ष रामबाबू रस्तोगी ने मीडिया को भेजे पत्र में कहा कि प्रीपेड मीटर प्रणाली में व्यापक धांधली हो रही है, जिससे उपभोक्ताओं को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि नई कार्य प्रणाली लागू होने के बाद बिजली विभाग के अधिकारी उपभोक्ताओं की समस्याओं का समाधान करने के बजाय उन्हें दौड़ाने का काम कर रहे हैं। अधिकारियों द्वारा फोन न उठाने और शिकायतों के निस्तारण में देरी से आम जनता की दिक्कतें बढ़ रही हैं। व्यापार मंडल ने ऊर्जा मंत्री से मांग की है कि प्रीपेड मीटर प्रणाली को समाप्त कर पोस्टपेड मीटर व्यवस्था बहाल की जाए। साथ ही मध्यम और निम्न वर्ग के उद्योगपतियों के लिए व्यावसायिक ओटीएस योजना लागू करने की भी मांग की गई है। संगठन ने चेतावनी दी है कि मांगें पूरी न होने पर व्यापार मंडल सड़कों पर उतरकर बड़े स्तर पर आंदोलन करेगा।

## स्थानीय निकाय महासंघ ने आंदोलन की दी चेतावनी

लखनऊ। प्रदेश के स्थानीय निकाय कर्मचारियों की लंबित समस्याओं के समाधान में देरी को लेकर उ.प्र. स्थानीय निकाय कर्मचारी महासंघ ने आंदोलन और न्यायालय जाने की अंतिम चेतावनी दी है। महासंघ का कहना है कि करीब नौ वर्षों से लंबित मुद्दों के समाधान के लिए नगर विकास विभाग और निदेशालय को कई बार पत्राचार, बैठकें और धरना-प्रदर्शन किए गए, लेकिन अब तक कोई ठोस निर्णय नहीं लिया गया। महासंघ ने 6 अप्रैल को प्रदेश सरकार और संबंधित विभागों को अंतिम नोटिस भेजकर समय रहते कर्मचारियों के हित में निर्णय लेने की अपील की है। चेतावनी दी गई है कि यदि इस माह तक सकारात्मक समाधान नहीं हुआ तो महासंघ आंदोलन के साथ न्यायालय का रुख करने को बाध्य होगा। महासंघ ने बताया कि प्रदेश के विभिन्न विभागों निगम, परिवहन, शिक्षा, स्वास्थ्य और सफाई से जुड़े करीब 30 छोटे-बड़े कर्मचारी संगठनों के साथ सामूहिक एकता बनाने को लेकर बैठकें की जा रही हैं। कर्मचारियों के मौलिक अधिकारों और लंबित मांगों को लेकर संयुक्त मंच बनाकर बड़े आंदोलन की रणनीति तैयार की जा रही है। महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष शशिकुमार मिश्र ने कहा कि कर्मचारियों की समस्याओं के समाधान के लिए सरकार को जल्द निर्णय लेना चाहिए, अन्यथा व्यापक स्तर पर आंदोलन किया जाएगा।

## आधी आबादी की सहभागिता से होगा भारत का सपना साकार: प्रो. भारती

लखनऊ। आधी आबादी की आर्थिक भागीदारी से ही भारतीय अर्थव्यवस्था रफ्तार पकड़ेगी और विकसित भारत का सपना साकार हो सकेगा। यह बात जय नारायण मिश्रा पीजी कॉलेज के महिला प्रकोष्ठ द्वारा नारी शक्ति वन्दन अधिनियम पर आयोजित व्याख्यान में बतौर मुख्य वक्ता प्रो. भारती पाण्डेय ने कही। उन्होंने कहा कि इस अधिनियम से महिलाओं की निर्णय लेने की प्रक्रिया में भागीदारी सुनिश्चित होगी और समाज में समानता को बढ़ावा मिलेगा। सह वक्ता प्रो. अलका शर्मा ने इस बात पर जोर दिया कि महिलाओं के उत्थान में पुरुषों का योगदान भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। कार्यक्रम में प्रो. शमामा मिर्जा, प्रो. बन्दना सिंह, डॉ. ममता दीक्षित, डा. नीता चक्रवर्ती, डा. अनुरंजिता और डॉ. शुचि गुप्ता के साथ बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया।

## नारी शक्ति वंदन अधिनियम पर पदयात्रा

लखनऊ। डा. शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) की ओर से नारी शक्ति वंदन अधिनियम पर तीन दिवसीय कार्यक्रम के समापन दिवस पर वक्ताओं ने कहा कि यह अधिनियम महिलाओं को निर्णय-निर्माण प्रक्रिया में भागीदारी का अवसर प्रदान कर विकसित भारत के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। दृष्टिबाधितार्थ विभाग की विभागाध्यक्ष डा. आद्या शक्ति राय ने कहा कि यह अधिनियम महिलाओं को राजनीतिक एवं सामाजिक क्षेत्र में सशक्त बनाने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम है। डा. विजय शंकर शर्मा ने कहा कि जब महिलाएं निर्णय लेने की प्रक्रिया में भागीदार बनेंगी, तब समाज में संतुलित एवं समावेशी विकास संभव होगा। तीसरे दिन दिवस एनएसएस और एनसीसी के बालकों, बालिकाओं एवं विश्वविद्यालय के शिक्षकों की ओर से नारी शक्ति वन्दन पदयात्रा का आयोजन किया गया। पदयात्रा के माध्यम से लोगों को महिला सशक्तिकरण, समान अधिकार एवं सामाजिक जागरूकता के संदेश दिए गए।

## अनियमित जीवनशैली ने मानसिक स्वास्थ्य बिगाड़ा: डा. धवल

लखनऊ। तनाव और अनियमित जीवनशैली मानसिक स्वास्थ्य को बिगाड़ा है। कम नींद, काम व मानसिक दबाव दिमाग की कार्यप्रणाली को प्रभावित कर रहे हैं। इससे चिंता, अवसाद, चिड़चिड़ापन और एकाग्रता में कमी जैसी समस्याएं बढ़ रही हैं। लंबे समय तक बना रहने वाला तनाव न्यूरोलॉजिकल असंतुलन का कारण बन सकता है। यह जानकारी न्यूरोलॉजिस्ट डा. धवल नारंग ने शनिवार को रिवर बैंक कालोनी स्थित इंस्टीट्यूशन ऑफ इंजीनियर्स (इंडिया) भवन प्रेक्षागृह में कार्यशाला हुई। उन्होंने कहा कि संतुलित आहार, नियमित व्यायाम, पर्याप्त विश्राम और तनाव प्रबंधन तकनीकों का उपयोग मानसिक स्वास्थ्य को स्थिर रखने के लिए आवश्यक माना जाता है। डा. नारंग ने कहा कि मौजूदा समय में तनाव को नजरअंदाज करना खतरनाक हो सकता है, क्योंकि यह धीरे-धीरे गंभीर मानसिक विकारों का रूप ले सकता है। इसलिए समय रहते जागरूकता और सही जीवनशैली अपनाना बेहद जरूरी है। कार्यक्रम की अध्यक्षता इंजीनियर वीपी सिंह, महेश गुप्ता, एनके निषाद समेत बड़ी संख्या में इंजीनियर मौजूद रहे।

# स्वतंत्रता संग्राम में रेजीडेंसी की महत्वपूर्ण भूमिका की जानकारी दी



विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। विश्व धरोहर दिवस के अवसर पर इंटैक लखनऊ चैप्टर एवं भारतीय सर्वेक्षण विभाग, लखनऊ सर्किल के संयुक्त तत्वावधान में लखनऊ रेजिडेंसी परिसर में एक विस्तृत विरासत पदयात्रा (हेरिटेज वॉक) का आयोजन किया गया।

इस दौरान एके श्रीवास्तव एवं प्रदीप पांडेय ने विद्यार्थियों को 1857 के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम में रेजीडेंसी की महत्वपूर्ण भूमिका, ब्रिटिशकालीन स्थापत्य विशेषताओं तथा पुरातात्विक धरोहरों के संरक्षण के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी। खुन खुन जी गर्ल्स डिग्री कॉलेज एवं बी के टी इण्टर कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। विरासत पदयात्रा के उपरांत विद्यार्थियों ने जनरल कोठी का भी अवलोकन किया, जहाँ उन्हें उस कालखंड की प्रशासनिक व्यवस्था एवं जीवन शैली से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त हुई। इसी क्रम में एक प्रदर्शनी का आयोजन किया गया, जिसमें ऐतिहासिक चित्रों, अभिलेखों एवं संरक्षण संबंधी सामग्री को प्रदर्शित किया गया।

इस प्रदर्शनी का उद्घाटन श्री एन के एस चौहान (सह-संयोजक, इंटैक उत्तर प्रदेश एवं उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री के विशेष कार्याधिकारी) द्वारा किया गया। एएसआई, लखनऊ सर्किल के अधीक्षण पुरातत्वविद् आफताब हुसैन, उप अधीक्षण पुरातत्वविद् प्रतीक पांडेय, वरिष्ठ विशेषज्ञ एके श्रीवास्तव, डा. नीतू अग्रवाल (संयोजक, इंटैक लखनऊ चैप्टर), खुन खुन जी गर्ल्स डिग्री कॉलेज से डा. पारुल सिंह तथा डा. विजेता दीक्षित सहित अनेक व्यक्तियों की उपस्थिति रही।

# ओटीएस ऑनलाइन व्यवस्था शुरू आवास योजनाओं में तेजी लाने के निर्देश

विशेष संवाददाता (vol)



लखनऊ। प्रमुख सचिव, आवास एवं शहरी नियोजन विभाग की अध्यक्षता में शनिवार को उत्तर प्रदेश आवास एवं विकास परिषद के सभागार में विभागीय योजनाओं और परियोजनाओं की प्रगति की मासिक समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न अभिकरणों के कार्यों, लंबित प्रकरणों, राजस्व सृजन, निर्माण कार्यों की गुणवत्ता और पारदर्शी कार्यप्रणाली पर विस्तृत चर्चा की गई।

बैठक में मुख्यमंत्री शहरी विस्तारीकरण एवं नए शहर प्रोत्साहन योजना की प्रगति की समीक्षा करते हुए कार्यों में तेजी लाने और समयसीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। वित्तीय वर्ष 2025-26 में प्राप्त मानचित्रों के लंबित मामलों के शीघ्र निस्तारण पर भी विशेष जोर दिया गया।

एकमुश्त समाधान योजना (ओटीएस)-2026 के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर समीक्षा करते हुए इसके अंतर्गत विकसित ऑनलाइन सॉफ्टवेयर प्रणाली का शुभारंभ किया गया। अब आवंटी ४स्त्रङ्क३२.ल्ल पोर्टल के माध्यम से आवेदन कर सकेंगे, जिससे प्रक्रिया सरल और पारदर्शी बनेगी।

बैठक में भू-उपयोग परिवर्तन, नई कास्टिंग गाइडलाइन्स, फास्ट पास प्रणाली के लंबित मामलों और ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी-05 के अंतर्गत परियोजनाओं की प्रगति की भी समीक्षा की गई। भूमि अधिग्रहण मामलों में समयबद्ध कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के अंतर्गत किफायती आवास परियोजनाओं को प्राथमिकता से पूरा करने पर जोर दिया गया। साथ ही जनहित गारंटी पोर्टल, आईजीआरएस,

अवैध निर्माण के विरुद्ध प्रवर्तन, लैंड बैंक और अनिस्तारित संपत्तियों के निस्तारण की भी समीक्षा की गई। बैठक में सिटी गैस वितरण (पीएनजी) नेटवर्क के विस्तार के लिए विकास योजनाओं में प्रावधान सुनिश्चित करने पर भी चर्चा हुई। अधिकारियों को निर्देश दिया गया कि सभी योजनाओं का क्रियान्वयन पारदर्शिता और जनहित को प्राथमिकता देते हुए किया जाए, ताकि नागरिकों को बेहतर सेवाएं मिल सकें।

## गायन प्रतियोगिता में आंचल वर्मा को मिला प्रथम स्थान



लखनऊ। जनभवन, उत्तर प्रदेश के निदेशों के अनुपालन में भातखण्डे संस्कृति विश्वविद्यालय, लखनऊ द्वारा महिला सशक्तिकरण, सामाजिक जागरूकता एवं राष्ट्रप्रेम की भावना को प्रोत्साहित करने हेतु शनिवार को भाषण एवं कहानी लेखन प्रतियोगिताओं का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के अंतर्गत दोपहर 12:00 बजे भाषण प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें कुल 07 प्रतिभागियों ने सहभागिता की। प्रतिभागियों द्वारा महिला सशक्तिकरण, विकसित भारत की परिकल्पना एवं मेरे प्रिय कलाकार विषयों पर प्रभावशाली वक्तव्य प्रस्तुत किए गए।

प्रतियोगिता में आँचल वर्मा सेमेस्टर-4, गायन) ने प्रथम स्थान, तृषा मिश्रा सेमेस्टर-2, कथक ने द्वितीय स्थान तथा नैतिक सिंह राजपूत ( सेमेस्टर-4, गायन) ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रतिभागियों ने अपनी सशक्त अभिव्यक्ति के माध्यम से सांस्कृतिक मूल्यों, सामाजिक जागरूकता एवं पर्यावरण संरक्षण का प्रभावी संदेश दिया। इसके उपरांत हमारा लखनऊ एवं आनंद मठ विषयों पर कहानी लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें कुल 16 प्रतिभागियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में सुषमा नेगी ( सेमेस्टर-4, गायन) ने प्रथम स्थान, पार्थ मिश्र ( सेमेस्टर-2, गायन) ने द्वितीय स्थान तथा प्रिया रावत (इढअ सेमेस्टर-4, कथक) ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

## 10 सरकारी कॉलेजों में जीएनएम की 513 सीटें प्रवेश प्रक्रिया जल्द

लखनऊ। यूपी के राजकीय और निजी जीएनएम कॉलेजों में दाखिले को लेकर शनिवार को अहम फैसला लिया गया। सरकारी कॉलेजों में जीएनएम पाठ्यक्रम की प्रवेश परीक्षा अटल बिहारी वाजपेई मेडिकल यूनिवर्सिटी कराएगी। साथ ही ऐसे कॉलेज जो किसी अन्य मेडिकल यूनिवर्सिटी से संबद्ध नहीं है, उनकी प्रवेश परीक्षा भी अटल कराएगा, जबकि निजी यूनिवर्सिटी से संबद्ध जीएनएम कॉलेजों में दाखिले की जिम्मेदारी उसी विवि की होगी। प्रदेश के 10 सरकारी कॉलेजों में जीएनएम की 513 सीटें हैं, जबकि 433 प्राइवेट कॉलेज में जीएनएम की 20245 सीटें हैं। शनिवार को अटल बिहारी वाजपेई मेडिकल यूनिवर्सिटी की प्रवेश समिति की बैठक हुई। जिसमें अटल मेडिकल यूनिवर्सिटी के कुलपति डॉ. अमित देवगन, डीन डॉ. अशोक विश्नोई, परीक्षा नियंत्रक डॉ. देवाशीष शुक्ला और स्टेट मेडिकल फैकल्टी के सचिव डॉ. अनुराग श्रीवास्तव शामिल हुए। परीक्षा नियंत्रक डॉ. देवाशीष शुक्ला ने बताया कि शैक्षिक सत्र 2025-26 में अटल बिहारी वाजपेई मेडिकल यूनिवर्सिटी की तरफ से सरकारी व निजी जीएनएम कॉलेजों में दाखिले के लिए संयुक्त प्रवेश परीक्षा कराई गई थी।

# प्रबंधन की गलती से गर्मी में बिजली व्यवस्था चौपट हुई

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



लखनऊ। संघर्ष समिति के आह्वान पर निजीकरण तथा उत्पीड़नात्मक कार्यवाहियों के विरोध में चल रहे आंदोलन के क्रम में आज बागपत और गाजियाबाद में विरोध सभाएं आयोजित की गईं, जिनमें केंद्रीय पदाधिकारियों जितेन्द्र सिंह गुर्जर, मोहम्मद वसीम और निखिल कुमार ने मुख्यतया भाग लिया। संघर्ष समिति ने बताया कि बड़े पैमाने पर संविदा कर्मियों की छंटनी, नियमित कर्मचारियों के अनियोजित स्थानांतरण तथा स्वीकृत पदों में कटौती के कारण बिजली व्यवस्था पर गंभीर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है। वर्टिकल रिस्ट्रक्चरिंग के बाद कार्यों के आवंटन में मनमानी बदलाव किए जाने से स्थिति और बिगड़ी है, जिससे उपभोक्ता इधर-उधर भटकने को मजबूर हैं और व्यवस्था प्रभावी ढंग से संचालित नहीं हो पा रही है। संघर्ष समिति ने कहा कि अनुभवी कर्मचारियों को हटाकर आउटसोर्सिंग कंपनियों के माध्यम से गैर-अनुभवी कर्मियों से काम लिया जा रहा है, जिसका सीधा असर उपभोक्ताओं पर पड़ रहा है। बढ़ती मांग के इस दौर में ट्रांसफॉर्मर, सब-स्टेशन और स्विचगियर पर बढ़ते लोड को संभालने में ऐसे कर्मियों को कठिनाई हो रही है। इसके अतिरिक्त प्रीपेड स्मार्ट मीटर व्यवस्था भी अव्यवस्थित हो गई है—कई उपभोक्ताओं के बिल नकारात्मक (नेगेटिव) आ रहे हैं, तो कई मामलों में भुगतान के बावजूद कनेक्शन बहाल नहीं हो रहा है। संघर्ष समिति ने स्पष्ट किया कि आंदोलन के बावजूद बिजली कर्मी उपभोक्ताओं और किसानों की समस्याओं के समाधान को सर्वोच्च प्राथमिकता देते रहेंगे, किंतु प्रबंधन द्वारा उत्पन्न अव्यवस्था का खामियाजा आम जनता को उठाना पड़ रहा है।

## 54 लाख से अधिक बिजली शिकायतों का हुआ समाधान: गोयल

लखनऊ। मध्यांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड (एमवीवीएनएल) में स्मार्ट मीटर से जुड़ी 59,488 शिकायतें आई थी। जिसमें से 58,954 शिकायतों का निस्तारण कर दिया गया है। जबकि दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड (डीवीवीएनएल) डिस्कॉम में कुल 56,463 शिकायतें आई थी। जिसमें से 54,832 शिकायतों का निस्तारण कर दिया गया है। वहीं डिस्ट्रीब्यूशन ट्रांसफार्मर से जुड़ी कुल 3,00,718 शिकायतें दर्ज की गई थी। जिसमें से 3,00,492 शिकायतों का समाधान कर दिया गया है। ऐसे ही भुगतान से जुड़ी कुल 1,94,926 शिकायतें आई थीं, जिसमें से 1,78,637 शिकायतों का समाधान करके बंद कर दिया गया है। नए कनेक्शन से जुड़ी कुल 52,029 शिकायतें आईं थीं। इसमें से 49,591 शिकायतों का निस्तारण कर दिया गया है। इसी तरह विद्युत आपूर्ति से जुड़ी 54,88,834 शिकायतें आईं थीं, जिसमें से 54,82,015 शिकायतों का समाधान कर लिया गया है। वहीं उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन (यूपीपीसीएल) हेल्पलाइन 1912 ने वित्तीय वर्ष 2025-26 में 98.88 प्रतिशत शिकायतों का समाधान किया है। इसके साथ ही यूपीपीसीएल के अध्यक्ष डॉ. आशीष गोयल ने जिम्मेदार अधिकारियों को निर्देश दिया है। दरअसल उपभोक्ताओं की समस्याओं के तुरंत निस्तारण के लिए उत्तर प्रदेश पावर कार्पोरेशन प्रबंधन लगातार संवेदनशील है। अपर मुख्य सचिव ऊर्जा एवं पावर कारपोरेशन अध्यक्ष डॉ. आशीष गोयल ने बीते दिनो समीक्षा बैठक में इस बात पर जोर दिया कि 1912 की निरंतर समीक्षा हर अधिकारी अपने स्तर पर सुनिश्चित करें।

**समस्याओं के निस्तारण के लिए 1912 पर सूचना दें उपभोक्ता :** इसी तरह स्मार्ट मीटर के संदर्भ में 1912 पर विशेष व्यवस्था बनाई गई है। अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि प्रतिदिन वह मानीटिंग करें और स्मार्ट मीटर के संदर्भ में आने वाली शिकायतों का तत्काल निस्तारण करें। इस संबंध में डॉ. गोयल ने सख्त हिदायत देते हुए कहा कि इसमें किसी भी तरह की लापरवाही की शिकायत मिली तो सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। साथ ही डॉ. गोयल ने उपभोक्ताओं से भी अपील की है कि अपनी समस्याओं के बारे में 1912 पर सूचना दें।

# लिवर में सुधार के लिए संतुलित पोषण और जीवनशैली में बदलाव जरूरी: प्रो.अमित

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। विश्व लिवर दिवस पर शनिवार को संजय गांधी स्नातकोत्तर आयुर्विज्ञान संस्थान (एसजीपीजीआईएमएस) के हेपेटोलॉजी विभाग की ओर से फैटी लिवर और मोटापाः सच्ची कहानियां, सच्चे समाधान पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। पुस्तकालय परिसर स्थित डीके छाबड़ा सभागार में हुए कार्यक्रम में रोगियों, देखभालकताओं और स्वास्थ्यकर्मियों ने भाग लिया।

हेपेटोलॉजी विभाग के प्रमुख प्रोफेसर अमित गोयल ने फैटी लिवर रोग की बढ़ती व्यापकता और अस्वस्थ जीवनशैली की आदतों और मोटापे के साथ इसके मजबूत संबंध पर चर्चा की। सत्र के दौरान, आहार विशेषज्ञों ने फैटी लिवर के रोगियों के लिए अनुशंसित आहार योजना और स्वस्थ भोजन विकल्पों की व्याख्या की, जिसमें लिवर के स्वास्थ्य में सुधार के लिए संतुलित पोषण और जीवनशैली में बदलाव के महत्व पर प्रकाश डाला गया। जन जागरूकता अभियान के एक भाग के रूप में केंद्रीय विद्यालय, एसजीपीजीआईएमएस में लिवर स्वास्थ्य और स्वस्थ जीवनशैली की आदतें विषय पर केंद्रित एक पोस्टर बनाने की प्रतियोगिता भी आयोजित की गई।



## गंभीर रूप से बीमार रोगी को पोषण पर कार्यशाला

लखनऊ। एसजीपीजीआईएमएस के क्रिटिकल केयर मेडिसिन विभाग की ओर से शनिवार को एचजी खुराना सभागार में गंभीर रूप से बीमार रोगी को पोषण विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य अस्पताल में भर्ती मरीजों में कुपोषण की समस्या को उजागर करना था, जो मृत्यु और रुग्णता का एक प्रमुख कारण है। संपूर्ण प्रदेश से लगभग 100 से अधिक प्रतिनिधियों ने इस कार्यशाला में भाग लिया। एसजीपीजीआई, केजीएमयू, आरएमएलआईएमएस और एरा विश्वविद्यालय के विशेषज्ञों ने अस्पताल में भर्ती मरीजों के प्रारंभिक पोषण, प्रतिरक्षा पोषण की भूमिका, एक्यूट लिवर फेल्यर और ऑन्कोलॉजी रोगियों के लिए पोषण और पोषण के तरीकों पर चर्चा की। सीएमई का सफल आयोजन प्रोफेसर बनानी पोद्दार, आयोजन अध्यक्ष और प्रोफेसर अफजल अजीम, आयोजन सचिव के मार्गदर्शन में किया गया।

# भावी पीढ़ी रखती है विश्व की समस्याओं का समाधान करने की क्षमता: रानू चौधरी

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



- सीएमएस में मॉडल यूनाइटेड नेशन्स कॉन्फ्रेन्स का समापन
- कॉन्फ्रेंन्स में विभिन्न विद्यालयों से 250 से अधिक प्रतिभागियों ने लिया भाग

लखनऊ। सिटी मोन्टेसरी स्कूल, राजाजीपुरम प्रथम कैम्पस की ओर से विद्यालय परिसर में आयोजित तीन-दिवसीय मॉडल यूनाइटेड नेशन्स कॉन्फ्रेन्स में शनिवार को पुरस्कार वितरण के साथ संपन्न हो गया। कॉन्फ्रेंन्स का उदघाटन मुख्य अतिथि रानू चौधरी, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, सीबीआई ने दीप प्रज्वलित कर किया और अपने समबोधन में श्री चौधरी ने कहा कि यह अत्यन्त ही अभिनव कार्यक्रम है जो बच्चों के विश्वव्यापी दृष्टीकोण में बहुत कारगर साबित हुआ है। एमयूएन-2026 में लखनऊ के विभिन्न विद्यालयों से 250 से अधिक प्रतिभागी छात्रों ने सारगर्भित, ओजपूर्ण एवं प्रभावशाली उद्बोधन की छाप छोड़ते हुए विश्व की ज्वलंत समस्याओं पर सारगर्भित चर्चा-परिचर्चा की एवं साबित कर दिया कि भावी पीढ़ी बदलते विश्व परिदृश्य पर गंभीर विचार रखती है और उनमें सकारात्मक चिंतन के साथ विश्व की समस्याओं का समाधान करने की क्षमता मौजूद है।

विभिन्न विद्यालयों के छात्र संयुक्त राष्ट्र संघ की तर्ज पर विभिन्न कमेटियों का प्रतिनिधित्व करते हुए अलग-अलग एजेन्डे पर अपने विचार व्यक्त किए। इन कमेटियों में संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद, संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद पक्षकारों का सम्मेलन और छोटे द्वीपीय राष्ट्र, लोक सभा, नागरिक उड्डयन महानिदेशालय, द सेलेस्टियल काउंसिल, हिस्टोरिकल ज्वाइंट क्राइसिस कमेटी, अंतर्राष्ट्रीय प्रेस और वैश्विक मीडिया शिखर सम्मेलन प्रमुख थीं। विभिन्न देशों का प्रतिनिधित्व करते हुए छात्रों की सारगर्भित परिचर्चा इस बात का स्पष्ट प्रमाण थी कि छात्र काफी शोध व गहन अध्ययन करके अपने विचारों को प्रस्तुत कर रहे थे। सायंकालीन सत्र में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले छात्रों को पुरष्कृत कर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम संयोजिका एवं सीएमएस राजाजीपुरम प्रथम कैम्पस की वरिष्ठ प्रधानाचार्या निशा पाण्डेय ने कहा कि यह सम्मेलन इस बात का स्पष्ट प्रमाण है कि नई पीढ़ी में कुछ नया करने व दुनिया में सकारात्मक बदलाव लाने की तीव्र इच्छाशक्ति है। निश्चित ही वर्तमान पीढ़ी अपने समय की समस्याओं के प्रति जागरूक है और उनका रचनात्मक समाधान प्रस्तुत करने को उत्सुक है।

महत्वपूर्ण नंबर
वूमेन पावर लाइन 1090
पुलिस 100
2629999
पुलिस स्टेशन गंज 2622556

फायर स्टेशन
हजरतगंज- कंट्रोल रूम 9454418642
गोमती नगर- 9454418657

एम्बुलेंस
मेडिकल सेवा- 102, 108

मेट्रो

# बहन की शादी का कार्ड बांटने जा रहे युवक की सड़क हादसे में मौत

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** मलिहाबाद में बहन की शादी का निमंत्रण पत्र बांटने जा रहे बाइक सवार तीन भाइयों को बेकाबू ट्रैक्टर ने टक्कर मार दी। हादसे में बाइक चला रहे युवक की मौके पर मौत हो गई। जबकि बाइक में पीछे बैठे दोनों भाई गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद चालक ट्रैक्टर लेकर मौके से भाग निकला। डॉयल-112 पर सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को अस्पताल पहुंचाया।

शाहपुर गोडवा निवासी किसान शंकर रावत का बेटा परम्श्वर (26) शुक्रवार रात बाइक से अपने चचेरे भाई रजनीश और छोटे भाई राम के साथ हसनापुर गांव में एक रिश्तेदार के तिलक में शामिल होने और बहन की शादी के कार्ड बांटने जा रहा था। रास्ते में मलिहाबाद थानाक्षेत्र के वाजिदनगर-हसनापुर संपर्क मार्ग पर बेकाबू ट्रैक्टर ने सामने से बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि बाइक सवार तीनों उछलकर सड़क पर जा गिरे। सिर पर चोट लगने से परमेश्वर की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि अन्य दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद चालक ट्रैक्टर लेकर भाग निकला।

घटना देखकर राहगीर मदद के लिए दौड़े। सूचना पर मलिहाबाद पुलिस मौके पर पहुंची। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि बाइक चला रहा युवक हेल्मेट नहीं पहने था। पुलिस ने दोनों घायलों को निजी अस्पताल में भर्ती कराया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। इंस्पेक्टर सुरेंद्र सिंह ने बताया कि परिजन की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर ट्रैक्टर चालक की तलाश की जा रही है। पुलिस घटनास्थल पर लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज खंगाल है।

**शादी की खुशियां मातम में बदली :** परमेश्वर अपने भाइयों के साथ अपनी बहन रेशमा की शादी के कार्ड बांटने के लिए बाइक से निकला था। रेशमा का तिलक 24 अप्रैल और शादी 29 अप्रैल को है। हादसे के समय परमेश्वर जिस बाइक से था, वह भी रेशमा के तिलक के लिए ही खरीदी गई थी। घर में शादी की तैयारियां चल रही थी। तभी परमेश्वर की मौत की खबर घर आ गई।

## सड़क हादसे में बाइक सवार की मौत

**लखनऊ।** नगराम के भोरा पुल के पास शनिवार शाम इंदिरा नहर की बाईं पटरी पर तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने एक बाइक सवार को टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसा दोपहर बाद करीब तीन बजे उस समय हुआ, जब नगराम के बहरौली का मजरा अमेठियन पुरवा निवासी 40 वर्षीय बिजेंद्र सिंह बाइक से घर लौट रहे थे। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, टक्कर इतनी जोरदार थी कि बिजेंद्र सिंह सड़क पर गिरकर लहूलुहान हो गए, जबकि वाहन चालक मौके से फरार हो गया। घटना के बाद आसपास मौजूद ग्रामीणों और राहगीरों ने मानवता का परिचय देते हुए तुरंत एंबुलेंस बुलाकर घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, गोसाईं गंज पहुंचाया जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद हालत नाजुक देखते हुए उन्हें पीजीआई के ट्रॉमा सेंटर टू रेफर कर दिया। घायल के बेटे गोलू ने बताया कि हादसे में उनके पिता के सिर में गंभीर चोट आई है और उनकी स्थिति चिंताजनक बनी हुई है। थानाध्यक्ष नगराम विवेक चौधरी ने बताया कि इस मामले में कोई तहरीर प्राप्त नहीं हुई है।




## तेज रफ्तार डाला की टक्कर से युवक मरा

**लखनऊ।** पारा थाना क्षेत्र में बुधवार को एक दर्दनाक सड़क हादसे में युवक की मौत हो गई। तेज रफ्तार और अनियंत्रित डाला (मालवाहक वाहन) की टक्कर से युवक गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, ग्राम डिप्टी खेड़ा निवासी दीपक (पुत्र स्वर्गीय राम लखन) 15 अप्रैल 2026 को दोपहर करीब 2:00 से 2:30 बजे के बीच अपने साथी राजेंद्र के साथ मोटरसाइकिल से हँसखेड़ा से घर लौट रहा था। रास्ते में रिवान लॉन के पास स्थित मंदिर के सामने अचानक एक तेज रफ्तार डाला ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी।

टक्कर इतनी भीषण थी कि दीपक गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद स्थानीय लोगों की मदद से घायल को तत्काल अस्पताल पहुंचाया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। युवक की मौत से परिवार में शोक की लहर दौड़ गई है। मृतक की मां राम कुमारी ने पारा थाने में तहरीर दी इस संबंध में थाना प्रभारी सुरेश सिंह ने बताया कि पीड़िता की तहरीर के आधार पर संबंधित धाराओं में एफआईआर दर्ज कर डाला चालक की तलाश शुरू कर दी है। जल्द ही आरोपी चालक को गिरफ्तार कर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

## कार की टक्कर से बाइक सवार बीडीसी की गयी जान

**लखनऊ।** काकोरी के थाना क्षेत्र स्थित बेहटा चौराहे पर शनिवार सुबह बेकाबू कार ने सामने से बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार बीडीसी की मौत हो गयी, जबकि साथी घायल हो गया। हादसे के बाद भाग रहे कार चालक को ग्रामीणों ने घेरकर पकड़ा और जमकर धुनाई की। पुलिस ने आरोपी चालक को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने दोनों घायलों को अस्पताल पहुंचाया, जहां बीडीसी को मृत घोषित कर दिया गया। पुलिस ने मृतक के भाई की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर ली है। खुर्रमपुर बेहटा गांव निवासी ग्राम पंचायत सदस्य आशीष यादव (39) निजी स्कूल के वैन चालक थे। भाई सतीश ने बताया कि शनिवार सुबह आशीष अपने दोस्त मनीष रावत के साथ बाइक से कैसरबाग स्थित कोर्ट जा रहे थे। बाइक मनीष चला रहा था और आशीष पीछे बैठे था। रास्ते में बेहटा चौराहे पर विपरीत दिशा से कार ने सामने से बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि मनीष और आशीष उछलकर सड़क पर गिरे। हादसे में दोनों बुरी तरह घायल हो गए।

घटना देख राहगीर व ग्रामीण मदद के लिए दौड़े। ग्रामीणों ने हादसे की सूचना डॉयल-112 पर दी। घटना के बाद भाग रहे कार सवार को भीड़ ने पकड़ लिया। उसे जमकर पीटा। हादसे की सूचना पर पहुंची पुलिस ने कार सवार को हिरासत में लिया। घायलों को गंभीर हालत में सरोजनीनगर सीएचसी भेजा। वहां डॉक्टर ने आशीष को मृत घोषित कर दिया। डॉक्टरों ने मनीष की हालत गंभीर देखते हुए रेफर कर दिया। पुलिस ने हादसे की सूचना परिजन को दी। आशीष की मौत की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बताया जा रहा है कि हादसे के दौरान कार चालक नशे में था। पुलिस को कार में शराब की बोतल मिली है। इंस्पेक्टर सतीश चंद्र राठौर ने बताया कि भाई सतीश ने बंथरा थाना के मवई पड़ियाना निवासी कार चालक बृजेश पटेल के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करायी है। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर कार कब्जे में ले ली है।

**मिलनसार स्वभाव का था आशीष :** हादसे के बाद से परिवार का बुरा हाल है। परिवार में पत्नी पूनम, दो बेटियां पीहू, रूही और एक बेटा रौनक हैं। ग्रामीणों ने बताया कि आशीष का स्वभाव बेहद मिलनसार था। वर्तमान में वह सरोजनीनगर ब्लॉक में बीडीसी पद पर भी थे, जिसके चलते क्षेत्र में उनकी अच्छी पहचान और छवि थी।

## फांसी लगाकर महिला ने दी जान, मामला संदिग्ध

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** माल थाना क्षेत्र के एक गांव में पत्नी की पति से मामूली कहा सुनी के बाद उसने फांसी लगाकर जीवनलीला समाप्त कर ली। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

बताया जा रहा है कि शाहमऊ पंचायत के मजरे कंधरतला निवासी सूरज रैदास शुक्रवार को अपनी पत्नी सुनैना(25) के साथ गांव में ही अम्बेडकर जयंती पर आयोजित मेला देखने गया था। जहां उसने पत्नी सुनैना के साथ प्रेम पूर्वक मेला देखा और चाट आदि का लुफ्त उठाया। जब अंधेरा होने लगा तो वह पत्नी के साथ घर लौट आया। इसके बाद मेले में डीजे बैंड का प्रोग्राम था, जिसे देखने के लिए सूरज पुनः जाने लगा। इस पर पत्नी ने आपत्ति की, लेकिन सूरज मेले में डीजे देखने के लिए चला गया। यहां पत्नी सुनैना ने अपने घर के अंदर कुंडे से रस्सी के सहारे फांसी का फंदा लगाकर आत्म हत्या कर ली। थोड़ी देर बाद सूरज के भाई की सात वर्षीय बेटी ने देखा तो घर के अन्य लोगों को बताया। सूरज के मनोज व सूर्यपाल पहुंचे तो उन्होंने उसे फंदे से उतारा और माल सीएचसी ले गये। जहां डाक्टर ने महिला को मृत बता दिया।

परिवारीजन शव को घर लाए और मृतका के माता पिता को भी बीवीडी के अनौरा कला के मजरे पपनामऊ गांव लखनऊ को रात लगभग 11 बजे फोन से सुनैना के हार्ट अटैक पड़ने की सूचना दी। मृतका का परिवार शनिवार सुबह लगभग नौ बजे कंधरतला गांव पहुंचा। जहां मृतका के पिता छोटेलाल और सूरज का परिवार पोस्टमार्टम नहीं करना चाहते थे, लेकिन मृतका का बड़ा भाई बिक्रम ने बहन की हत्या करने का आरोप सूरज पर लगाकर पोस्ट मार्टम कराने की ज़िद पर अड़ गया। जिससे पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए लखनऊ भेज दिया।

## युवक को दीं जातिसूचक गालियां, किया हमला

**लखनऊ।** बंथरा थाना क्षेत्र में युवक पर जातिसूचक गालियां देने और लाठी-डंडे व चाकू से हमला करने का मामला सामने आया है। ककौहा गांव निवासी राहुल रावत ने शिवम सिंह और शुभम सिंह नामक दो युवकों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

राहुल रावत ने अपनी शिकायत में बताया कि 17 अप्रैल शुक्रवार की रात करीब 9 बजे जुनाबगंज (कटी बगिया) स्थित एक पेट्रोल पंप पर गए। राहुल अपनी गाड़ी में तेल भरवा रहे थे, तभी उन्होंने देखा कि शिवम सिंह और शुभम सिंह वहां एक परिवार के साथ गाली-गलौज और मारपीट कर रहे थे। राहुल के बीच-बचाव करने पर, आरोपियों ने उनसे उनकी जाति और धर्म के बारे में पूछा। राहुल के जवाब देने के बाद, दोनों युवकों ने उन पर हमला कर दिया। आरोप है कि हमलावरों ने चाकू, लाठी और प्लास्टिक पाइप का इस्तेमाल किया, जिससे राहुल को चोटें आईं। बंथरा पुलिस ने राहुल की तहरीर पर मामला दर्ज कर लिया है।

## चकमा देकर उतरवायी 1180 बोरी पीओपी, तीन गिरफ्तार

- कब्जे से 2 बाइक, 4 फोन व 1180 बोरी पीओपी बरामद

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** गोसाईगंज पुलिस ने ट्रक से पीओपी उतरवा लेने वाले तीन आरोपितों को गिरफ्तार कर उनके पास से 2 बाइक, 4 फोन व 1180 बोरी पीओपी बरामद कर उन्हें गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

इंस्पेक्टर गोसाईगंज दिलेश कुमार सिंह के। अनुसार ग्राम ठुठयावाली कैच्चया जनपद मनसा पंजाब का रहने वाला ट्रक चालक बलराज सिंह 4 अप्रैल को दन्तौर राजस्थान से ट्रक पीओपी बोरियां लादकर जिला बाराबंकी आ रहा था। गोसाईगंज क्षेत्र में पहुंचने पर ट्रक चालक को एक अज्ञात व्यक्ति द्वारा फोन करके बताया गया कि तुम जो माल लेकर बाराबंकी जा रहे हो मैं उस फर्म का मालिक बोल रहा हूं, उस माल को गोसाईगंज में ही उतारना है। मैं अपना मुंशी भेज रहा हूं। उसके ट्रक ड्राइवर को दूसरे नम्बर से फोन किया गया जिसमे कहा गया कि मालिक से तुम्हारी बात हुई हो गई है मैं माल उतरवाने आ रहा हूं।

]कुछ समय बाद ही तीन लोग डाला व ट्रैक्टर ट्राली लेकर ट्रक ड्राइवर के पास आये और उसे विश्वास में लेकर ट्रक से माल उतरवा लिया जिसे कबीरपुर में किराये के कमरे में रखवा दिया है। उसके बाद ट्रक चालक राजस्थान वापस चला गया। उसके बाद भाड़े हेतु माल भेजने वाली कम्पनी द्वारा बाराबंकी स्थित फर्म से सम्पर्क किया गया तो उनके द्वारा बताया गया कि माल तो अभी तक मेरे पास पंहुचा ही नहीं है। तब ट्रक चालक को धोखाधड़ी होने का पता चला, जिसपर उसने 14 अप्रैल को गोसाईगंज थाने पहुंचकर शिकायत की जिसपर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू की इसी दौरान गोसाईगंज पुलिस व सर्विलांस की टीम ने आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच की जिसके बाद पुलिस ने 17 अप्रैल को बेली गांव के पास स्थित पूर्वांचल एक्सप्रेस वे के अंडरपास के नीचे से

तौफीक आलम राजबाबू व गुलाम गौस निवासीगण हरिहरपुर थाना तमकोहीराज जनपद कुशीनगर को गिरफ्तार कर उनकी निशानदेही पर दो बाइक 4 फोन व 1180 बोरी पीओपी बरामद कर उन्हें जेल भेज दिया।

## लखनऊ बार एसोसिएशन के चुनाव पर लगी रोक

लखनऊ। इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ खंड पीठ ने लखनऊ बार एसोसिएशन के चुनाव पर रोक लगा दी है। अदालत ने साफ कहा कि महिलाओं को 30 प्रतिशत आरक्षण दिए बिना चुनाव कराना नियमों के खिलाफ है और यह सर्वोच्च न्यायालय के आदेशों की अवहेलना है। एक जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए न्यायमूर्ति राजन राय और न्यायमूर्ति मंजिव शुक्ला की पीठ ने कहा कि देशभर की बार एसोसिएशनों पर सर्वोच्च न्यायालय के निर्देश बाध्यकारी हैं। इसके बावजूद लखनऊ बार एसोसिएशन द्वारा 10 मार्च 2026 को जारी चुनाव कार्यक्रम में महिला आरक्षण को शामिल नहीं किया गया, जो न्यायालय की दृष्टि में गंभीर लापरवाही है। सुनवाई के दौरान बार एसोसिएशन की ओर से दलील दी गई कि चुनाव कोर्ट के ही एक पूर्व आदेश के अनुपालन में कराए जा रहे थे, जिसमें निर्धारित समयसीमा के भीतर चुनाव संपन्न कराना था। इस पर अदालत ने स्पष्ट किया कि किसी भी पूर्व आदेश के आधार पर सर्वोच्च न्यायालय के निर्देशों की अनदेखी नहीं की जा सकती। अदालत ने कहा कि संविधान के अनुच्छेद 142 के तहत दिए गए निर्देशों का पालन हर स्थिति में अनिवार्य है। अदालत ने यह भी कहा कि यदि चुनाव कार्यक्रम में आवश्यक प्रावधान शामिल नहीं किए गए हैं, तो उसे निरस्त कर पुनर्निर्धारित करना ही एकमात्र विकल्प है। इसी के चलते न्यायालय ने लखनऊ बार एसोसिएशन को निर्देश दिया कि वह चुनाव की नई अधिसूचना जारी करे और उसमें महिलाओं के लिए 30 प्रतिशत आरक्षण सुनिश्चित करे। कोर्ट ने आदेश दिया कि नई अधिसूचना 24 घंटे के भीतर जारी की जाए और पुनर्निर्धारित चुनाव की पूरी प्रक्रिया एक सप्ताह के भीतर तय की जाए। साथ ही यह भी कहा कि चुनाव प्रक्रिया उसी समयसीमा को ध्यान में रखते हुए पूरी की जाए, जो पूर्व में निर्धारित की गई थी। मामले में कोर्ट के संज्ञान में यह भी लाया गया कि बार एसोसिएशन में महिला सदस्यों की संख्या कम है, इसलिए 30 प्रतिशत आरक्षण व्यावहारिक नहीं है। इस पर अदालत ने सख्त रुख अपनाते हुए कहा कि ऐसा कोई ठोस साक्ष्य प्रस्तुत नहीं किया गया है और वैसे भी आरक्षण का निर्धारण सर्वोच्च न्यायालय द्वारा किया गया है, जिसे बदला नहीं जा सकता।

## चार लाख की शराब चोरी

**लखनऊ।** पारा थाना क्षेत्र के पतौरा मोड़ पर चोरों ने शराब की दुकान में सेंध लगाकर चार लाख की शराब चोरी कर ली। वारदात के बाद चोर डीवीआर भी उठा ले गए। पड़ोस के कैमरे में छह चोर कैद हुए हैं। वहीं, इंदिरानगर में चोरों ने अधिवक्ता के बंद मकान को निशाना बनाया। चोर 14 लाख के जेवर व साढ़े सात लाख रुपये कर भाग निकले। उधर, बीबीडी इलाके में चोरों ने एक मकान का ताला तोड़कर नकदी व अन्य सामान चोरी कर लिया। काकोरी के मौदा स्थित अजीटन खेड़ा निवासी अजीत पाल की पारा के पतौरा मोड़ पर सरकारी अंग्रेजी शराब की दुकान है। उन्होंने बताया कि 13 अप्रैल की रात वे दुकान बंद कर घर चले गए। देर रात करीब 12:40 बजे पांच-छह चोर दुकान में पीछे की दीवार तोड़कर अंदर दाखिल हुए। उसके बाद चोरों ने दरवाजा फाड़कर लाइट व कैमरा तोड़कर चोरी की। पीड़ित ने बताया कि चोरों ने आठ पेटी अंग्रेजी शराब, 104 बोतलें चोरी कर ली। पीड़ित का कहना है कि चोरी हुए माल की कीमत करीब चार लाख रुपये है।

## साइबर ठगों ने 46.72 लाख उड़ाये

**लखनऊ।** शेयर ट्रेडिंग में निवेश पर अच्छे रिटर्न का झांसा देकर साइबर ठगों ने एक व्यक्ति से 46.72 लाख रुपये ऐंठ लिए। आरोपी ने व्हाट्सएप के माध्यम से फंसाया। कंपनी को सेबी से रजिस्टर्ड बताकर लिंक भेजकर एप डाउनलोड करायी। फिर डीमैट अकाउंट खोलकर रकम ट्रांसफर करायी। एप में करीब दो गुना मुनाफा देख पीड़ित ने विड्राल का प्रयास किया तो उन्हें ब्लॉक कर दिया गया। पीड़ित ने साइबर क्राइम थाने में रिपोर्ट दर्ज करायी है। पीजीआई के चरन भट्ठा रोड स्थित इंद्रपुरी कॉलोनी निवासी स्वप्निल मिश्रा ने बताया कि उनके व्हाट्सएप पर एक कॉल आयी। संपर्क करने पर जालसाज ने शेयर ट्रेडिंग में निवेश पर मोटे मुनाफे का झांसा दिया। जाल में फंसाने के लिए उनका नंबर एक व्हाट्सएप ग्रुप पर जोड़ा। ग्रुप पर अन्य लोगों के निवेश और मुनाफे का स्क्रीन शॉट देखकर पीड़ित जाल में फंस गया। उसके बाद आरोपी ने लिंक भेजकर एक एप डाउनलोड करायी। फिर डीमैट अकाउंट खोला। पीड़ित ने बताया कि इनवॉइस ट्रेडर्स डॉट कॉम के माध्यम से अलग-अलग तारीखों में कई बार में 46,71,811 रुपये ट्रांसफर कर दिए।

## महिला संग दुष्कर्म व लूट का आरोपित गिरफ्तार

**लखनऊ।** महिला संग दुष्कर्म व लूट की घटना का 24 घंटे के अन्दर सफल अनावरण करते हुए सरोजनीनगर पुलिस टीम ने एक शातिर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। 16 अप्रैल को पीड़ित ने थाने में तहरीर दी थी कि 15 अप्रैल को पीड़ित की पत्नी जो 14 अप्रैल को शराब के नशे में थी कि तभी एक व्यक्ति उसे दरोगा खेड़ा शराब ठेका के पास एक लड़का मिला। उसने उसे अपने साथ ले जाकर दुष्कर्म किया। प्राप्त सूचना के आधार पर अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज गया था। पीड़िता के बयान से मुकदमा उपरोक्त में लूट का अपराध भी पाये जाने पर धारा बीएनएस की बढ़ोत्तरी की गयी। विवचेना के क्रम में साक्ष्य संकलन के आधार पर अभियुक्त अभिमन्यु राजपूत उर्फ मन्ना (27) पुत्र बेचा लाल निवासी दरोगाखेड़ा थाना सरोजनीनगर का नाम प्रकाश में आया, जिसके क्रम में अभियुक्त अभिमन्यु उर्फ मन्ना लोधी उपरोक्त को 17 अप्रैल को रानीपुर कट के पास से लूटे गये माल सहित गिरफ्तार कर लिया।

आरोपी को गिरफ्तार करने वाली टीम में एसएसआई हरद्वारी लाल, उत्कर्ष त्रिपाठी स्कूटर इंडिया चौकी इंचार्ज, अमरजीत मिश्रा एसआई, आशीष कुमार सहित पुलिसकर्मी रहे। आरोपी के पास से एक जोड़ी पायल सफेद धातु, एक जोड़ी बिछिया सफेद धातु, कान के टाप्स सोने के बरामद हुआ। लूट का माल बरामद होने पर अभियोग में धारा बीएनएस की बढोत्तरी की गयी। अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है। पुलिस का कहना है कि यह अभियुक्त शातिर किस्म का अपराधी है, जिसके द्वारा शस्त्रों से लैस होकर अपने साथियों के साथ मिलकर लूट करना व महिलाओं के साथ छेड़छाड़ करना व आम जन मानस के साथ लड़ाई झगड़ा करता रहता है।

**सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा नाम संगीता एवं संगीता दिनेश कुमार दूबे है। दोनों नाम मेरे ही हैं। मुझे दोनों नामों से जाना व समझा जाए।
**संगीता पत्नी दिनेश कुमार निवासिनी- अमदेवा, परगना- बरौंसा, तहसील- जयसिंहपुर, जिला-सुलतानपुर।**

**न्यायालय सूचना**

**एच.सी.जे. फार्म नं. 33 पार्ट नं.-7**
**उपजिलाधिकारी महोदय न्यायिक मजिस्ट्रेट**
**सुलतानपुर**
**वाद सं.- टी202604680402156**
**धारा 116 उ.प्र. रा. सहिंता**
**तारीख पेशी- 12.05.2026**

देवनाथ सिंह

**बनाम**

1. विश्वनाथ पुत्र राम अधीन
2. राजनाथ उफ राज नरायन पुत्र
3. दिलीप उर्फ सन्तोष सुत पारसनाथ
4. कमला देवी पत्नी पारसनाथ

समस्त निवासीगण ग्राम हाजीपुर परगना अल्देमऊ तह. कादीपुर जिला सुलतानपुर

5. ग्राम पंचायत हाजीपुर खीरी द्वारा ग्राम प्रधान हाजीपुर खीरी परगना अल्देमऊ तह. कादीपुर जिला सुलतानपुर
6. उ.प्र. सरकार द्वारा श्रीमान जिलाधिकारी महोदय सुलतानपुर जिला सुलतानपुर

चूंकि उपरिनामांकित ने इस न्यायालय में यह आवेदन किया है अतएवं आपकी एतद्द्वारा चेतावनी दी जाती है कि आप उस आवेदन के खिलाफ करने के लिए 12.05.2026 दिवस को पूर्वान्ह या सम्यक रूपेण अनुदिष्ट अपने अधिवक्ता द्वारा उपसंजात है और ऐसा करने में असफल रहने पर उक्त आवेदन एक पक्षीय रूप सुना जायेगा और आधारित किया जायेगा।

मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा सहित आज 16.04.2026 के दिवस को निकाली गयी।

**न्यायालय**

## संदिग्ध हालात में किशोरी की मौत, हत्या की आशंका

- आशियाना में किशोरी की मौत
- सूखे हौज में मिला फॉलोअर का शव
- गोमती नदी में दो दिन बाद मिला युवक का शव

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** आशियाना में संदिग्ध हालात में किशोरी की मौत हो गई। उसका दुपट्टद्दा गले में फंसा मिला। सूचना के बाद पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। इस मामले में घरवालों ने हत्या की आशंका जताई है। फिलहाल, पुलिस मामले की जांच कर रही हे। पुलिस के मुताबिक, कैंट स्थित सदर निवासी विकास कुमार कुछ समय से अपनी पत्नी आयुषी बड़ी बेटी अदिति (17) छोटी बेटी अनन्या के साथ आशियाना स्थित रश्मि खंड शारदा नगर में किराए के मकान में रहकर गाड़ी चलाते हैं। वहीं उनकी पत्नी घर के पास एक निजी स्कूल में चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी है। उनकी बड़ी बेटी एक साइबर कैफे में नौकरी करती थी।

पिता ने बताया कि शनिवार सुबह पति-पत्नी दोनों ड्यूटी पर चले गए थे। वहीं छोटी बेटी अनन्या स्कूल पढ के लिए गई थी। बड़ी बेटी अदिति काम पर नहीं गई थी। वह घर पर ही थी। दोपहर 12:30 पर उनकी छोटी बेटी अनन्या स्कूल से घर लौटी तो दरवाजा खटखटाया लेकिन दरवाजा न खुलने पर उसने कुंडी खोलकर अंदर कमरे में गई तो अपनी बहन अदिति को फर्श पर पड़ा देखा एव उसके गले में दुपट्टा फंसा देख उसके होश उड़ गए। उसने फौरन मां पिता को फोन करके बताया मौके पर पहुंचे मां पिता उसे एक निजी अस्पताल लेकर जहां डॉक्टरों ने मृत्यु घोषित कर दिया। घटना की पुलिस को सूचना दी गई मौके पर पहुंची पुलिस में मित्रता का मोबाइल अपने कब्जे में लेकर मामले की जांच पड़ताल कर रही है वही पिता ने मामले में बेटी की हत्या की आशंका जाहिर करते हुए उसके कॉल डिटेल की छानबीन कर मामले की जांच की मांग की हैं।

**रिजर्व पुलिस लाइन में सूखे हौज के अंदर फॉलोअर का शव मिला :** रिजर्व पुलिस लाइन में सूखे हौज में एक फॉलोअर का शव पड़ा मिला। उसके पास में एक शराब की बोतल पड़ी मिली। सूचना के बाद पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं, घरवालों ने हत्या का आरोप लगाया है। हालांकि पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मौत का कारण स्पष्टद्द नहीं हो सका। लिहाजा, उसका हार्ट और बिसरा सुरक्षित रख लिया गया है।

महानगर पुलिस के मुताबिक, हरदोई स्थित हरियावा के सिदनावा गांव के रहने वाले प्रवेश कुमार द्विवेदी (32) महानगर स्थित पुलिस लाइन में फॉलोअर(कुक)थे। वह वहीं पर सर्वेंट क्वार्टर में रहते थे। पुलिस ने बताया कि वह नशे के लती थे। शुक्रवार शाम 3:30 वहां पर मौजूद लोगों ने रिजर्व लाइन के अंदर सूखे हौज में उन्हें पड़ा देखा। बगल में एक शराब की बोतल पड़ी थी। यह देखकर संबंधित अधिकारियों को जानकारी दी। उनकी मौत हो चुकी थी। वही पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे भाई कमलेश ने मामले में अपने भाई की हत्या की आशंका जाहिर करते हुए जांच की मांग की है उन्होंने कहा कि उन्हें मौके पर मौजूद सीसी फुटेज से घटना की जानकारी मिलनी चाहिए। फिलहाल पुलिस ने पैनल गठित कर प्रवेश कुमार द्विवेदी का पोस्टमार्टम किया गया।

**गोमती नदी में डूबे युवक का शव मिला :** गोमती नदी में डूबे युवक का शव दो दिन बाद उतराता हुआ मिला। पुलिस ने शव को बाहर निकाल कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस के मुताबिक ठाकुरगंज स्थित मुसाहिबगंज निवासी अंकुर सिंह(24) के भाई युवराज ने बताया कि उनके भाई गुरुवार को अपने दोस्तों के साथ नहाने दुबग्गा के साथ गए हुए थे। सहायता क्षेत्र में गोमती नदी में नहाते समय वह डूब गए थे। जिसके बाद घर वाले गोताखोर उनकी नदी में खोजबीन रहे थे शनिवार सुबह उनका शव घटना से एक किलोमीटर दूर उतराता मिला। भाई युवराज ने बताया कि उनके भाई ट्रक चालक थे। परिवार में पिता महेंद्र सिंह गाड़ी चलाते हैं। वहीं मां मीरा की 8 साल पहले मौत हो चुकी है।

## मौसम खराब होने के कारण कई विमान किये गये डायवर्ट

पुणे जाने वाला विमान आधे रास्ते से वापस आया

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** दिल्ली का मौसम शुक्रवार रात अचानक खराब हो जाने के कारण दिल्ली की कई उड़ानों का राजधानी के चौधरी चरण सिंह अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर डायवर्जन किया गया। वहीं लखनऊ से पुणे जा रही एक उड़ान आधे रास्ते से वापस लखनऊ लौट आई। बाद में पुणे की स्थिति सामान्य होने पर उसे पुनः पुणे के लिए रवाना कर दिया गया। एयरपोर्ट सूत्रों के मुताबिक शुक्रवार रात दिल्ली का मौसम अचानक खराब हो गया। जिसके कारण वहां की विजिबिलिटी लो हो गई और विमान के संचालन में दिक्कत आने लगी।

इसकी वजह से कई उड़ाने प्रभावित हुई। दिल्ली एयरपोर्ट पर उतरने वाली उड़ानों को लखनऊ एयरपोर्ट के लिए डायवर्ट कर दिया गया। जिसके चलते हांगकांग से दिल्ली जा रही विमान संख्या आरएच9457 को रात 11:38 बजे लखनऊ में उतारा गया। करीब चार घंटे बाद मौसम सामान्य होने पर इस विमान को दिल्ली रवाना कर दिया गया। इसी तरह वडोदरा से दिल्ली जा रही एयर इंडिया की फ्लाइट एआई-2882 को भी रात 11:30 बजे लखनऊ डायवर्ट किया गया। इस विमान में 138 यात्री और 7 क्रू मेंबर सवार थे। मौसम ठीक होने पर रात 12:43 बजे विमान दिल्ली के लिए रवाना हुआ। इसी प्रकार मुंबई से दिल्ली जा रही एयर इंडिया की फ्लाइट एआई-2408 को भी रात 11:39 बजे लखनऊ उतारा गया।

## अतिक्रमण हटाने के दौरान व्यापारी को पड़ा दिल का दौरा, अस्पताल में मौत

**लखनऊ।** तालकटोरा राजाजीपुरम ई-ब्लॉक में नगर निगम ने शनिवार को अतिक्रमण के खिलाफ अभियान चलाया था। इस दौरान किराना व्यापारी को दिल का दौरा पड़ गया। उन्हें अस्पताल ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। इससे व्यापारियों में रोष है। उधर, नगर निगम ने बयान में कहा कि इस दुखद घटना का अतिक्रमण के खिलाफ चले अभियान से कोई संबंध नहीं हैं।

व्यापारियों के अनुसार ई- ब्लॉक के मुख्य मार्केट के चारों ओर अतिक्रमण के खिलाफ अभियान शनिवार को चलाया गया। राजाजीपुरम व्यापार मंडल के अध्यक्ष ऋषभ गुप्ता के अनुसार खुशहाल कुमार की वहीं पर किराना और दोना-पत्तल की दुकान है। अभियान के समय वह बाहर टहल रहे थे। उनको हृदय रोग की पुरानी समस्या है। इसी बीच उनको दिल का दौरा पड़ा तो वह उनके परिवारीजनों के साथ केजीएमयू के लारी कार्डियोलॉजी लेकर गए। वहां उनका देहान्त हो गया।

## विवाद में युवक पर हमला, जान से मारने की दी धमकी

**लखनऊ।** काकोरी क्षेत्र के ग्राम कठिंगरा में जमीन के विवाद को लेकर एक युवक पर हमला किए जाने का मामला सामने आया है। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। जानकारी के अनुसार ग्राम कठिंगरा निवासी रिंकू उर्फ जितेंद्र पुत्र रामऔतार का आरोप है कि गांव के ही शिवपूजन पुत्र जगत सिंह उर्फ टिल्लन उस पर अपनी जमीन उनके नाम करने का दबाव बना रहे थे। इंकार करने पर दोनों पक्षों में विवाद हो गया। पीड़ित के अनुसार, 17 अप्रैल 2026 की शाम करीब चार बजे आरोपितों ने उसे रास्ते में रोक लिया और गाली-गलौज करने लगे। विरोध करने पर लात-घूंसों और डंडों से उसकी पिटाई कर दी, जिससे उसके सिर सहित शरीर के अन्य हिस्सों में चोटें आईं।

जितेंद्र ने बताया कि जब उसने पुलिस सहायता के लिए ह्य112ह्न पर कॉल करने की कोशिश की, तो आरोपितों ने उसका मोबाइल छीनकर तोड़ दिया।

पीड़ित का आरोप है कि हमलावरों ने उसे जान से मारने की धमकी भी दी। उसने अपनी और परिवार की सुरक्षा की मांग की है।

इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक सतीश चंद्र राठौर ने बताया कि पीड़ित कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी गई है आवश्यक कार्रवाई की जाएगौ

**बाइक पर पत्थर मारने से रोका तो दबंगों ने परिवार पर किया हमला :** काकोरी क्षेत्र के ईंट गाँव में शुक्रवार रात एक मामूली विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। मोटरसाइकिल पर पत्थर मारने से मना करने पर दबंगों ने एक ही परिवार के कई लोगों को लाठी-डंडों और धारदार हथियारों से हमला कर घायल कर दिया। इंस्पेक्टर सतीश चंद्र राठौर के अनुसार ईंट गाँव निवासी मधु पत्नी अनिकेत ने दी गई तहरीर में बताया कि शुक्रवार (17 अप्रैल 2026) रात करीब 9 बजे उनकी मोटरसाइकिल घर के पास सरकारी खड़ंजे पर खड़ी थी। इसी दौरान पड़ोसी अनूप का बेटा बाइक पर पत्थर मार रहा था। मधु ने वाहन को नुकसान होने की आशंका जताते हुए बच्चे को ऐसा करने से मना किया।

इस बात पर आरोपी अनूप, नीरज, सरवन और बेचा नाराज हो गए और गाली-गलौज करते हुए मधु के साथ मारपीट शुरू कर दी। शोर सुनकर बीच-बचाव करने पहुंचे मधु के जेठ अजीत, जिठानी गुड़िया और देवर अंकुल को भी आरोपियों ने नहीं बख्शा। आरोप है कि हमलावरों ने लाठी-डंडों के साथ धारदार हथियारों से हमला किया, जिसमें अजीत के सिर सहित शरीर पर गंभीर चोटें आई हैं।

**पूर्वोत्तर रेलवे**

**खुली ई–निविदा सूचना संख्या**
**NER-BSB0SnT-OT-16-2026**

मण्डल रेल प्रबन्धक/सिग. एवं दूरसंचार/पूर्वोत्तर रेलवे/वाराणसी कृते एवं भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित कार्यो के लिये "खुली ई–निविदा"आमंत्रित की जाती है :–

**क्रमांक-1,** निविदा सूचना संख्या एवं कार्य का नाम: NER-BSB0SnT-OT-16-2026: कार्य का नाम: वाराणसी मंडल के Indara, Siwan और Kusmhi रेलवे स्टेशनों पर गुड्स शेड के लिये तथा Gazipur, Deoria, Siwan, Chhapra, Ballia, Varanasi City, Prayagraj Rambag, Mau, Azamgarh और Banaras रेलवे स्टेशनों पर पार्सल कार्यालय के लिये CCTV कैमरे लगाने की व्यवस्था, जिसमें 3 वर्ष की वारंटी के बाद 5 वर्ष का CAMC (व्यापक वार्षिक रखरखाव अनुबंध) भी शामिल है।
**विवरण:** अनुमानित लागत (रू० में): ₹ 3,04,59,993.54, बयाना की राशि (रू० में): ₹ 6,09,200/-, निविदा प्रपत्र की कीमत: ₹ 00.00, कार्य पूर्ण करने की अवधि: 180 Days, निविदा बंद होने की अंतिम तिथि एवं समय: 11-05-2026 को 15:00 बजे।
**(1)** ई–निविदा दिनांक 11-05-2026 को 15:00 बजे तक आन लाईन जमा किया जा सकेगा।
**(2)** पूर्ण विवरण की जानकारी प्राप्त करने एवं निविदा की प्रस्तुति करने के लिये भारतीय रेलवे की वेबसाईट i.e. www.ireps.gov.in देखें।

मण्डल रेल प्रबन्धक/सिंग. एवं दूरसंचार
मुजाधि/सिगनल-14 वाराणसी

गाड़ियों की छतों व पावदान पर कदापि यात्रा न करें।

# अक्षय तृतीया आज, तीन शुभ योग में होगी मां लक्ष्मी की पूजा



वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** वैशाख शुक्ल पक्ष तृतीया को अक्षय तृतीया कहा जाता है। अक्षय तृतीया को परम पवित्र माना जाता है क्योंकि इस दिन किसी मुहूर्त या कल की आवश्यकता नहीं है फिर भी यदि शुभ चौघड़िया एवं शुभ मुहूर्त में किसी भी शुभ कार्य की शुरूआत किया जाए तो उसका परिणाम अक्षय प्राप्त होता है साथ ही साथ दान पुण्य का भी इस दिन विशेष महत्व माना जाता है । श्री हरि विष्णु के मानव अवतार भगवान परशुराम की जयंती प्रदोष काल में तृतीया तिथि 19 अप्रैल दिन रविवार को मिलने के कारण 19 अप्रैल दिन रविवार को ही मनाई जाएगी। जबकि उदयकालिक तृतीया तिथि 20 अप्रैल दिन सोमवार को होगा। क्योंकि तृतीया तिथि का आरंभ 19 अप्रैल दिन रविवार को दिन में 1:01 बजे से आरंभ होगा, जो 20 अप्रैल दिन सोमवार को दिन में 10:40 बजे तक व्याप्त रहेगा। ऐसी स्थिति में प्रदोष कालीन तृतीया तिथि 19 अप्रैल को एवं उदय कालिक तृतीया तिथि 20 अप्रैल को होगा ।

**अक्षय तृतीया पर कौन-कौन से योग:** 19 अप्रैल को कृतिका नक्षत्र दिन में 9:11 बजे से आरंभ होगा, जो 20 अप्रैल दिन सोमवार को सुबह 7:36 बजे तक व्याप्त रहेगा। उसके बाद रोहिणी नक्षत्र आरंभ हो जाएगा। 19 अप्रैल को आयुष्मान योग रात में 10:42 बजे तक व्याप्त रहेगा। उसके बाद सौभाग्य योग आरंभ हो जाएगा। जो 20 अप्रैल को रात में 7:38 बजे तक व्याप्त रहेगा। इस प्रकार इस वर्ष तृतीया तिथि में आयुष्मान एवं सौभाग्य योग व्याप्त रहेगा। जो शुभ फल प्रदायक होगा। चंद्रमा अपनी उच्च राशि वृष में दैत्यगुरु शुक्र के साथ मालव्य नामक पंचमहापुरुष राजयोग का निर्माण करते हुए गोचरीय संचरण करेगा । साथ ही कर्म फल प्रदायक ग्रह शनि मीन राशि में रहेंगे। इस दिन ग्रहो की स्थिति अत्यंत ही शुभकारक एवं प्रभावकारी बन रही है। ग्रहों की स्थिति के आधार पर देखा जाए तो मालव्य नामक पंच महापुरुष योग का निर्माण हो रहा है। सूर्य अपने उच्च राशि मेष में गोचर करेंगे। चंद्रमा अपनी उच्च राशि वृष में होंगे। देवगुरु बृहस्पति अपने उच्चाभिलाषीसे स्थिति में विद्यमान रहकर इस दिन के शुभता में वृद्धि करेंगे। 19 अप्रैल को प्रदोष व्यापिनी तृतीया तिथि में त्रिपुष्कर योग प्राप्त रहेगा। जबकि 20 अप्रैल को सुबह 7:36 बजे के बाद सर्वार्थ सिद्धि योग एवं रवि योग व्याप्त रहेगा। इसके साथ ही शनि देव पूर्व दिशा में उदित भी हो जाएंगे।

## अबूझ मुहूर्त में मनेगी अक्षय तृतीया

अक्षय तृतीया हर साल वैशाख माह के शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि को मनाई जाती है। इस दिन देवी लक्ष्मी और भगवान विष्णु की पूजा अर्चना की जाती है। अक्षय तृतीया को किए जाने वाले शुभ काम की अक्षय फल प्राप्ति होती है। इस दिन दान करना, सोना और वाहन खरीदना अच्छा होता है, क्योंकि इस दिन अबूझ मुहूर्त रहता है। इस दिन किसी नए काम की शुरूआत, विवाह, मुंडन आदि कर सकते हैं। यह तिथि बहुत फलदायी मानी जाती है। स्वास्तिक ज्योतिषक केंद्र के ज्योतिषाचार्य एसएस नागपाल ने बताया कि काशी पंचांग अनुसार तृतीया तिथि 19 अप्रैल दिन रविवार को दिन में 1:01 बजे शुरू हो जाएगी। इसके बाद 20 अप्रैल दिन सोमवार को सुबह 10:39 बजे तृतीया तिथि समाप्त हो जाएगी।

उदयातिथि अनुसार अक्षय तृतीया 20 अप्रैल को है। ज्योतिषाचार्य पं. रवि प्रकाश मिश्र ने बताया कि अक्षय तृतीया रविवार को चूंकि दोपहर मध्याह्नव्यापिनी और प्रदोश व्यापिनी 19 अप्रैल में ही मिलेगी। इसलिए अक्षय तृतीया 19 अप्रैल रविवार को मनाना श्रेष्ठ रहेगा। अक्षय तृतीया स्वयं सिद्ध मुहूर्त है। ज्योतिषाचार्य पं. आनंद दुबे ने बताया कि द्रिक पंचांग के अनुसार तृतीया तिथि 19 अप्रैल दिन रविवार की सुबह 10:49 बजे शुरू होगी, जो कि अगले दिन सोमवार की सुबह 7:27 बजे तक तृतीया तिथि समाप्त हो जाएगी। इस दिन विवाह, गृह प्रवेश, नया व्यापार आदि सभी कार्य किये जा सकते है। अक्षय तृतीया में तीर्थो में स्नान, जप, तप, हवन आदि शुभ कार्यों का अनंत फल मिलता है। इस दिन किया गया दान अक्षय यानि की जिसका क्षय न हो माना जाता है।

## अक्षय तृतीया पर सज गया लखनऊ का सर्राफा बाजार





वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** अक्षय तृतीया रविवार 19 अप्रैल को है। सर्राफा बाजार डिजाइनर ज्वेलरी के साथ तैयार हैं। पड़ रहे अद्भुत संयोगों को देखते हुए बाजारों में जबरदस्त रौनक है। हल्की ज्वेलरी की डिमांड खूब है। कह सकते हैं कि इस बार अक्षय तृतीया पर हल्की ज्वेलरी भारी आभूषणों पर काफी भारी पड़ रही है। कारोबारियों ने सोने के सिक्कों का स्टाक जमा किया है। एक ग्राम से लेकर दस और सौ ग्राम तक के गोल्ड क्वाइन दुकानों पर स्टाक में हैं। सहालग के कारण गिन्नी की खरीदारी ज्यादा होने की संभावना देख दुकानदारों ने भारी मात्रा में स्वर्ण गिन्नी जमा की हैं। कारोबारियों की मानें तो करीब तीस करोड़ रुपये का आंकड़ा व्यवसाय पार करेगा।

**टेंपिल ज्वेलरी की मांग:** चौक के कारोबारी ने बताया कि इस ज्वेलरी में बनीं कलाकृतियों की ओर ग्राहक ज्यादा ध्यान दे रहा है। इनमें भगवान के उकेरे हुए चित्रों के साथ-साथ विभिन्न तरह की सिंबोलिक तस्वीर वाली चेन और ज्वेलरी लोगों की पसंदीदा चीजों में से एक है। पचास हजार से लेकर ढाई लाख तक के आइटम हैं।

**हल्की ज्वेलरी से सजे बाजार:** कुंदन की किशनगढ़ वाली ज्वलेरी सेट 18 से लेकर 22 कैरेट स्वर्ण में उपलब्ध हैं। सेट देखने में जरूर भारी लगते हैं पर धारण करने पर अनुमानित वजन से हल्के नजर आते हैं।

**नगदार पेंडेंट सेट और नगदार अगूंठियां:** पर्व पर होने वाली खरीदारी में डिजाइनर नगदार अगूंठियां और महिलाओं के लिए पेंडेंट सेट का भी जोरदार कलेक्शन बाजार में है। देखने में लगते हैं डायमंड के, पर हैं सोने के: चौक बाजार में एक बड़ी कंपनी के नेकलेस सेट और जंजीर देखने में हीरे के हार जैसा लुक देती हैं। लेकिन वास्तव में वह प्योर गोल्ड पर हैं। तीस से लेकर अस्सी हजार तक के यह सेट सहालग में भी खूब बिक रहे हैं।

**सोने चांदी के सिक्कों का स्टाक:** अक्षय तृतीया पर्व पर सोने के सिक्के और गिन्नी की डिमांड होती है। इसे देखते हुए सोने के सिक्के और गिन्नी का शहर के सभी दुकानदारों द्वारा विशेष तौर पर किया गया है। उम्मीद से ज्यादा सिक्के बाजार में आ गए हैं। कल शुभ घड़ी की खरीद में इनकी जोरदार बिक्री होने के आसार है। अनुमान लगाया जा रहा है कि दो साल के कोविड काल के बाद अक्षय तृतीया पड़ी है। इस बार मात्र एक दिन में ब्रांडेड और नान ब्रांडेड आइटम का कारोबार तीस करोड़ के पार होने के आसार हैं। वहीं हल्के टाप्स, कड़े और जंजीर भी मांग के अनुरूप बाजारों आ गई हैं। इस साल की बिक्री का आंकड़ा 30 करोड़ पार करने की उम्मीद है।

**कहीं मेकिंग चार्जेस की छूट तो कहीं मिलेगा सोने का सिक्का:** अक्षय तृतीया का त्योहार 19 अप्रैल को मनाया जाएगा। इस दिन सोना खरीदना बहुत शुभ माना जाता है यही वजह है कि अक्षय तृतीया पर सोने की डिमांड तो बढ़ती ही है, ज्वेलर्स भी अपने ग्राहकों को कई ऑफर भी देते हैं। इस अक्षय तृतीया भी बड़े ज्वेलर्स के साथ लोकल दुकानदार भी डिस्काउंट ऑफर दे रहे हैं। कोई सोने की खरीद पर सोने का सिक्का दे रहा है तो कोई मेकिंग चार्जेस में 50 फीसदी की छूट देकर ग्राहकों को लुभाने की कर रहा है कोशिशें। फन रिपब्लिक मॉल के पास मौजूद एचएसजे ज्वेलर्स अक्षय तृतीया पर कई आकर्षक ऑफर लेकर आया है। एचएसजे के मैनेजर धीरज ढल ने बताया कि यहां 22 कैरेट गोल्ड लखनऊ शहर में सबसे कम रेंज पर अवेलेबल है। इसके अलावा भी हम कई ऑफर लेकर आए हैं, जैसे 30 हजार रुपये की हर शॉपिंग पर कस्टमर को 1 सोने का सिक्का मिलेगा। यह सिक्का 150 मिग्रा का है। वहीं, डायमंड पर भी 20 फीसदी की छूट मिल रही है इसके अलावा डायमंड की शॉपिंग पर भी 250 मिली ग्राम का सोने का सिक्का दिया जा रहा है। हम लोग मेकिंग चार्जेस पर 20 पर्सेंट डिस्काउंट भी दे रहे हैं।

**डायमंड की वैल्यू हमेशा बनी रहती है:** गोल्ड का रेट अभी बढ़ा हुआ जरूर है, लेकिन उम्मीद की जा रही है कि कुछ समय में इसके रेट गिरेंगे। 5.6 हजार की गिरावट का अंदाजा लगाया जा रहा है, ऐसे में जो लोग ज्वेलरी में इंवेस्ट करना चाहते हैं वे डायमंड पर इंवेस्ट करें। डायमंड में गोल्ड का कंटेंट कम होता है और डायमंड की वैल्यू हमेशा बनी रहती है। जब भी गोल्ड का रेट बढ़ा हुआ हो तो डायमंड में इंवेस्ट करना समझदारी है। बद्री प्रसाद ओंकार नाथ ज्वेलर्स के वैभव केसरवानी ने बताय कि हमारे देश में ज्वेलरी पर इंवेस्टमेंट लोग आमतौर पर अपने बच्चों के लिए करते हैं। मुझे लगता है कि जिस तरह सोने का भाव बढ़ रहा है उसके चलते यह आगे चलकर एक बढिया इंवेस्टमेंट विकल्प साबित हो सकता है। ऐसे में सोने पर इंवेस्टमेंट बेहतर है। ज्वेलरी के अलावा बार या कॉइन खरीदना भी अच्छा विकल्प हो सकता है।

**मेकिंग चार्जेस पर 50 पर्सेंट तक की छूट:** बद्री प्रसाद ओंकार नाथ ज्वेलर्स का कहना है कि अक्षय तृतीया पर पूरा सराफा बाजार अलग-अलग ऑफरों से सजा होता है। हम लोगों ने भी कस्टमर के लिए विशेष ऑफर की योजना बनाई है। हम गोल्ड व सिल्वर ज्वेलरी पर 50 पर्सेंट मेकिंग चार्जेस का डिस्काउंट दे रहे हैं। 100 पर्सेंट लेबर चार्जेस पर डायमंड ज्वेलरी पर डिस्काउंट है, वहीं गोल्ड व सिल्वर पर 50 पर्सेंट लेबर चार्जेस पर डिस्काउंट दे रहे हैं। इसके अलावा जो भी कस्टमर हमारे यहां पहली बार शॉपिंग करने आएगा उसको अपनी स्कीम में इनरोल करके अलग-अलग ऑफर देने की भी तैयारी है। इसके तहत कस्टमर को एक हफ्ते के सबसे कम चार्जेस पर गोल्ड की ज्वेलरी प्रोवाइड की जाएगी। अमीनाबाद स्थित अग्रवाल ज्वेलर्स अक्षय तृतीया तक डायमंड ज्वेलरी पर कोई मेकिंग चार्ज नहीं ले रहा है साथ ही 20 पर्सेंट तक डिस्काउंट भी मिलेगा। इसके अलावा गोल्ड ज्वेलरी के मेकिंग चार्जेस पर 50 फीसदी की छूट भी मिल रही है।

# श्रद्धापूर्वक मनाया गया गुरु अंगद देव जी का प्रकाश पर्व





वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** शनिवार को शहर के सभी गुरुद्वारों में गुरु अंगद देव जी महाराज के प्रकाश पर्व श्रद्धा पूर्वक मनाया गया। इसी क्रम में गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा मानसरोवर गुरु तेग बहादर नगर एलडीए कॉलोनी कानपुर रोड, नाका हिंडोला, सदर, लखनऊ में बहुत ही श्रद्धा से मनाया गया।

गुरु अंगद देव जी महाराज के प्रकाश पर्व पर अध्यक्ष सरदार सम्पूरन सिंह बग्गा ने बताया कि दीवान की आरंभता अमृत वेले से नितनेम के पाठ, सुखमनी साहिब जी के पाठ के साथ हुई एवं हजूरी रागी भाई हरविंदर सिंह जी ने आशा दीवार के कीर्तन किये। और हैड ग्रंथि ज्ञानी परमजीत सिंह जी ने संगतो को गुरु अंगद देव जी महाराज के इतिहास के बारे में बताया। कि धन धन साहिब श्री गुरु नानक देव साहिब जी महाराज जी की दूसरी ज्योति के रूप में ब्रह्मांड को प्रकाशित करने वाले, सिखो को गुरुमुखी लिपि प्रदान करने वाले, गुरु शिष्य परम्परा में स्वयं को समर्पित कर, उस परंपरा को पुनर्जीवित करने वाले, गुरु नानक देव जी महाराज जी का इतिहास संकलन करने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करने वाले, सेवा, विनम्रता एवम त्याग की प्रतिमूर्ति, दूसरे गुरु महाराज जी, साहिब श्री गुरु अंगद देव साहिब जी महाराज है। और हजूरी रागी भाई हरविंदर सिंह जी ने शब्द कीर्तन किया। वही सम्पूरन सिंह बग्गा जी ने यह भी बताया की हजूरी रागी भाई हरविंदर सिंह जी शब्द कीर्तन करते हुए शाम के दीवान की समाप्ति रात्री 9 बजे करेंगे।

अध्यक्ष सरदार सम्पूरन सिंह बग्गा एवं महासचिव चरणजीत सिंह एवं सचिव गगनदीप सिंह बग्गा एवं कोषाध्यक्ष अमरजीत सिंह (पम्मी), परमजीत चन्दर, वरिष्ठ उपाध्यक्ष सुरिंदर बग्गा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष इकबाल सिंह ने संगतो को गुरु अंगद देव जी महाराज के प्रकाश पर्व पर गुरु महाराज को नमन किया। शाम के दीवान की समाप्ति उपरांत गुरु का लंगर अटूट वितरित किया जायेगा। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने गुरु अंगद देव जी महाराज के प्रकाश पर्व को बहुत ही श्रद्धा भाव के साथ मनाया।

## यहियागंज में शबद कीर्तन सुन संगत हुई निहाल

लखनऊ। ऐतिहासिक गुरुद्वारा श्री गुरु तेग बहादुर साहिब जी यहियागंज में श्री गुरु अंगद देव जी का प्रकाश पर्व आज सायं 7:30 बजे से 11 बजे तक बड़ी श्रद्धा सत्कार के साथ मनाया गया। गुरुद्वारा सचिव मनमोहन सिंह हैप्पी ने बताया कि डॉ गुरमीत सिंह के संयोजन में भाई करनैल सिंह जी भाई मोहन सिंह जी ने शबद कीर्तन द्वारा संगतो को निहाल किया।

इस अवसर पर गुरुद्वारा साहब को विशेष फूलों एवं लाइटों से सजाया गया था हेड ग्रंथी ज्ञानी परमजीत सिंह जी ने श्री गुरु अंगद देव जी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए बताया कि श्री गुरु अंगद देव जी का जन्म 31 मार्च, 1504 को हरीके (मत्ते दी सराय, मुक्तसर) में हुआ था। उनके पिता श्री फेरू मल जी और माता का नाम रामो जी था उनका मूल नाम 'भाई लैणा' जी था। गुरु नानक देव जी की शिक्षाओं से प्रभावित होकर, वे करतारपुर साहिब में गुरु नानक जी की सेवा में लग गए। उनकी अटूट सेवा से प्रसन्न होकर गुरु नानक जी ने उन्हें अपना अंग (अंगद) कहा और अपना उत्तराधिकारी घोषित किया। वे 1539 में सिख धर्म के दूसरे गुरु बने। उन्होंने पंजाबी भाषा की लिपि 'गुरुमुखी' को व्यवस्थित और लोकप्रिय बनाया।

माता खीवी जी के सहयोग से लंगर की व्यवस्था को सुव्यवस्थित और व्यापक बनाया। खडूर साहिब में 'मल्ल अखाड़ा' स्थापित किया, जहाँ शारीरिक कसरत के साथ-साथ आध्यात्मिक शिक्षा भी दी जाती थी। संगत और पंगत की प्रथा को मजबूत कर जाति प्रथा का विरोध किया। उन्होंने 29 मार्च, 1552 को खडूर साहिब में अपना शरीर त्याग दिया और ज्योति जोत समा गए। गुरु अंगद देव जी का जीवन विनम्रता, सेवा और गुरु की आज्ञा के पालन का सर्वोच्च उदाहरण माना जाता है।

# सुख-समृद्धि का प्रतीक परशुराम जयंती आज

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** परशुराम जयंती भगवान विष्णु के छठे अवतार भगवान परशुराम को समर्पित माना जाता है। इस दिन भक्त श्रद्धा और भक्ति के साथ भगवान परशुराम की पूजा-अर्चना करते हैं और उनके निमित्त व्रत भी रखते हैं। मान्यता है कि इस दिन विधिपूर्वक पूजा करने से जीवन में सुख, शांति और समृद्धि का आशीर्वाद प्राप्त होता है।

भगवान परशुराम का जन्म ब्राह्मण कुल में हुआ था, लेकिन उन्होंने अधर्म और अन्याय के खिलाफ शस्त्र उठाकर धर्म की रक्षा की। इसलिए उन्हें धर्म से ब्राह्मण और कर्म से क्षत्रिय माना जाता है। उनके जीवन से यह संदेश मिलता है कि धर्म की रक्षा के लिए सही समय पर साहस और शक्ति दोनों आवश्यक होते हैं। परशुराम जयंती के अवसर पर भक्त भगवान विष्णु के इस अवतार का स्मरण करते हैं और उनकी पूजा कर जीवन में सकारात्मक ऊर्जा और शक्ति की कामना करते हैं। तृतीया तिथि आरंभ 19 अप्रैल, प्रातः 10:50 मिनट पर, तृतीया तिथि समाप्त 20 अप्रैल, प्रातः 7:28 मिनट तक। चूंकि 19 अप्रैल को तृतीया तिथि पूरे दिन रहेगी, इसलिए इसी दिन अक्षय तृतीया और परशुराम जयंती दोनों मनाई जाएगी।

**क्यों मनाई जाती है परशुराम जयंती :** भगवान परशुराम का जन्म वैशाख शुक्ल तृतीया के प्रदोष काल में हुआ था। इसलिए परंपरा के अनुसार जिस दिन प्रदोष काल में यह तिथि व्याप्त होती है, उसी दिन परशुराम जयंती मनाना अधिक शुभ माना जाता है। इसी आधार पर इस वर्ष 19 अप्रैल को ही परशुराम जयंती का पर्व मनाने का विधान बन रहा है। धार्मिक मान्यता के अनुसार, भगवान परशुराम का स्मरण करने से व्यक्ति को साहस, शक्ति और धर्म के मार्ग पर चलने की प्रेरणा मिलती है। उनके जीवन से यह संदेश मिलता है कि अन्याय के विरुद्ध खड़ा होना ही सच्चा धर्म है।

**परशुराम जयंती की पूजा विधि:** परशुराम जयंती के दिन भक्त श्रद्धा और भक्ति के साथ भगवान परशुराम की पूजा करते हैं। इस दिन सुबह जल्दी उठकर स्नान आदि करने के बाद पूजा करने का संकल्प लेना चाहिए और मन को शांत रखते हुए भगवान की आराधना की तैयारी करनी चाहिए। इसके बाद घर या मंदिर में भगवान परशुराम की प्रतिमा या चित्र को स्वच्छ स्थान पर स्थापित किया जाता है। पूजा की शुरूआत में भगवान परशुराम को तिलक लगाया जाता है और उनके प्रति श्रद्धा प्रकट की जाती है। इसके बाद अक्षत, पुष्प और तुलसी अर्पित कर विधिवत पूजा की जाती है। पूजा के दौरान भगवान परशुराम के मंत्रों का जप किया जाता है या फिर भगवान विष्णु की स्तुति की जाती है, क्योंकि परशुराम जी को विष्णु का अवतार माना जाता है। इसके बाद श्रद्धापूर्वक उनकी आरती की जाती है और उनसे जीवन में सुख, शांति और शक्ति की कामना की जाती है। चूंकि इस दिन अक्षय तृतीया भी होती है, इसलिए दान-पुण्य का विशेष महत्व होता है। इस अवसर पर जरूरतमंद लोगों को भोजन, वस्त्र या अन्य आवश्यक वस्तुओं का दान करना बहुत शुभ माना जाता है, जिससे अक्षय पुण्य की प्राप्ति होती है।

# 'गिन्नी वेड्स सनी 2' को प्रमोट करने शहर पहुंचे कलाकार

वरिष्ठ संवाददाता (vol)




**लखनऊ।** आगामी रोमांटिक-कॉमेडी फिल्म गिन्नी वेड्स सनी 2 के प्रमोशन का रंग अब पूरे शबाब पर है। इसी कड़ी में फिल्म के लीड एक्टर्स अविनाश तिवारी और मेधा शंकर, निर्देशक प्रशांत झा और निर्माता विनोद बच्चन के साथ लखन के शहर लखनऊ पहुंचे, जहां उन्होंने फिल्म का जोरदार प्रमोशन किया।

लखनऊ पहुंचने पर टीम का गर्मजोशी से स्वागत किया गया। इस दौरान कलाकारों ने मीडिया से बातचीत करते हुए फिल्म के बवाल फैमिली एंटरटेनर अंदाज, रोमांस और कॉमेडी के दिलचस्प मिश्रण और कहानी के ट्विस्ट्स के बारे में खुलकर बात की। अविनाश तिवारी और मेधा शंकर ने अपने-अपने किरदारों पर भी रोशनी डाली और बताया कि कैसे उनकी ऑन-स्क्रीन केमिस्ट्री इस फिल्म की जान बनने वाली है।

प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान आयोजित सेशन में टीम ने कई दिलचस्प खुलासे किए। शूटिंग के दौरान हुए मजेदार किस्सों से लेकर फिल्म की कहानी के पीछे की सोच तक, हर सवाल का उन्होंने खुलकर जवाब दिया। कलाकारों की सहजता और उत्साह ने वहां मौजूद लोगों के बीच फिल्म को लेकर और ज्यादा उत्सुकता पैदा कर दी।

फिल्म की स्टार कास्ट भी काफी मजबूत है। इसमें लिलेट दुबे, सुधीर पांडे, गोविंद नामदेव, गोपी भल्ला, नयानी दीक्षित, विश्वनाथ चटर्जी और रोहित चौधरी जैसे कलाकार शामिल हैं, जो फिल्म की कहानी में गहराई और मनोरंजन का तड़का लगाने वाले हैं। यह फिल्म उन निमार्ताओं की पेशकश है जिन्होंने पहले तनु वेड्स मनु, शादी में जरूर आना जैसी हिट फिल्में दी हैं। ऐसे में गिन्नी वेड्स सनी 2 से भी दर्शकों को एक एंटरटेनिंग और दिल से जुड़ी कहानी की उम्मीद है, जिसमें परिवार, प्यार और रिश्तों की जटिलताओं को हल्के-फुल्के अंदाज में पेश किया जाएगा। इस फिल्म को विनोद बच्चन और उमेश कुमार बंसल ने प्रोड्यूस किया है। फिल्म की कहानी और निर्देशन प्रशांत झा ने किया है। अब सभी की नजरें 24 अप्रैल 2026 पर टिकी हैं, जब यह फिल्म सिनेमाघरों में दस्तक देगी। लखनऊ में मिले शानदार रिस्पॉन्स के बाद साफ है कि गिन्नी वेड्स सनी 2 को लेकर दर्शकों में जबरदस्त उत्साह देखने को मिल रहा है।

# शास्त्रीय संगीत के विविध रूपों से रूबरू हुए छात्र

- भातखण्डे में चार दिवसीय गायन कार्यशाला का समापन

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



लखनऊ। भातखण्डे संस्कृति विश्वविद्यालय, लखनऊ द्वारा पंडित विष्णु नारायण भातखण्डे की पावन स्मृति में स्थापित पीठ के अंतर्गत आयोजित चार दिवसीय गायन कार्यशाला का सफल समापन आज शनिवार को गरिमामय वातावरण में सम्पन्न हुआ। यह कार्यशाला दिनांक 15 अप्रैल से 18 अप्रैल 2026 तक विश्वविद्यालय के गायन विभाग द्वारा आयोजित की गई, जिसमें सुप्रसिद्ध हिंदुस्तानी शास्त्रीय गायक पद्मभूषण पंडित साजन मिश्र ने विशेषज्ञ के रूप में विद्यार्थियों को उच्चस्तरीय मार्गदर्शन प्रदान किया।

समापन दिवस का शुभारम्भ कार्यक्रम संयोजिका एवं विभागाध्यक्ष प्रो. सृष्टि माथुर द्वारा पंडित साजन मिश्र को पुष्पगुच्छ भेंट कर किया गया। कार्यशाला के समापन दिवस पर विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. मांडवी सिंह तथा सुप्रसिद्ध लोकगायिका पद्मश्री मालिनी अवस्थी की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम में गायन विभाग के शिक्षकगण, संगतकर्ता, शोधार्थी एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।

समापन दिवस के प्रथम सत्र में पंडित साजन मिश्र ने विद्यार्थियों को राग झिंझोटी में विलंबित रचना महादेव महेश्वर तथा द्रुत रचना रोको न गैल मोहन मोहे जाने दो एवं सगुन विचारों वीर बभनवा का अभ्यास कराया। इसके पश्चात राग मुल्तानी के लक्षण गीत के साथ मध्य लय की रचना आँगन में नंदलाल का प्रशिक्षण दिया। उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि संगीत मन को शांत करने का सर्वोत्तम माध्यम है तथा नियमित रियाज ही साधना की आधारशिला है।

द्वितीय सत्र में उन्होंने राग अहीर भैरव की रचना अलबेला साजन आयो रे तथा वृंदावनी सारंग में विलंबित झपताल की रचना तुम रब तुम साहिब एवं द्रुत रचना लनराइयाँ हम सन ना करो का पुनः अभ्यास कराया। साथ ही भजन चलो मन वृंदावन की ओर एवं अब कृपा करो श्री राम के माध्यम से विद्यार्थियों को विविध गायन शैलियों से अवगत कराया।

विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. मांडवी सिंह ने बताया कि विश्वविद्यालय कार्य परिषद के निर्णय एवं विद्यार्थियों की मांग के अनुरूप प्रतिष्ठित कलाकारों को आमंत्रित कर इस प्रकार के आयोजन निरंतर किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि कार्यशाला में प्रतिदिन दो समूहों में प्रशिक्षण की व्यवस्था की गई, जिसमें विशेष प्रशिक्षण के अंतर्गत लगभग 15 तथा आधारभूत प्रशिक्षण में लगभग 100 विद्यार्थियों ने लाभ प्राप्त किया। विश्वविद्यालय की कुलसचिव डॉ. सृष्टि धवन ने कहा कि इस प्रकार की कार्यशालाएँ विद्यार्थियों के कौशल विकास के साथ-साथ भारतीय सांगीतिक परंपरा के संरक्षण एवं संवर्धन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं।

संक्षेप

## बाइक चोर गिरफ्तार कई गाड़ियां बरामद

**नसीराबाद, रायबरेली।** तिलक समारोह में शामिल होने आए एक अतिथि की मोटरसाइकिल चोरी चली गई। जानकारी होने पर वहां मौजूद लोगों में अफरा तफरी मच गई। शुक्रवार नसीराबाद थाना क्षेत्र की पुलिस चैकी परैया नमक सार के अंतर्गत पूरे मितई मजरे बभनपुर में शिव श्याम विश्वकर्मा के यहां तिलक समारोह था जिसमें शामिल होने के लिए पड़ोसी गांव का युवक दीपक सरोज पुत्र सत्यनारायण निवासी ग्राम परैया नमकसार आया हुआ था। समारोह स्थल से कुछ कदम दूरी पर उसने अपनी मोटरसाइकिल हीरो स्प्लेंडर यूपी 33 बीके 6366 खड़ी कर दी थी। लगभग 20 मिनट बाद ही शाम 9 बजे जब वह वापस आया तो उसकी बाइक मौके से गायब हो गई थी। पीड़ित ने डायल 112 पुलिस को तत्काल सूचना दी लेकिन उसका कुछ अता पता नहीं चला। शनिवार की सुबह गांव वालों ने शक के आधार पर सभी घरों की तलाशी लेनी शुरू की तो बाइक मैकेनिक सुधीर कुमार पुत्र श्याम सुंदर वर्मा निवासी पूरे मितई की पत्नी ने कड़ा विरोध जताया। किंतु वीडियो बनाते हुए गांव वालों ने तलाशी जारी रखी तो वहीं पर चोरी की तीन बाइक, से कुछ कटे हुए बाइकों के पार्ट मौके से बरामद हुए। सूचना पर चैकी इंचार्ज देवेश साहू पर्याप्त पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और आरोपी को हिरासत में लेकर बभनपुर में रोड पर स्थित उसकी बाइक मरम्मत की दुकान पर तलाशी ली। थाना प्रभारी पवन कुमार सोनकर ने बताया कि आरोपी हिरासत में है। तहरीर मिल गई है, मामले की जांच की जा रही है।

## मारपीट करने का आरोप कार्रवाई की मांग

**अमेठी।** वर्तमान समय में जनपद में कानून व्यवस्था चुस्त दुरुस्त नजर आ रही है। इसके बावजूद थानों में नियम कानून यदा कदा ताक पर नजर आती है। ताजा मामला पीपरपुर थाने का है जहां कि निवासिनी प्रभावती पत्नी रामटहल निवासिनी कोरारी अमेयमाफी द्वारा शनिवार संपूर्ण समाधान दिवस में प्रार्थना पत्र दिया गया कि उसी गांव के निवासीगण चंदन, नानकऊ, विक्रम पुत्रगण रवींद्र कुमार द्वारा 17 अप्रैल 2026 को शाम लगभग 7:30 बजे मिलकर प्रार्थिनी वा उसके परिजनों को मारा पीटा तथा गालियां देते हुए जान से मारने की धमकी दी। जिससे प्रार्थनी वा उसके परिजनों को गंभीर चोटें आईं। पीड़िता ने पीपर पुर थाने में उपरोक्त के विरुद्ध ही शिकायत प्रार्थना पत्र दिया तो उल्टा पीड़िता का ही चालान काट दिया गया।

# अदिति सिंह ने 4 इंटरलॉकिंग मार्गों का किया लोकार्पण

## सदर विधायक ने सोनिया नगर में सुनीं लोगों की समस्याएं



जिला संवाददाता (vol)

**रायबरेली।** सदर विधानसभा क्षेत्र की विधायक अदिति सिंह ने सोनिया नगर मोहल्ले में स्थानीय निवासियों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक की। बैठक में उन्होंने क्षेत्रवासियों से सीधे संवाद किया और उनकी विभिन्न समस्याओं को सुना। विधायक अदिति सिंह ने बैठक में उपस्थित जनता की शिकायतों और मांगों पर तत्काल संज्ञान लिया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को मौके पर ही स्पष्ट निर्देश दिए कि क्षेत्रवासियों द्वारा बताई गई समस्याओं का त्वरित निस्तारण किया जाए। उन्होंने कहा कि जनता की छोटी से छोटी समस्या भी प्रशासन की प्राथमिकता होनी चाहिए।

बैठक के दौरान विधायक अदिति सिंह ने जन-आकांक्षाओं को पूरा करने की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए अपनी विधायक निधि से निर्मित कराए गए 4 इंटरलॉकिंग मार्गों (इंटरलॉकिंग टाइल्स वाली सड़कों) का लोकार्पण भी किया। इन सड़कों के निर्माण से सोनिया नगर मोहल्ले के निवासियों को बेहतर आवागमन की सुविधा मिलेगी और इलाके का स्वरूप भी बदलेगा। इस अवसर पर विधायक अदिति सिंह ने कहा डबल इंजन सरकार की विकासपरक नीतियों के साथ हम विधानसभा क्षेत्र के प्रत्येक कोने को आधुनिक बुनियादी सुविधाओं से जोड़ने के लिए संकल्पित हैं। चाहे सड़क हो, पानी हो, बिजली हो या फिर अन्य मूलभूत सुविधाएं, हम लगातार प्रयासरत हैं कि हर नागरिक को बेहतर जीवन मिल सके। क्षेत्रवासियों ने भी विधायक अदिति सिंह के इस प्रयास की सराहना की और उन्हें आशीर्वाद दिया। उन्होंने अन्य लंबित समस्याओं जैसे जल निकासी, रोशनी, स्वच्छता आदि पर भी ध्यान देने का अनुरोध किया, जिस पर विधायक ने आश्वासन दिया कि इन पर भी शीघ्र कार्यवाही की जाएगी।

# उत्कृष्ट महिलाओं को सम्मानित किया गया

जिला संवाददाता (vol)

**गौरीगंज (अमेठी)।** महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने और महिलाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से शनिवार को जिला पंचायत रिसोर्स सेंटर, गौरीगंज में नारी शक्ति वंदन अधिनियम पर अभिमुखीकरण कार्यशाला का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत महिला कल्याण विभाग, उत्तर प्रदेश, लखनऊ के निर्देश पर आयोजित हुआ।

● नारी शक्ति वंदन अधिनियम पर गौरीगंज में कार्यशाला

कार्यक्रम का शुभारंभ जिलाधिकारी संजय चौहान ने किया। उन्होंने कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने और उन्हें सामाजिक, राजनीतिक तथा आर्थिक रूप से मजबूत बनाने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम है। उन्होंने महिलाओं से सरकारी योजनाओं का लाभ उठाने और आत्मनिर्भर बनने का आह्वान किया।

कार्यशाला में नारी शक्ति वंदन अधिनियम के प्रावधानों, उसके प्रभावों और महिलाओं के अधिकारों पर विस्तार से चर्चा की गई। विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं, सेवानिवृत्त महिला शिक्षकों तथा महिला स्वयं सहायता समूहों को शील्ड देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर महिला सशक्तिकरण से जुड़ी योजनाओं की भी विस्तृत जानकारी दी गई।

अधिकारियों ने बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, मिशन शक्ति, वन स्टॉप सेंटर, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना (सामान्य/कोविड), स्पॉन्सरशिप योजना और निराश्रित महिला पेंशन योजना के बारे में लोगों को जागरूक किया। योजनाओं से संबंधित पंपलेट भी वितरित किए गए, ताकि अधिक से अधिक महिलाएं इनका लाभ ले सकें।

कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक सरवणन टी, अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) अनिल चतुर्वेदी, जिला कार्यक्रम अधिकारी संतोष श्रीवास्तव, उपजिलाधिकारी गौरीगंज प्रीति तिवारी, जिला सेवायोजन अधिकारी समेत कई अधिकारी, कर्मचारी और बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित रहीं। कार्यशाला ने महिलाओं में आत्मविश्वास और जागरूकता बढ़ाने का संदेश दिया।

# विवेकपूर्ण ढंग से एआई का उपयोग हो : डॉ.प्रदीप कुमार



**सुलतानपुर (वीओएल)।** शिक्षा में कृत्रिम बुद्धिमत्ता का अनुप्रयोग विषय पर के एन आई मे आयोजित कार्यशाला के चैथे दिन डॉ प्रदीप कुमार ने उद्बोधन दिया। डॉ प्रदीप कुमार केएनआईटी सुलतानपुर मे प्राध्यापक है। चैथे दिन की कार्यशाला का शुभारंभ संस्थान प्राचार्य प्रो सुनील प्रताप सिंह ने किया व कहा कि संस्थान अकादमिक कार्यक्रम के लिए पूर्णतया प्रतिबद्ध है। कार्यशाला में बतौर मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित डा. प्रदीप कुमार ने कहा कि अब एआई. शैक्षिक जीवन की अनिवार्यता है बसर्ते शिक्षा और शोध में इसका प्रयोग विवेकपूर्ण ढंग से हो। इस अवसर पर उप प्राचार्य डा. शक्ति सिंह ने कहा कि हमें एआई प्रयोग में होने की आवश्यकता है। प्रो. प्रवीण कुमार सिंह ने कहा कि इस दौर मे भारत कृत्रिम बुद्धिमत्ता के प्रति जागरूक और क्रियाशील है। अभी हाल ही में भारत में ए.आई. सम्मेलन का होना इस बात को रेखांकित करता है। अंत में शिक्षक- प्रशिक्षण प्रकोष्ठ के संयोजक डा. पवन कुमार रावत ने सभी के प्रति आभार ज्ञापित किया। इस मौके पर प्रो. प्रवीण कुमार सिंह, प्रो. रंजना सिंह, प्रो. किरन सिंह, प्रो. वंदना सिंह, प्रो. प्रतिमा सिंह, प्रो. सुनीता राय, प्रो. बिहारी सिंह, डा. अनुराग पाण्डेय, डा. आलोक कुमार वर्मा, मुख्य अनुशास्ता सुधांशु प्रताप सिंह एवं प्रकोष्ठ के सदस्य डा. बनवारी, डा. अर्चना यादव व डा. अंशुमान सिंह आदि उपस्थित रहे।

## मुठभेड़ में चोरी का वांछित बदमाश गिरफ्तार अवैध तमंचा और चोरी का सोना बरामद

**रायबरेली।** कोतवाली नगर पुलिस ने शनिवार तड़के पुलिस मुठभेड़ में चोरी के 22 मुकदमों का पुराना आरोपी महादेव उर्फ महाजन रैदास उर्फ राजेश को गिरफ्तार कर लिया। मुठभेड़ में पुलिस पार्टी पर फायरिंग करने वाले आरोपी के बाएं पैर में गोली लगी है। पुलिस अधीक्षक रवि कुमार के निर्देशन में चलाए जा रहे अपराध नियंत्रण अभियान के तहत थाना कोतवाली नगर की पुलिस टीम को रात करीब 2:55 बजे खपर मलंग पुलिया के पास संदिग्ध व्यक्ति की चेकिंग के दौरान आरोपी महादेव पैदल आता दिखाई दिया। जब पुलिस ने उसे रोका तो वह भागने लगा और पुलिस पार्टी पर जानलेवा हमले की नीयत से फायरिंग कर दी। पुलिस ने आत्मरक्षा में जवाबी फायरिंग की जिसमें आरोपी महादेव उर्फ महाजन रैदास उर्फ राजेश (40 वर्ष), पुत्र राजाराम, निवासी तकिया मैदानपुर, थाना कोतवाली नगर के बाएं पैर में गोली लग गई। उसे तुरंत जिला अस्पताल रायबरेली में भर्ती कराया गया। उसके कब्जे से एक अवैध तमंचा .315 बोर, एक जिंदा कारतूस .315 बोर, एक खोखा कारतूस .315 बोर, एक गले का हार (पीली धातु) व एक चेन (पीली धातु) बरामद हुआ है। पूछताछ में आरोपी ने थाना कोतवाली नगर क्षेत्र में हुई चोरियों की बात स्वीकार की। उल्लेखनीय है कि आरोपी महादेव पर रायबरेली के विभिन्न थानों में 23 मुकदमें दर्ज हैं, जिनमें चोरी, डकैती, आर्म्स एक्ट, एनडीपीएस एक्ट, गैंगस्टर एक्ट और हत्या के प्रयास जैसे गंभीर अपराध शामिल हैं। वह लंबे समय से पुलिस की गिरफ्त से बच रहा था। अभी आरोपी का इलाज चल रहा है। पुलिस अग्रिम जांच एवं कानूनी कार्रवाई कर रही है।

## विवाहिता ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**लालगंज, रायबरेली।** लालगंज नगर के संत नगर मोहल्ले में किराए पर रहने वाली एक विवाहित महिला ने आंगन के जाल में साड़ी से लटक कर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। मृतक महिला गुड़िया देवी (35 )पत्नी राकेश यादव का मूल निवास कुशल खेड़ा सरेनी है। मिली जानकारी के अनुसार शुक्रवार को पति-पत्नी में विवाद हुआ था। शनिवार सुबह राकेश यादव घर से बाहर चला गया। उसकी 12 वर्षीय पुत्री भी पड़ोस के घर खेल रही थी। इस बीच घर में अंदर से दरवाजा बंद करके गुड़िया देवी ने फांसी लगा ली। दरवाजे को किसी तरह खोलकर महिला के शव को बाहर निकालागया। प्रभारी निरीक्षक प्रमोद कुमार सिंह ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। प्रथम दृष्टया आत्महत्या की घटना प्रतीत होती है। वही मायके वालों का आरोप है कि प्रताड़ना से तंग आकर गुड़िया देवी ने फांसी लगाई है।

# कम्प्यूटर प्रवेश परीक्षा पास करने वाले छात्रों को मिले प्रमाण पत्र

**परशदेपुर, रायबरेली।** कस्बा स्थित एन एच पब्लिक स्कूल में बीते रविवार को सार्थक इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी परशदेपुर द्वारा कराई गई निशुल्क कंप्यूटर प्रवेश परीक्षा पास करने वाले छात्र छात्राओं को शनिवार को परीक्षाफल का प्रमाण पत्र वितरित किया गया। प्रवेश परीक्षा में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पाने वाले छात्र छात्राओं को 6 माह तक निशुल्क प्रशिक्षण सार्थक इंस्टीट्यूट की तरफ से दिया जाएगा। इंस्टीट्यूट के डायरेक्टर मनीष पांडेय ने बताया कि निशुल्क कंप्यूटर प्रवेश परीक्षा में कुल 130 छात्रों ने भाग लिया था जिसमें प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पाने वाले छात्राओं क्रमशः अंशिका, पूनम व शबा फरहीन को 6 माह तक निःशुल्क कंप्यूटर का प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रमाणपत्र वितरण कार्यक्रम में अमन कुमार, मोहम्मद साहिल, चांदनी तिवारी व समस्त स्टाफ मौजूद रहे।

## बोरी न होने से नहीं हो पा रही है गेहूं की खरीद

**परशदेपुर, रायबरेली।** राजकीय गेंहू खरीद केन्द्र साधन सहकारी समिति बारा में बोरी न होने की वजह से समिति पर पहुंचने वाले किसानों को बैरंग वापस लौटना पड़ रहा है।बोरी की कमी की वजह से एक सप्ताह से गेहूं की खरीद पूरी तरह से बंद है। केन्द्र को निर्धारित लक्ष्य के सापेक्ष अभी तक समिति में गेंहू की खरीद न के बराबर है। निर्धारित लक्ष्य के मुताबिक दस हजार कुंतल का लक्ष्य है, जिसमे अभी तक सिर्फ 202 कुंतल ही गेंहू की खरीद हुई है। सरकार द्वारा गेंहू की खरीद तो शुरू करा दी गयी है लेकिन समितियों पर अभी तक पर्याप्त बोरी का कोई इंतजाम नही किया गया, जिससे गेंहू खरीद पर इसका असर पड़ रहा है।पिछले वर्ष की शेष बची बोरियों से ही गेहूं की खरीद की गई पर बोरी खत्म होने के बाद इस समय खरीद पूर्णतया बंद है, जिससे किसानों में नाराजगी देखने को मिल रही है। समिति के सचिव विश्वनाथ तिवारी ने बताया कि बोरी न होने की वजह से गेंहू की खरीद बंद है, पिछले वर्ष की बची हुई बोरियों से 202 कुंतल की गेंहू खरीद की गई है, बोरी मिलते ही गेंहू की खरीद का काम शुरू किया जाएगा।

# निर्माणाधीन पशु अस्पताल की गुणवत्ता पर सवाल, सीडीओ ने रुकवाया कार्य



● लगभग 69 लाख रुपये की लागत से कराया जा रहा है अस्पताल भवन का निर्माण कार्य

**जयसिंहपुर, सुलतानपुर (वीओएल)।** ब्लॉक मुख्यालय स्थित निमार्णाधीन पशु अस्पताल भवन की गुणवत्ता पर शनिवार को उस समय सवाल खड़े हो गए, जब मुख्य विकास अधिकारी विनय कुमार सिंह ने निरीक्षण के दौरान खामियां पाईं। उन्होंने तत्काल प्रभाव से निर्माण कार्य रुकवाते हुए संबंधित अधिकारियों को कड़ी चेतावनी दी। निरीक्षण के दौरान पशु अस्पताल की बाउंड्रीवाल का निर्माण कार्य जारी था। सीडीओ ने निर्माण में प्रयुक्त ईंटों और अन्य सामग्री की जांच की, जिसमें गुणवत्ता मानकों की अनदेखी सामने आई। इस पर नाराजगी जताते हुए उन्होंने न केवल निर्माण कार्य बंद कराया, बल्कि खराब गुणवत्ता वाली बनी बाउंड्रीवाल को गिराने के निर्देश भी कार्यदायी संस्था को दिए। मौके पर मौजूद सहायक अभियंता सर्वेश कुमार और अवर अभियंता प्रमोद कुमार को सीडीओ ने फटकार लगाते हुए स्पष्ट किया कि निर्माण कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने गुणवत्ता मानकों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बताया जाता है कि पशु अस्पताल भवन का निर्माण उत्तर प्रदेश को-ऑपरेटिव डेयरी फेडरेशन (यूपीसीएलडीएफ) द्वारा करीब 69 लाख रुपये की लागत से कराया जा रहा है। पुराने भवन के जर्जर होने के कारण नए भवन को स्वीकृति दी गई थी, लेकिन निरीक्षण में सामने आई खामियों ने निर्माण प्रक्रिया पर सवाल खड़े कर दिए हैं। उधर, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जयसिंहपुर परिसर में लगभग 63 लाख रुपये की लागत से बीपीएचयू (लैब) भवन का निर्माण भी कराया गया है। इस लैब के शुरू होने से क्षेत्रीय लोगों को विभिन्न जांच सुविधाएं एक ही स्थान पर उपलब्ध हो सकेंगी। हालांकि, यहां भी सीडीओ ने निर्माण गुणवत्ता को लेकर सतर्कता बरतने के निर्देश दिए हैं। एक ही कार्यदायी संस्था द्वारा दोनों निर्माण कार्य कराए जाने के चलते अब गुणवत्ता को लेकर चर्चाएं तेज हो गई हैं। अधिकारियों का कहना है कि किसी भी प्रकार की अनियमितता पाए जाने पर संबंधित के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# भगवान परशुराम जयंती पर सजा भव्य कवि सम्मेलन, 101 प्रतिभाएं सम्मानित



**गोसाईगंज, सुलतानपुर (वीओएल)।** भगवान परशुराम जयंती की पूर्व संध्या पर शनिवार को सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, कटका द्वारिकागंज में भव्य कवि सम्मेलन व सम्मान समारोह का आयोजन हुआ। अखिल भारतीय भगवान परशुराम एकता समिति और कटका क्लब सामाजिक संस्था के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस कार्यक्रम में साहित्य, शिक्षा, समाजसेवा और पत्रकारिता से जुड़े लोगों की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम की अध्यक्षता तक्षशिला आईएएस कोचिंग अयोध्या के निदेशक संतोष मिश्रा ने की, जबकि मुख्य अतिथि अंतरराष्ट्रीय कथा वाचक पं.मनीष चंद्र त्रिपाठी रहे। संचालन ओज कवि अभिमन्यु शुक्ला तरंग ने किया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के पूजन-अर्चन एवं वाणी वंदना के साथ हुआ। दूर-दराज से पहुंचे कवियों ने वीर, हास्य, श्रृंगार और राष्ट्रभक्ति से ओतप्रोत कविताओं की प्रस्तुतियों से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। ओज कवि अभिमन्यु शुक्ला तरंग, सत्या पंडित, पवन मिश्र, रजनीश मिश्र, डॉ. अनूप मिश्र, सर्वेश कांत वर्मा, कांति सिंह, राज बहादुर राणा तथा दीपा द्विवेदी की प्रस्तुतियों पर सभागार तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। राज बहादुर राणा ने जैसे ही महुआ महारानी नमो नमः की प्रस्तुति दी, पूरा परिसर तालियों से गूंज उठा। वहीं दीपा द्विवेदी की भावपूर्ण प्रस्तुति ने श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया और देर तक सभागार तालियों की गूंज से सराबोर रहा। समारोह में शिक्षा, साहित्य, सामाजिक सेवा, स्वास्थ्य, संगीत एवं पत्रकारिता के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने वाले 101 विशिष्ट लोगों को अंगवस्त्र, प्रशस्ति पत्र व प्रतिभा शिखर सम्मान से सम्मानित किया गया। इस मौके पर ब्लॉक प्रमुख जयसिंहपुर राहुल शुक्ल, प्रमुख प्रतिनिधि धनपतगंज त्रिनेत्र पांडेय, भाजपा नेता डीएस मिश्र, संदीप मिश्रा, प्रदीप मिश्र, अमरजीत मिश्र सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# मधुलिका हेड गर्ल तो आजम बने हेड ब्वॉय




**रायबरेली।** न्यू स्टैंडर्ड पब्लिक स्कूल सीनियर सेकेंडरी स्कूल त्रिपुला में सत्र 2026-27 के लिए नवगठित विद्यालय छात्र परिषद के अलंकरण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान प्रधानाचार्य शिवलखन प्रजापति ने 14 सदस्यीय परिषद सदस्यों को अपने कर्तव्यों के प्रति निष्ठा और ईमानदारी से कार्य करने की शपथ दिलाई और पदनाम पट्टिका एवं बैज लगाकर सम्मानित किया।

परिषद के चयनित पदाधिकारियों में मधुलिका सिंह (हेड गर्ल), मोहम्मद आजम (हेड ब्वाय), वर्षा यादव (शिक्षा मंत्री), आर्या गुप्ता (सांस्कृतिक मंत्री), कुलदीप तिवारी (खेल मंत्री), श्रेष्ठ गुप्ता (अनुशासन मंत्री) तथा अबुल फैज को परिवहन मंत्री के रूप में दायित्व सौंपा गया। इसी प्रकार अपर्णा मिश्रा (डिप्टी हेड गर्ल), कुशाग्र त्रिवेदी (डिप्टी हेड ब्वाय), आयुषी मौर्य (उप शिक्षा मंत्री), अलंकृता शर्मा (उप सांस्कृतिक मंत्री), अंकित चैधरी (उप खेल मंत्री), नैतिक सिंह (उप अनुशासन मंत्री) तथा चित्रांश सिंह (उप परिवहन मंत्री) के पद पर नियुक्त किये गए। समारोह का मुख्य आकर्षण छात्र परिषद के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का पदग्रहण रहा। इस अवसर पर सत्र 2025-26 की हेड गर्ल कृतिका एवं हेड ब्वाय जोहरान ने अपना दायित्व नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को सौपा और अपने अनुभव साझा किये। एनएसजीआई संस्थापक-प्रबंधक डॉ शशिकांत शर्मा ने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को आशीर्वाद देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की और उन्हें विद्यालय के गौरव को नई ऊंचाइयों तक ले जाने के लिए प्रेरित किया। प्रधानाचार्य श्री प्रजापति ने अपने संबोधन में कहा कि छात्र परिषद विद्यालय के अनुशासन और नेतृत्व क्षमता का प्रतीक होती है तथा यह विद्यार्थियों में जिम्मेदारी और आत्मविश्वास का विकास करती है एवं विद्यालय की गतिविधियों, सेवा परियोजनाओं के आयोजन और क्रियान्वयन में इन पदाधिकारियों की अहम भूमिका होती है। इस अवसर पर मो. फैजान खान, शिवकरन पाल, संचिता त्रिवेदी, प्रशांत पांडेय, शाहीन खान, शुभी सिंह, अजय सिंह, विवेक कुमार, अभिषेक श्रीवास्तव, शिवेंद्र विक्रम, वीएस त्रिवेदी, गिरीश श्रीवास्तव सहित शिक्षक-शिक्षिकाएँ, विद्यार्थी व शिक्षणेत्तर कर्मचारी उपस्थित रहे।

## निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर में मरीजों का हुआ स्वास्थ्य परीक्षण, वितरित की गयीं दवाएं



**सुलतानपुर (वीओएल)।** कमला नेहरू इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड टेक्नोलॉजी के फैकल्टी ऑफ फामेर्सी द्वारा शनिवार को रामरती इंटर कॉलेज, कटका में एक दिवसीय निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का भव्य आयोजन किया गया। इस शिविर का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना और उन्हें स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना रहा। कार्यक्रम का शुभारंभ फामेर्सी निदेशक प्रो. डॉ. महेश प्रसाद द्वारा दीप प्रज्वल्लन के साथ किया गया। इस अवसर पर रामरती इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉ. रामजीत गौतम, ग्राम प्रधान सुभाष सिंह, डॉ. अलका तिवारी (एमबीबीएस), डॉ. प्रशांत श्रीवास्तव (बीएएमएस) एवं डॉ. बी.एन. श्रीवास्तव का स्वागत एवं सम्मान किया गया। शिविर में बी.फार्मा एवं डी.फार्मा के छात्र-छात्राओं ने सक्रिय भूमिका निभाते हुए मरीजों की ब्लड प्रेशर, ब्लड शुगर, आंखों की जांच, दमा की जांच सहित अन्य आवश्यक परीक्षण किए। साथ ही मरीजों को निःशुल्क दवाओं का वितरण भी किया गया। उपस्थित चिकित्सकों ने मरीजों को उचित परामर्श एवं उपचार प्रदान किया, जिससे लोगों को काफी लाभ मिला। कार्यक्रम के दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने शिविर का लाभ उठाया। संस्थान के प्रबंधक विनोद सिंह ने इस पहल की सराहना करते हुए सभी छात्र-छात्राओं, शिक्षकों एवं स्टाफ को शुभकामनाएं दीं।

## मॉडिफाइड साइलेंसर, प्रेशर हॉर्न या हूटर की बिक्री व लगाने वालों के खिलाफ होगी कार्यवाही

**रायबरेली।** सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी (प्रशासन) रायबरेली अरविन्द कुमार यादव ने बताया है कि उच्च न्यायालय इलाहाबाद खण्डपीठ-लखनऊ में दायर पीआईएल में पारित आदेश एवं परिवहन आयुक्त, के अनुपालन में सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी कार्यालय रायबरेली में शनिवार को मोटर डीलर, मोटर गैराज एवं वर्कशॉप संचालकों के साथ बैठक की गई। बैठक में परिवहन विभाग के हेल्पलाइन-18001800151 एवं 18001800149 के बारे में जानकारी दी गई। सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी (प्रशासन), रायबरेली अरविन्द कुमार यादव ने बताया कि मॉडिफाइड साइलेंसर, प्रेशर हॉर्न अथवा हूटर की बिक्री एवं स्थापना करने वाले गैरेज, वर्कशॉप आदि वाहनों से उत्पन्न ध्वनि प्रदूषण होता मिले तो इनके खिलाफ कार्यवाही की जायेगी। कानून के तहत वर्कशाप गैराज संचालन पर एक लाख रुपये जुमार्ना किया जा सकता है। जुमार्ने के शमन की शक्ति उप परिवहन आयुक्त एवं उनसे ऊपर के अधिकारियों को है। कोई भी वाहन चालक कंपनी फिटिंग के अलावा परिवर्तन करता है तो संबंधित वाहन स्वामी को ऐसी अवधि के कारावास से छह माह तक सजा का प्रावधान हैं। ऐसे प्रत्येक परिवर्तन के लिए पांच हजार तक के जुमार्ने अथवा दोनों से दंडित किया जा सकता है। जिन वाहनों से सड़क सुरक्षा, शोर नियंत्रण एवं वायु प्रदूषण के सम्बन्ध में विहित मानकों का उल्लंघन होता हैं, उनके विरूद्ध कार्यवाही और संबंधित व्यक्ति प्रथम अपराध के लिए तीन माह तक के कारावास अथवा दस हजार रुपये तक के जुमार्ने अथवा दोनों से दंडनीय होगा। बैठक में सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन) रायबरेली उमेश चन्द्र कटियार, एवं वरिष्ठ सहायक इमरान शाह, तथा जनपद रायबरेली के मोटर डीलर, मोटर गैराज एवं वर्कशॉप संचालक उपस्थित रहे।

# 35 में से 6 शिकायतों का मौके पर निस्तारण




**महराजगंज, रायबरेली।** तहसील सभागार में शनिवार को तहसीलदार मंजुला मिश्रा एवं एसडीएम गौतम सिंह की अध्यक्षता में ह्यसंपूर्ण समाधान दिवसह्न का आयोजन संपन्न हुआ। इस दौरान दूर-दराज से आए फरियादियों की समस्याओं को गंभीरता से सुना गया और संबंधित अधिकारियों को गुणवत्तापूर्ण व त्वरित निस्तारण के निर्देश दिए गए।

समाधान दिवस में कुल 35 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें पुलिस विभाग की 11, राजस्व विभाग की 12, विकास विभाग की 1 तथा अन्य विभागों की 11 शिकायतें शामिल रहीं। इनमें से मौके पर केवल 6 शिकायतों का निस्तारण किया जा सका, जबकि शेष शिकायतों को समयबद्ध निस्तारण हेतु संबंधित विभागों को प्रेषित कर दिया गया।

तहसीलदार मंजुला मिश्रा ने अधिकारियों को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि जनसमस्याओं के समाधान में किसी भी प्रकार की लापरवाही या शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने पुलिस और राजस्व से जुड़े मामलों में स्थलीय निरीक्षण कर निष्पक्ष कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

इस अवसर पर एसडीएम गौतम सिंह, तहसीलदार मंजुला मिश्रा, नायब तहसीलदार उमेश चंद्र त्रिपाठी, खंड विकास अधिकारी वर्षा सिंह सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## तहसील सभागार परिसर में हुआ संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन

**सलोन।** तहसील सभागार परिसर में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में अध्यक्षता कर रहे मुख्य विकास अधिकारी ने फरियादियों की समस्याओ का गुणवत्ता पूर्ण ढंग से निस्तारण किया जाने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि शिकायतों के निस्तारण में शासन के मंशानुरूप काम नही हुआ तो कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी तथा शिकायतों का निस्तारण प्राथमिकता से समयबद्ध रहते हो जाना चाहिए।इस दौरान कुल 28 फरियादियो ने अपनी शिकायतें दर्ज करायी जिसमे 2 शिकायती पत्रों का मौके पर निस्तारण कर दिया गया।वंही मुख्य मुख्य अधिकारी अंजुलता ने लोगो की समस्याओं को सुनते हुए कहा कि गर्मी का मौसम हैं विकास के प्रेत्यक गावो में लगे सरकारी हैण्डपम्प जो खराब और बन्द पड़े है नल उसे जल्द ठीक कराया जाए जिससे ग्रामीणों को पेय जल की समस्या न हो। इस मौके पर उपजिलाधिकारी चंद्र प्रकाश, तहसीलदार दीपिका सिंह, बीडीओ शशि कुमार तिवारी समेत अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

## महिलाएं अपनी शक्ति पहचानें, तभी होगा सशक्त समाज : अजय सिंह

**सुलतानपुर (वीओएल)।** श्याम कुमारी बालिका इंटरमीडिएट कॉलेज, पेमापुर के सभागार में नारी शक्ति मिशन के पांचवें चरण के अंतर्गत नारी सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन विषय पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में छात्राओं को आत्मनिर्भर बनने और अपने अधिकारों के प्रति सजग रहने का संदेश दिया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए रामबरन महाविद्यालय के प्रबंधक अजय कुमार सिंह ने कहा कि महिलाओं ने अपने साहस, संघर्ष और उपलब्धियों के माध्यम से समाज में एक सशक्त पहचान बनाई है। उन्होंने कहा कि अब समय आ गया है कि महिलाएं अपनी ताकत को पहचानें और हर क्षेत्र में आगे बढ़ें। उन्होंने छात्राओं को प्रेरित करते हुए कहा कि नारी शक्ति केवल एक शब्द नहीं, बल्कि समाज के विकास की आधारशिला है। इस अवसर पर मोतिगरपुर थाने के उपनिरीक्षक ने छात्राओं को महिला सुरक्षा से जुड़े महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी। उन्होंने वूमेन पावर लाइन 1090, महिला हेल्पलाइन 181, आपातकालीन सेवा 112 और साइबर हेल्पलाइन 1930 के उपयोग और महत्व के बारे में विस्तार से बताया। कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्कृत प्रवक्ता सिंधु लता त्रिपाठी ने की। इस दौरान उपनिरीक्षक अशोक कुमार वर्मा, महिला आरक्षी दीपिका, विक्रांत सिंह, सीमा सिंह, उषा वर्मा, प्रियंका पांडेय, अमर बहादुर वर्मा और मोहित चैबे सहित बड़ी संख्या में छात्राएं उपस्थित रहीं।

संक्षेप

## सेवायत की दुकान में अग्निकांड से हड़कंप

**मथुरा।** वृंदावन कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत आज सुबह बांके बिहारी मंदिर की गली नंबर 3 में स्थित मंदिर सेवायत की भोग-प्रसाद और मिठाई की दुकान में आग लग गई। घटना सुबह करीब 4 बजे की है। इस दौरान पूरा बाजार और मंदिर के पट बंद थे। समय रहते आग पर काबू पा लिया गया, वरना संकरी गलियों वाले इस क्षेत्र में बड़ी जनहानि हो सकती थी। श्रीबांके बिहारी मंदिर के सेवायत हिमांशु गोस्वामी और आकाश गोस्वामी की की मंदिर मार्ग पर ही मिठाई और भोग-प्रसाद की दुकान है। आज तड़के अचानक दुकान के भीतर से धुंआ और आग की लपटें उठती देख आसपास के लोगों के होश उड़ गए। स्थानीय नागरिकों ने तुरंत दुकान स्वामियों और पुलिस को इसकी सूचना दी। सूचना मिलते ही समीप स्थित पुलिस चैकी के जवान और दमकल की गाड़ियां मौके पर पहुंच गईं। दुकान का शटर खोलते ही पूरी दुकान काले धुएं और आग के गोले में तब्दील हो चुकी थी। फायर ब्रिगेड की टीम को संकरी गली में मोर्चा संभालने में कड़ी मशक्कत करनी पड़ी, लेकिन करीब एक घंटे की घेराबंदी के बाद आग को पूर्णतः बुझा लिया गया। हालांकि, तब तक दुकान में रखा लाखों रुपये का कीमती सामान, भोग-प्रसाद और फर्नीचर जलकर खाक हो चुका था।

## रागनी व सांस्कृतिक कार्यक्रम में दर्शकों का उमड़ा सैलाब

**मथुरा।** भारत रत्न बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर के 135वें जन्मोत्सव को लेकर बीतीरात जिले के गोवर्धन स्थित राधाकुंड और मगोर्रा क्षेत्र स्थित जाटव समुदाय बारात घर में भव्य कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इन कार्यक्रमों में भाजपा जिला पंचायत अध्यक्ष किशन चैधरी ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की और बाबा साहब के पदचिन्हों पर चलने का आह्वान किया। कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ मुख्य अतिथि श्रीचैधरी द्वारा बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलित कर और माल्यार्पण के साथ किया गया। इस दौरान उपस्थित जनसमूह ने बाबा साहब के जयघोष से वातावरण को गुंजायमान कर दिया। डॉ. भीमराव अंबेडकर नवयुवक समाज सेवा समिति के सदस्यों द्वारा जिला पंचायत अध्यक्ष का भव्य स्वागत एवं अभिनंदन किया। शिक्षा के महत्व पर जोर देते हुए मुख्य अतिथि ने क्षेत्र के मेधावी छात्र-छात्राओं को उनकी उत्कृष्ट उपलब्धियों के लिए सम्मानित किया। मेधावी छात्रा को अपना आशीर्वाद प्रदान करते हुए कम्प्यूटर सिस्टम देकर प्रोत्साहित किया। जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीचैधरी ने कहा ह्वबाबा साहब ने ह्वशिक्षित बनो, संगठित रहो और संघर्ष करोह्व का जो मूलमंत्र दिया था, वह आज भी उतना ही प्रासंगिक है। हमारी युवा पीढ़ी शिक्षा के माध्यम से ही समाज और राष्ट्र के निर्माण में अपनी अहम भूमिका निभा सकती है ह्व दूसरी ओर मगोर्रा के जाटव समुदाय बारात घर में आयोजित रागनी एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से बाबा साहब के जीवन संघर्ष और सामाजिक समरसता के संदेश को खूबसूरती से प्रदर्शित किया गया। उक्त कार्यक्रमों में राधाकुंड चेयरमैन रामफलजी, चंदगीराम नेताजी, गौरव, विजय प्रधान (मगोर्रा), समय सिंह, राजू चैधरी, गुड्डू चैधरी और प्रदीप कुंतल सहित समाज के अनेक प्रबुद्ध और गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। पूरे कार्यक्रम में श्रद्धा, सम्मान वसामाजिक एकता की झलक देखने को मिली।

# सोमनाथ यात्रा के लिए डीएम ने रवाना किये 10 तीर्थयात्री



**मथुरा।** डीएम चंद्र प्रकाश सिंह ने हरी झंडी दिखाकर सोमनाथ स्वाभिमान पर्व के तहत जनपद के 10 तीर्थयात्रियों को किया विश्व प्रसिद्ध सोमनाथ मंदिर के लिए रवाना। सोमनाथ स्वाभिमान पर्व भारत की आस्था, संस्कृति व आत्मगौरव का भव्य उत्सव है, जो सोमनाथ मन्दिर के हजार वर्षों की अविचलित यात्रा को स्मरण करता है।

जनपद से 10 तीर्थयात्री सोमनाथ हेतु रवाना किए गए, जिसमें प्रगतिशील किसान हरिपाल सिंह, अंतरराष्ट्रीय कुश्ती खिलाड़ी कुंवरपाल, अध्यक्ष युवा व्यापार मंडल मनीष चतुर्वेदी, ग्राम प्रधान सुमित्रा देवी, युवा उद्यमी मनीष कुमार अग्रवाल, एनआरएलएम उद्यमी सुंदरी कुमारी, भिही कला का उद्यमी कलुआ, वीर शहीद की पत्नी विजय देवी, व्यापार संघ महामंत्री मृदुल अग्रवाल व ज्योतिषाचार्य विजय कुमार शर्मा है। आज सभी ने लखनऊ के लिए प्रस्थान किया। 19 अप्रैल26 को लखनऊ से स्पेशल ट्रेन द्वारा सोमनाथ को प्रस्थान करेंगे। सोमनाथ संकल्प संवाद, सोमनाथ कॉम्प्लैक्स दर्शन/ भ्रमण, लाइट ऐण्ड साउंड शो, सोमनाथ म्यूजियम का भ्रमण, भजन संध्या, रूद्राभिषेक, महा आरती, प्रवचन, स्थानीय दर्शनीय स्थलों का भ्रमण, दीपोत्सव आदि कार्यक्रम होंगे। गुजरात के प्रभास पाटन में स्थित यह मन्दिर द्वादश ज्योतिलिंगों में प्रथम है और इसे सौराष्ट्र सोमनाथं चकहकर सर्वोच्च स्थान दिया गया है। इतिहास में अनेक बार आक्रमण व विध्वंस के बावजूद यह मन्दिर बार-बार पुनर्निर्मित हुआ, जो भारतीय सभ्यता की अदम्य शक्ति और पुनरुत्थान की भावना का प्रतीक है। स्वाभिमान पर्व का संदेश यही है कि सोमनाथ का इतिहास पराजय का नहीं, बल्कि विजय और पुनर्निर्माण का है। यह पर्व हमें यह स्मरण कराता है कि आस्था और संस्कृति समय की कसौटी पर खरे उतरते हैं और सृजन ही स्थायी है, जबकि विनाश क्षणिक। सोमनाथ मन्दिर केवल धार्मिक स्थल नहीं, अपितु भारत की आत्मा, गौरव और सांस्कृतिक दृढ़ता का जीवन्त प्रतीक है। 1026 सीई में सोमनाथ मन्दिर पर हुए प्रथम आक्रमण के 1000 एवं मन्दिर के पुनरुद्धार के 75 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में सोमनाथ स्वाभिमान पर्व का आयोजन 8 से 11 जनवरी, 2026 के मध्य सोमनाथ, गुजरात में किया गया जिसमें पीएममुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। गृहमंत्री की अध्यक्षता में राष्ट्रीय सूचना विज्ञान एनआईसी की 16 जनवरी को आहूत बैठक में निर्णय लिया गया कि सोमनाथ स्वाभिमान पर्व अटूट आस्था के 1000 वर्ष कार्यक्रम का आयोजन 11 जनवरी, 2026 से 11 जनवरी, 2027 तक सभी राज्यों एवं केन्द्र शासित प्रदेशों के सहयोग से वर्ष पर्यन्त आयोजित किया जाए।

## दो बच्चों की मां ने मामा संग पी बीयर फिर हथौड़े से फोड़ा सिर, ब्लेड से काटा गला

**आगरा।** जिले में सनसनीखेज मामला सामने आया है। दो बच्चों की मां ने अपने रिश्ते के मामा का होटल के कमरे में बेरहमी से कत्ल कर दिया। इसके बाद चीखते हुए बाहर निकली। होटल स्टाफ को हत्याकांड की जानकारी। पुलिस के सामने महिला ने चौंकाने वाले राज खोले। मलपुरा थाना क्षेत्र के इटौरा स्थित होटल ताजपथ के कमरा नंबर 204 में शुक्रवार दोपहर महिला ने रिश्ते के मामा की बेरहमी से हत्या कर दी। दोनों होटल में मिलने आए थे। आरोप है कि मामा उसे ब्लैकमेल कर रहा था। आपत्तिजनक फोटो और वीडियो पति को भेजने की धमकी दे रहा था। होटल कर्मियों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने महिला को हिरासत में ले लिया। डीसीपी पश्चिमी जोन आदित्य सिंह ने बताया कि दोपहर 1 बजे होटल में हत्या की सूचना मिली थी। पुलिस पहुंची तो फतेहपुर सीकरी निवासी खिल्लो (36) का शव कमरे में फर्श पर खून से लथपथ पड़ा हुआ था। मलपुरा थानाक्षेत्र की महिला भी होटल में उसके साथ आई थी। उससे पूछताछ की गई। उसने बताया कि वह लोग सुबह 11 बजे होटल में आए थे। खिल्लो ने उसे कमरे में ठहरा दिया। खुद शराब के ठेके पर गया। बीयर खरीदकर लाया। दोनों ने साथ बैठकर बीयर पी। होटल के कमरे में ही दोनों के बीच विवाद होने लगा। महिला का आरोप है कि खिल्लो जबरन संबंध बनाने की कोशिश कर रहा था। मना करने पर नहीं माना। उसने पर्स में लाया मिर्ची स्प्रे खिल्लो की आंखों में छिड़क दिया। वह आंखों में जलन से परेशान हुआ तो मौका पाकर उसने सर्जिकल ब्लेड से खिल्लो का गला काट दिया। वह बेड से फर्श पर गिरकर तड़पने लगा। होटलकर्मी उसे बचा न लें इसके लिए उसने हथौड़े से सिर पर ताबड़तोड़ 10 से 15 प्रहार कर खिल्लो को मार डाला। इसके बाद जोर-जोर से चीखते हुए बाहर आई। कर्मचारियों को बताया कि हत्या कर दी है। इस पर होटलकर्मियों ने पुलिस को जानकारी दी। सूचना पर थाना मलपुरा पुलिस के साथ एसीपी सैंया डॉ. सुकन्या शर्मा पहुंच गईं। उन्होंने आरोपी महिला से पूछताछ की। मामले में मृतक के भाई अजय की तहरीर पर पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज की है। होटल ताजपथ की तीसरी मंजिल के एक कमरे में घटना हुई। होटल से पुलिस ने आपत्तिजनक सामग्री बरामद की। पुलिस की पूछताछ में सामने आया कि स्थानीय लोगों ने आरोप लगाया कि होटल में लंबे समय से अनैतिक गतिविधियां चल रही थीं। होटल संचालक टूंडला का रहने वाला रोहित है। चार महीने से होटल को किराए पर चला रहा है।

## लव जिहाद, धर्मांतरण के विरोध में विशाल प्रदर्शन व राष्ट्रपति के नाम सौंपा ज्ञापन



**फिरोजाबाद।** विकृत जिहादी मानसिकता के विरुद्ध बजरंग दल द्वारा राष्ट्रव्यापी स्तर पर चलाए जा रहे विरोध अभियान के अंतर्गत फिरोजाबाद में भी एक विशाल प्रदर्शन आयोजित किया गया तथा राष्ट्रपति के नाम सम्बोधित ज्ञापन उपजिलाधिकारी को सौंपा गया। सामाजिक जीवन के लगभग हर क्षेत्र में बढ़ रही सुनियोजित घटनाएं इस मानसिकता का स्पष्ट प्रमाण हैं। नासिक स्थित टीसीएस में उजागर हुआ मामला भी इसी चिंताजनक श्रृंखला की एक कड़ी है। आज देश के अनेक नगरों से लव जिहाद वन भूमि एवं सार्वजनिक स्थलों पर अवैध कब्जे खान-पान की वस्तुओं को अपवित्र करना, हिंदू परिवारों का उत्पीड़न तथा जनजातीय अवयस्क बालिकाओं के शोषण जैसी घटनाएं लगातार सामने आ रही हैं। इन सभी गंभीर विषयों पर सरकार से मांग की गई कि कठोर कानून बनाए जाएं और दोषियों पर सख्त से सख्त कार्रवाई की जाए। इसी क्रम में बजरंग दल के जिला सह-संयोजक करन के नेतृत्व में कार्यकताओं द्वारा जिला कलेक्ट्रेट पर जोरदार विरोध प्रदर्शन किया गया तथा राष्ट्रपति के नाम सम्बोधित ज्ञापन उप जिलाधिकारी महोदय को सौंपा।जिसमें बड़ी संख्या में कार्यकताओं ने भाग लेकर अपने संकल्प और एकजुटता का परिचय दिया। इस अवसर पर राकेश त्यागी प्रांत सह-मंत्री ने अपने उद्बोधन में स्पष्ट कहा कि यदि समाज आज संगठित नहीं हुआ, तो आने वाले समय में इसके गंभीर परिणाम पूरे समाज को भुगतने पड़ सकते हैं। ईइस दौरान शशि कांत शर्मा विभाग मंत्री, कपिल विभाग संगठन मंत्री, दिनेश विभाग सत्संग प्रमुख, राजीव शर्मा जिलाध्यक्ष, महेंद्र शर्मा जिलाध्यक्ष-शिकोहाबाद, शैलेन्द्र कुलश्रेष्ठ जिला मंत्री, तेजेंद्र चौहान जिला मन्त्री, धर्मेंद्र जिला उपाध्यक्ष-शिकोहाबाद, दीपक जिला उपाध्यक्ष, नितिन, नितिनआर्य, मनोज शर्मा, लकी, रवि, कमल पालीवाल, अंकित लहरी, गौरव कुलश्रेष्ठ, आदर्श, रवि शर्मा, दीप, देश दीपक, सहित अनेको कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## नारी शक्ति वंदन संशोधन बिल गिरने पर भाजपा के मीडिया प्रभारी ने विपक्ष पर किया तीखा प्रहार

**मथुरा।** लोकसभा में नारी शक्ति वंदन (महिला आरक्षण) संशोधन बिल पारित न हो पाने के बाद भारतीय जनता पार्टी ने विपक्ष पर तीखा हमला बोला है। भाजपा के मीडिया प्रभारी ने इस घटनाक्रम को महिलाओं के अधिकारों के साथ अन्याय बताते हुए विपक्ष की मंशा पर गंभीर सवाल उठाए हैं। कहा कि यह बिल देश की माताओं-बहनों को राजनीतिक रूप से सशक्त बनाने की दिशा में एक ऐतिहासिक पहल था, लेकिन विपक्ष ने अपने राजनीतिक स्वार्थ के चलते इसका समर्थन नहीं किया। उन्होंने आरोप लगाया कि वर्षों से महिला आरक्षण की बात करने वाला विपक्ष, जब इसे लागू करने का अवसर आया तो पीछे हट गया। उन्होंने कहा विपक्ष का असली चेहरा देश के सामने आ गया है। जो दल महिलाओं के अधिकारों की बात करते हैं, वही आज उनके सशक्तिकरण के सबसे बड़े अवरोधक बन गए हैं। यह अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है कि राजनीति के कारण एक ऐतिहासिक अवसर हाथ से निकल गया। भाजपा मीडिया प्रभारी ने आगे कहा कि केंद्र सरकार महिलाओं के उत्थान और समान भागीदारी के लिए निरंतर प्रतिबद्ध है और भविष्य में भी ऐसे प्रयास जारी रहेंगे।

## आपस में टकरायी दोस्तों की बाइक, दो की मौत

**मथुरा।** फरह थाना क्षेत्र के अंतर्गत रैपुरा फ्लाईओवर के पास दो तेज रफ्तार बाइकों के बीच हुई जबरदस्त भिड़ंत में तीन अन्य युवक गंभीर रूप से घायल हैं। घटना बीतीदेर रात करीब 2 से 2:30 बजे के बीच की है। बताया गया कि मथुरा से आगरा की ओर तेजगति से जा रही दो बाइकें जिन पर पांच युवक सवार थे, अचानक असंतुलित होकर आपस में टकरा गईं। एक बाइक को शिवम (19 वर्ष) पुत्र बलराम निवासी पोईया चैराहा, एत्मादद्दौला आगरा चला रहा था वहीं दूसरी बाइक को राशिद (22 वर्ष) पुत्र यामीन निवासी सुल्तानगंज मस्जिद के पास राया चला रहा था। फरह थाना प्रभारी छोटेलाल ने बताया कि घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस टीम तत्काल मौके पर पहुंची। पुलिस ने एंबुलेंस से सभी पांचों युवकों को उपचार के लिये जिला अस्पताल पहुंचाया। जहां उपचार के दौरान शिवम ने दम तोड़ दिया।

# सीडीओ ने सुनीं फरियादियों की शिकायतें



**फिरोजाबाद।** तहसील सिरसागंज में सीडीओ की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें सीडीओ ने एक एक कर फरियादियों की जन समस्याएं सुनी, और अवैध कब्जों और धमकी के मामलों में सख्त निर्देश दिए।

तहसील सिरसागंज में शनिवार को मुख्य विकास अधिकारी शत्रोहन वैश्य की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान भूमि विवाद अवैध कब्जे, बिजली आपूर्ति और आपराधिक धमकियों से संबंधित कुल 44 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से 5 का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। शेष मामलों के लिए सीडीओ ने संबंधित अधिकारियों को समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण कार्यवाही के निर्देश दिए। समाधान दिवस में गंभीर मामले सामने आए, और जिन पर सीडीओ ने तत्काल संज्ञान लिया ग्राम अकबरपुर सराय के चंद्रपाल सिंह और ग्राम शेरपुर अफजलपुर के रघुवीर सिंह ने चकरोड पर कब्जे की शिकायत की। इस पर सीडीओ ने राजस्व टीम और क्षेत्राधिकारी को संयुक्त रूप से पैमाइश कर चकरोड मुक्त कराने के आदेश दिए। ग्राम नगला धीर निवासी अजय कुमार ने अपने पिता व भाई की संदिग्ध मृत्यु और 11 बीघा जमीन के फर्जी बैनामे का आरोप लगाया। प्रार्थी ने जान-माल के खतरे की बात कही, जिसे गंभीरता से लेते हुए सीडीओ ने क्षेत्राधिकारी को जांच के कड़े निर्देश दिए। ग्राम खटुआमई के शिशुपाल सिंह ने बताया कि आंधी के कारण 11 केवी की लाइन 8 दिनों से ठप है, जिससे मक्का की फसल सूख रही है। इसके लिए एसडीओ और जेई इलाके को तत्काल जांच के निर्देश दिए गए। ग्राम कीठौत की सर्वेश कुमारी की शिकायत पर तहसीलदार को बिना बंटवारे हो रहे अवैध निर्माण को रुकवाने का निर्देश दिया गया। कार्यवाही के अंत में सीडीओ शत्रोहन वैश्य ने स्पष्ट किया कि शिकायतों का निस्तारण केवल कागजों पर नहीं, बल्कि धरातल पर गुणवत्तापूर्ण ढंग से होना चाहिए। सभी अधिकारी शासन की मंशा के अनुरूप तय समय सीमा के भीतर पीड़ितों को न्याय दिलाना सुनिश्चित करें। लापरवाही बरतने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। ?इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. राम मदन राम, उपजिलाधिकारी सिरसागंज जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी आशिष पांडे और पुलिस क्षेत्राधिकारी सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## गुंडा एक्ट की फर्जी रिपोर्ट देने पर पूर्व थानाध्यक्ष समेत अन्य पर प्राथमिकी

**आगरा।** थाना न्यू आगरा में अपने ही थाने के पूर्व थानाध्यक्ष और अन्य कर्मचारियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है। यह कार्रवाई एक व्यक्ति पर गुंडा एक्ट का फर्जी मामला दर्ज करने की रिपोर्ट देने के आरोप में की गई है। पीड़ित ने जेल से रिहा होने के बाद आरटीआई से जानकारी मांगी, जिसमें उसके खिलाफ ऐसा कोई मामला दर्ज नहीं पाया गया। इसके बाद न्यायालय के आदेश पर प्राथमिकी दर्ज की गई है। दयालबाग के नगला तल्फी निवासी प्रेम सिंह (48) ने न्यायालय में प्रार्थनापत्र दिया था। उन्होंने आरोप लगाया कि गांव के भीकम सिंह और थाना न्यू आगरा पुलिस ने उनके खिलाफ गुंडा एक्ट का फर्जी मामला दर्ज होने की रिपोर्ट दी। इस कारण उन्हें अकारण लंबे समय तक जेल में रहना पड़ा। प्रेम सिंह ने बताया कि उन्होंने 3 अगस्त, 2018 को जिलाधिकारी आगरा को सरकारी जमीन पर अवैध कब्जे की शिकायत दी थी। जब प्रशासनिक टीम मौके पर पहुंची, तो दूसरे पक्ष ने उन पर जानलेवा हमला कर दिया। इस मामले में उनके भाई ने थाना न्यू आगरा में प्राथमिकी दर्ज कराई थी, जो न्यायालय में विचाराधीन है। समझौते का दबाव बनाने के लिए भीकम सिंह ने अपने पुत्र रंजीत के माध्यम से 11 मई, 2022 को थाना ताजगंज में लूट का मामला दर्ज कराया। प्रेम सिंह को गिरफ्तार कर 7 सितंबर, 2023 को जेल भेजा गया था। जमानत सुनवाई के दौरान पुलिस और आरोपी ने उच्च न्यायालय में गलत शपथपत्र दाखिल कर प्रेम सिंह के खिलाफ वर्ष 2009 का गुंडा एक्ट का मुकदमा दर्शाया। प्रेम सिंह का आरोप है कि यह पूरा मामला जमीन विवाद से जुड़ा है। उन्होंने सरकारी जमीन पर अवैध कब्जे को हटाने के लिए शिकायत की थी। इसी विवाद में दूसरे पक्ष ने उन पर हमला किया था। बाद में, इसी मामले में समझौते का दबाव बनाने के लिए उन पर लूट का फर्जी मुकदमा दर्ज कराया गया। गुंडा एक्ट की फर्जी रिपोर्ट भी इसी साजिश का हिस्सा थी। थानाध्यक्ष ने बताया कि न्यायालय के आदेश पर भीकम सिंह समेत अन्य आरोपियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है। जांच की जा रही है।

# पुण्य स्मृति में निःशुल्क मेगा स्वास्थ्य शिविर आयोजित



**मथुरा।** स्वर्गीय श्रीनाथ दास अग्रवाल पुण्य स्मृति में प्रथम पहल धर्मार्थ क्लिनिक एवं श्रीनाथजी धर्मार्थ ट्रस्ट के संयुक्त तत्वावधान तथा अमृता हॉस्पिटल, फरीदाबाद की टीम के सहयोग से स्थानीय जाहरवीर बाबा मंदिर के सामने, वृंदावन गेट, मथुरा में आयोजित निःशुल्क मेगा स्वास्थ्य शिविर अभूतपूर्व सफलता के साथ संपन्न हुआ। सुबह से ही शिविर स्थल पर मरीजों की लंबी कतारें लग गईं। ग्रामीण क्षेत्रों से लेकर शहरी इलाकों तक के सैकड़ों लोगों ने इस शिविर का लाभ उठाया। कई मरीजों ने वर्षों से चली आ रही स्वास्थ्य समस्याओं की जांच कराई और विशेषज्ञ डॉक्टरों से निःशुल्क परामर्श प्राप्त किया।

इस शिविर में श्वसन एवं फेफड़ा रोग विशेषज्ञ डॉ. सुमन, पेट रोग विशेषज्ञ डॉ. कार्तिक, सामान्य रोग विशेषज्ञ डॉ. स्वाति बी. राम तथा हड्डी एवं जोड़ रोग विशेषज्ञों सहित अन्य डॉक्टरों ने प्रातः 11 बजे से अपनी सेवाएं प्रदान कर मानवता की सच्ची मिसाल पेश की। डॉक्टरों की टीम ने धैर्यपूर्वक प्रत्येक मरीज की जांच कर उचित परामर्श दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ संरक्षक महामंडलेश्वर योगी नवल गिरी महाराज, संयोजक मोहन लाल अग्रवाल (ज्वेलर्स, आगरा), सुनील अग्रवाल, पवन अग्रवाल, मयंक अग्रवाल, संजय अग्रवाल, विष्णु अग्रवाल, श्याम सुंदर, राजेंद्र प्रसाद, हर्षित अग्रवाल, अर्पित अग्रवाल, तुषार अग्रवाल, चिराग अग्रवाल एवं समस्त छर्रा परिवार, संरक्षक महेश चंद अग्रवाल कसेरे, चै. भगवत शरण अग्रवाल, अमृत लाल खंडेलवाल, अध्यक्ष कन्हैया लाल अग्रवाल (स्वीटी), संस्थापक सीए अमित अग्रवाल, नि अध्यक्ष प्रभात कुमार अग्रवाल, कोषाध्यक्ष पंकज टालीवाल, चुनाव अधिकारी योगेश अग्रवाल, उपाध्यक्ष मनोज बंसल, मनोज अग्रवाल कोल्हापुरी, मंत्री नारायण हरि गोयल, सह कोषाध्यक्ष रूपेश अग्रवाल, संगठन मंत्री सुधीर अग्रवाल, आय-व्यय निरीक्षक नकुल खंडेलवाल, पार्षद नीलम गोयल, हेमंत गोयल खंदोली, राकेश बिहारी अग्रवाल, योगेंद्र गोयल, सलाहकार अनुपम शर्मा, मनीष शोरावाला, योगेश गोयल, जितेंद्र गोयल, प्रचार मंत्री गिरीश वर्मा, बृजबासी लाल, चंद्रपाल सिंह निषाद, केशव देव सर्राफ, योगेंद्र मित्तल सहित अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने दीप प्रज्वलन के साथ किया। इस अवसर पर संरक्षक महामंडलेश्वर योगी नवल गिरी महाराज ने अपने वक्तव्य में कहा कि स्वास्थ्य सेवा सबसे बड़ा धर्म है। समाज के अंतिम व्यक्ति तक चिकित्सा सुविधाएं पहुंचाना ही सच्ची सेवा है। ऐसे आयोजन मानवता को मजबूत करते हैं और समाज को सकारात्मक दिशा प्रदान करते हैं। इस स्वास्थ्य शिविर में अमृता हॉस्पिटल, फरीदाबाद के अनुभवी विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम द्वारा ब्लड प्रेशर, ब्लड शुगर, कोलेस्ट्रॉल, ईसीजी, बीएमडी (हड्डी जांच) एवं पीएफटी (फेफड़ों की जांच) जैसी आधुनिक जांच सुविधाएं निःशुल्क उपलब्ध कराई गईं।

## 33 शिकायतों में गूंजी किसानों की पीड़ा

**मथुरा।** छाता तहसील में जनसमस्याओं के त्वरित समाधान के उद्देश्य से संपूर्ण समाधान दिवसह्व का आयोजन किया गया। इस दौरान विभिन्न विभागों से संबंधित कुल 33 शिकायतें दर्ज की गईं। प्रशासन ने सभी शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए संबंधित अधिकारियों को जल्द से जल्द इनके निस्तारण के कड़े निर्देश दिए हैं। समाधान दिवस में सबसे अधिक भीड़ किसानों की देखी गई। किसानों ने अपनी पीड़ा व्यक्त करते हुए खेती-किसानी से जुड़ी कई गंभीर समस्याओं को अधिकारियों के सामने रखा। नायब तहसीलदार शिव शंकर ने जानकारी देते हुए बताया कि आज उप जिलाधिकारी छाता की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया है जिसमें कुल 33 शिकायत प्राप्त हुई हैं। सरकारी भूमियों पर अवैध कब्जे की शिकायत मिली है, सभी लेखपालो को निर्देशित किया गया है कि तुरंत कब्जा हटवाया जाए।

## सोमनाथ स्वाभिमान पर्व यात्रा का हुआ भव्य शुभारंभ विधायक ने हरी झंडी दिखाकर बस को किया रवाना



**फिरोजाबाद।** संस्कृति का स्वाभिमान परम्पराओं का हो सम्मान के संकल्प के साथ जनपद में सोमनाथ स्वाभिमान पर्व यात्रा का भव्य शुभारंभ हुआ। इस दौरान सदर विधायक मनीष असीजा ने मिनी बस को हरी झंडी दिखाकर गंतव्य के लिए रवाना किया। यात्रा की मिनी बस को रवाना करते समय उपस्थित जन समूह ने जयकारों के साथ माहौल को भक्तिमय बना दिया। सदर विधायक मनीष असीजा ने समस्त तीर्थ यात्रियों को शुभकामनाएं देते और मंगलम यात्रा की कामनाएं करते हुए कहा कि, ऐसी यात्राएं हमारी सांस्कृतिक विरासत और श्रद्धा को मजबूती प्रदान करती हैं। यह यात्रा श्रद्धालुओं को भगवान सोमनाथ के दर्शन कराने के उद्देश्य से आयोजित की गई है। इस अवसर पर मुख्य रूप से भाजपा के जिला अध्यक्ष उदय प्रताप सिंह, महानगर अध्यक्ष सतीश दिवाकर और मुख्य विकास अधिकारी शत्रोहन वैश्य सहित उप जिलाधिकारी सुदर्शन कुमार और पर्यटन अधिकारी विशाल श्रीवास्तव उपस्थित रहे।

# दहेज के लिए विवाहिता को फंदे पर लटकाने का आरोप

**शिकोहाबाद।** दहेज उत्पीड़न का एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। ससुराल पक्ष पर विवाहिता को फांसी के फंदे पर लटकाने का आरोप लगाया गया है। महिला की हालत गंभीर बताई जा रही है और वह अस्पताल में उपचाराधीन है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। थाना चित्राहाट क्षेत्र के शाहपुर गुर्जर निवासी हरिगोविंद सिंह ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उन्होंने अपनी पुत्री संगम की शादी करीब 11 वर्ष पूर्व नगला नया निवासी जुगेन्द्र के साथ की थी। आरोप है कि शादी के कुछ समय बाद से ही पति व ससुराल पक्ष के लोग दहेज की मांग को लेकर विवाहिता को शारीरिक व मानसिक रूप से प्रताड़ित करने लगे। पीड़ित के अनुसार, कई बार पंचायत के जरिए मामला सुलझाने का प्रयास किया गया, लेकिन ससुराल पक्ष का रवैया नहीं बदला। आरोप है कि ससुर जाहर सिंह, सास सुशीला देवी समेत अन्य परिजन लगातार जान से मारने की धमकी देते रहे। बताया गया कि 15 अप्रैल की रात ससुरालियों ने विवाहिता के साथ मारपीट की और उसे जान से मारने की नीयत से पहले बिजली का करंट देने का प्रयास किया। इसके बाद आरोप है कि उसे जबरन फंदे पर लटका दिया गया। इसी दौरान पति के घर पहुंचने पर महिला को नीचे उतारकर अस्पताल में भर्ती कराया गया। घटना की सूचना पर पहुंचे पीड़िता के पिता ने थाने में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने नामजद आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

- **गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती, मुकदमा दर्ज**

# नारी शक्ति वंदन अधिनियम पर कार्यशाला आयोजित



**फिरोजाबाद।** महिला कल्याण विभाग जिला हब फॉर एंपावरमेंट ऑफ वीमेन एवं सखी वन स्टॉप सेंटर पर नारी शक्ति बंधन अधिनियम पर महिलाओं को संवेदीकरण करने हेतु जागरूकता कार्यशाला एवं संगोष्ठी का आयोजन जिला प्रोबेशन अधिकारी मिथिलेश कुमार सिंह के निर्देशन में किया गया। कार्यक्रम में मिशन शक्ति संकल्प जिला हब फॉर एंपावरमेंट ऑफ वीमेन डीएचईडब्लू की अधिकारी अनम अकाशा ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम से संबंधित समझ जानकारी प्रदान की विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य कर रही महिलाएं एवं पत्रकारों द्वारा नई शक्ति वंदन अधिनियम 126 वां संविधान संशोधन विधेयक 2023 भारतीय संसद द्वारा पारित एक ऐतिहासिक कानून है जो लोकसभा राज्य विधानसभाओं और दिल्ली विधानसभा में महिलाओं के लिए 33% यानी एक तिहाई सीटें आरक्षित करता है। इस कानून का उद्देश्य राजनीति में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाना है आदि जानकारी प्रदान की गई साथ ही महिला सशक्तिकरण हेतु महिलाओं को सजग व सतर्क रहने के लिए कहा गया एवं नए कौशल सीखने हेतु प्रोत्साहित किया गया। साथ ही एस आर ज्ञानेश्वरी इंटर कॉलेज के बालक एवं बालिकाओं को संबोधित करते हुए पोक्सो अधिनियम की संपूर्ण जानकारी एवं प्रेम प्रसंग में घर से भाग रहे बच्चों के उदाहरण देकर संवेदीकरण भी किया गया। साथ ही बताया 19 अप्रैल 2026 में अक्षय तृतीया के पावन अवसर पर यह दृढ़ निश्चय किया जाए के कोई भी बाल विवाह ना हो पाए जिससे बाल विवाह मुक्त भारत अभियान एवं बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ को गति मिली। मोहिनी शर्मा एवं सखी वन स्टॉप सेंटर प्रभारी एवं काउंसलर शिक्षा सारस्वत द्वारा सभी को घरेलू हिंसा अधिनियम पाक्सो अधिनियम, बाल विवाह रोकथाम अधिनियम, दहेज प्रतिषेध अधिनियम, एवं संबंधित हेल्पलाइन नंबर्स जैसे महिला हेल्पलाइन 181 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076 वूमेन पावर लाइन 1090 चाइल्ड हेल्पलाइन1098 साइबर हेल्पलाइन 1036 इमरजेंसी पैनिक बटन 112 आदि पर चर्चा की गई एवं महिला कल्याण विभाग की समस्त योजनाओं पर भी प्रकाश डाला साथ ही बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ एवं बाल विवाह मुक्त भारत पर समस्त को अनम अकाशा द्वारा शपथ भी कराई गई। स्टाफ नर्स शशि माला एवं जिला हब फॉर एंपावरमेंट ऑफ वीमेन डीएचईडब्लू की अधिकारी अनम अकाशा द्वारा सभी बालिकाओं का अलग से एक सेपरेट सेशन लिया गया जिसमें बालिकाओं को मासिक धर्म स्वच्छता एवं स्वास्थ्य संबंधी गंभीर बीमारियां एवं बचाव, एवं अर्ली प्रेगनेंसी के दुष्परिणाम एवं हार्मोनल चेंजेज का शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य पर क्या असर पड़ता है, आदि पर जागरूकता विकसित कर सेंसिटाइजेशन किया गया।

## रोडवेज में एआरएम के नाम पर मांगे तीन हजार, लिपिक निलंबित

**आगरा।** उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम के फोर्ट डिपो में जेनरेटर बिल सत्यापन के दौरान रिश्वत मांगने का ऑडियो वायरल हुआ है। इससे परिवहन निगम में खलबली मच गई है। मामले में एक लिपिक को निलंबित कर दिया गया जबकि फोरमैन के खिलाफ आरोपों की जांच रिपोर्ट उच्च अधिकारियों को भेज दी गई है। फोर्ट डिपो में अनुबंधित जेनरेटर के बिलों के भुगतान के दौरान फर्म प्रतिनिधि ने सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक शशि रानी से शिकायत की। आरोप लगाया कि बिल पास करने के नाम पर फोन कर 5000 रुपये की मांग की गई, जिसमें 3000 सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक के और 2000 संबंधित कार्यालय के कर्मचारी ने अपने नाम पर बताए। इसके अलावा रामवीर सिंह जो वर्तमान में कार्यालय में लिपिक है, 1000 रुपये उसने अपने बताए। इस तरह 6000 रुपये के लेन-देन से जुड़ी ऑडियो-वीडियो क्लिप व्हाट्सएप के माध्यम से सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक को उपलब्ध कराई गई। आगरा फोर्ट डिपो की सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक शशि रानी ने बताया कि प्रकरण सामने आने पर लिपिक रामवीर सिंह को निलंबित कर दिया गया। वहीं वर्कशॉप के फोरमैन केके सिंह के विरुद्ध लगे आरोपों को गंभीर मानते हुए विस्तृत जांच रिपोर्ट उच्च अधिकारियों को भेज दी गई है। फोर्ट डिपो में अनुबंधित जेनरेटर लगाए गए हैं। जेनरेटर फर्म के प्रतिनिधि शिवम दुबे ने दो ऑडियो, वीडियो क्लिप एआरएम को उपलब्ध कराईं थी। इनमें जेनरेटर बिल पास कराने के लिए एआरएम के नाम से तीन हजार रुपये मांगे जाने की पुष्टि ऑडियो से हुई है।

संक्षेप

## पत्नी समेत मायके वालों ने किया दामाद पर जानलेवा हमला

मोहम्मदी खीरी। गांव मगरेना में पति-पत्नी के विवाद में पत्नी ने मायके फोन कर माता-पिता और भाई को घर बुला कर संयुक्त रूप से सभी ने एक राय होकर लात घूंसो से पिटाई करते हुए पति की गर्दन पर कैंची से जानलेवा हमला कर दिया जिससे वह लहूलुहान हो गया आनन-फानन में इलाज के लिए सी एच सी पर भर्ती कराया डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार कर हालत नाजुक होने पर लखीमपुर रेफर किया है। मगरेना निवासी रामकुमार ने पुलिस को शिकायती पत्र देकर बताया उसका बेटे की शादी कुछ दिन पहले थाना पुवाया के गांव बख्तावरपुर में दीपांजलि के साथ हुई थी। दोनों में आपसी कहा सुनी होते होते बात हाथापाई में बदल गई थी जिसको लेकर शनिवार को पत्नी ने अपने मायके फोन कर पिता जितेंद्र मां मीरा और भाई कमलेश को घर बुला लिया सभी ने एक राय होकर पवनेश की लात घुसो से पिटाई करते हुए कैंची से गर्दन पर जानलेवा प्रहार करने से बेहोश हो गया पिता ने इलाज के लिए सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया डॉक्टर ने जांच के दौरान हालत नाजुक होने पर जिला अस्पताल लखीमपुर रेफर कर दिया है। वहीं घटना को अंजाम देकर आरोपी भाग निकले हैं। सीओ अरुण कुमार सिंह ने बताया मामला पति पत्नी के विवाद का था जिसके बीच कहा सुनी में धारदार हथियार गर्दन पर लग गया है इसका इलाज कराया जा रहा है आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

## खेत विवाद में घर में घुसकर दंपती पर हमला

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। कोतवाली क्षेत्र के लाल्हापुर गांव में खेत विवाद को लेकर दबंगों द्वारा घर में घुसकर दंपती पर जानलेवा हमला करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर चार आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। पीड़िता रिंकी देवी के अनुसार घटना 14 अप्रैल की शाम करीब 7 बजे की है। आरोप है कि गांव के राहुल व अमित पुत्रगण अवधेश तथा सर्वेश पुत्र छोटेलाल समेत अन्य लोग एक राय होकर उनके घर में घुस आए और लाठी-डंडों व लात-घूसों से हमला कर दिया। हमले में उनके पति अशोक कुमार गंभीर रूप से घायल हो गए। आरोप है कि लाठी से प्रहार किए जाने पर उनका सिर फट गया। पति को बचाने दौड़ी रिंकी देवी को भी आरोपियों ने पीट दिया, जिससे उनके हाथ और शरीर में अंदरूनी चोटें आईं। शोर सुनकर परिवार के अन्य लोग मौके पर पहुंचे तो आरोपी गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। पीड़िता ने पुलिस से जान-माल की सुरक्षा की गुहार लगाई है। कोतवाली पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

## अपहरण कर मजदूर की हत्या, एक आरोपी गिरफ्तार

मुजफ्फरनगर। जिले के रामराज थाना क्षेत्र में अनुसूचित जाति के एक मजदूर की कथित तौर पर अगवा कर गला घोंटकर हत्या कर दी गयी और शव नहर में फेंक दिया। पुलिस ने शनिवार को बताया कि इस मामले में तीन आरोपियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गयी है तथा एक को गिरफ्तार कर लिया गया है। मृत मजदूर की पहचान रामराज थाना क्षेत्र के इब्राहिमपुर गांव निवासी सुरेश (45) के रूप में हुई। सुरेश की गला घोंटकर हत्या कर दी गई और बाद में उसका शव गंगा नहर में फेंक दिया गया। रामराज थाने के प्रभारी निरीक्षक (एसएचओ) रविंद्र यादव ने आज यहां पत्रकारों को बताया कि पुलिस ने विकल, कार्तिक भाटी और आदेश गोस्वामी सहित तीन लोगों के खिलाफ हत्या और अनुसूचित जातिअनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया है। जांच के दौरान और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर विकल को गिरफ्तार कर लिया गया और नहर से सुरेश का शव बरामद किया गया। पुलिस बाकी आरोपियों की तलाश कर रही है। पुलिस के मुताबिक सुरेश 16 अप्रैल को ईंट भट्ठे में काम करने गया था और घर नहीं लौटा। कुछ कहासुनी के बाद तीन लोगों ने उसे कार में अगवा कर लिया और गला घोंटकर उसकी हत्या कर दी और बाद में उसका शव गंगा नहर में फेंक दिया गया। एसएचओ ने बताया कि मामले में अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है।

# शिकायतों का निस्तारण समय से करें



● संपूर्ण समाधान दिवस पर डीएम-एसपी ने सुनी फरियादियों की समस्याएं

सोनभद्र। शासन की मन्शा के अनुरूप जिले की चारों तहसीलों में अप्रैल महीने के तृतीय शनिवार को सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। सम्पूर्ण समाधान दिवस राबटसगंज में जिलाधिकारी बी0एन0 सिंह व पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा द्वारा शिकायतकर्ताओं की शिकायतों को बड़े ही सरल भाव से सुना गया। सम्पूर्ण समाधान दिवस में ज्यादातर मामले भूमि से संबंधित प्राप्त हुए, भूमि से संबंधित मामले को स्थलीय स्थिति की जांच करते हुए टीम द्वारा प्रकरणों का निस्तारण भी कराया गया। जिलाधिकारी ने उपस्थित अधिकारियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप प्राप्त शिकायतों का गुणवत्ता पूर्ण तरीके से निस्तारण किया जाये। उन्होंने कहा कि सम्बन्धित अधिकारी अपने-अपने कार्यालयों में समय से उपस्थित होते हुए जनमानस के शिकायतों का निस्तारण समय से करना सुनिश्चित करेंगें। इस दौरान जिलाधिकारी ने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि आई0जी0आर0एस0, सम्पूर्ण समाधान दिवस, थाना दिवस में प्राप्त होने वाली शिकायतों के निस्तारण के बाद शिकायतकर्ताओं का फीडबैक लेते हुए शिकायतों का निस्तारण किया जाये, जिससे कि शिकायतकर्ता को किसी प्रकार की समस्या न हो और उनके प्रकरण का निस्तारण समय से किया जा सके, शिकायतों का गुणवत्ता पूर्ण निस्तारण न होने पर सम्बन्धित अधिकारी के विरूद्ध नियमानुसार कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी।

सम्पूर्ण समाधान दिवस के मौके पर जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक ने राबटसगंज 79 शिकायतें सुनते हुए, मौके पर ही 09 मामलें निस्तारित किये गये। इस मौके पर जिला विकास अधिकारी हेमेन्त कुमार सिंह, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ0 पंकज कुमार राय, परियोजना अधिकारी डूडा सुधांशु शेखर शर्मा, डीसी मनरेगा रवीन्द्र वीर सिंह, अपर जिला सूचना अधिकारी विनय कुमार सिंह सहित अन्य सम्बन्धितगण उपस्थित रहें।

दुद्धी में उप जिलाधिकारी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ, इस मौके पर तहसील में आये शिकायतकर्ताओं की 31 शिकायतों को सुना गया 01 शिकायत का निस्तारण मौके पर किया गया इस दौरान क्षेत्रों में भी टीम भेज गया और सम्बन्धित को निर्देशित भी किया गया कि इसमें किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाये। अवशेष मामलों को गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध तरीके से निस्तारण के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया गया घोरावल का आयोजन अपर जिलाधिकारी वित्त राजस्व वागीश कुमार शुक्ला की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ, इस मौके पर तहसील में शिकायतकर्ता के माध्यम से प्राप्त प्रार्थना-पत्रों का निस्तारण किया गया। इस मौके पर उप जिलाधिकारी घोरावल आशीष त्रिपाठी तहसीलदार आदि ने 60 शिकायतों को सुनते हुए प्रकरणों को समयबद्ध तरीके से निस्तारित करने के निर्देश सम्बन्धित को दिये गये। सम्पूर्ण समाधान दिवस ओबरा का आयोजन उप जिलाधिकारी ओबरा विवेक कुमार सिंह की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ, इस मौके पर तहसील में शिकायतकर्ता के माध्यम 48 प्रार्थना-पत्र प्राप्त हुए जिसमें से मौके पर 02 का निस्तारण किया गया 46 मामले हेतु सम्बन्धित को निर्देशित भी किया गया कि इसमें किसी प्रकार की शिथिलता न बरती जाये, अवशेष मामलों को गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध तरीके से निस्तारण के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया गया। इस प्रकार से चारों तहसीलों के संपूर्ण समाधान दिवस में 218 शिकायतें प्राप्त हुई जिसमें से मौके पर 12 शिकायतों का निस्तारण कर दिया गया।

## युवक ने किया किशोरी से दुष्कर्म प्राथमिकी दर्ज

हाथरस। जिले के मुरसान कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में एक युवक ने किशोरी से दुष्कर्म किया। पुलिस मामला दर्ज कर जांच कर रही है। पुलिस के अनुसार आरोपी युवक गांव का ही है और बृहस्पतिवार की शाम उसने घटना को अंजाम दिया। 16 वर्षीय पीड़िता के पिता ने शिकायत में आरोप लगाया कि उनकी बेटी खेत गई थी और तभी वहां पहुंचे गांव के ही 20 साल के युवक ने उसकी बेटी को खेत में पकड़ लिया और उससे दुष्कर्म किया। शिकायत के अनुसार आरोपी जान से मारने की धमकी देकर वहां से भाग गया। लड़की ने घर पहुंच कर अपने परिजनों को अपने साथ हुई वारदात की जानकारी दी। परिजन मुरसान कोतवाली पहुंचे और मामले की जानकारी पुलिस को दी। पुलिस ने पिता की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया है। मुरसान कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक वीरेंद्र प्रताप गिरी ने बताया कि मामले में प्राथमिकी दर्ज कर जांच की जा रही है। उन्होंने बताया कि घटना के बाद से आरोपी फरार है, जिसकी तलाश की जा रही है।

## थ्रेसर में फंसकर मजदूर की मौत

करमा, सोनभद्र। स्थानीय थाना अंतर्गत ग्राम सरौली में बीती रात गेहूं की मड़ाई करते समय थ्रेसर में अचानक मजदूर फंस जाने के कारण दर्दनाक मौत हो गई पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हाउस जिला अस्पताल भेज दिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार राम सिंह ग्राम पिपरा कुछ मजदूरों को अपने पास रखकर अपने थ्रेसर ट्रैक्टर से गेहूं की मड़ाई करवा रहे थे हर दिन की भांति सरौली गांव में पहुंचकर शुक्रवार की रात गेहूं की मड़ाई करवा रहे थे अचानक मड़ाई करते समय राम लल्ला पुत्र रामविचार उम्र लगभग 32 वर्ष रासपहरी थाना म्योरपुर गेहूं के बोझा के साथ थ्रेसर में फस कर चला गया। जिससे दर्दनाक मौत हो गई। कार्य में लगे अन्य मजदूरों के द्वारा शोर करने पर थ्रेसर बंद हुआ तब तक बहुत देर हो चुकी थी शोर मचाने पर गांव के लोग एकत्रित हो गए किसी ने पुलिस को सूचना दे दी। करमा प्रभारी निरीक्षक सूर्यभान अपने हमराहियों के साथ घटनास्थल पर पहुंचे सेल फोन पर थाना प्रभारी सूर्यभान ने बताया कि रामलल्ला पुत्र रामविचार 32वर्ष लगभग ग्राम रासपहरी थाना म्योपुर अपने साथियों के साथ मजदूरी करने किसान पीपरा निवासी राम सिंह के यहां आया था गेहूं की थ्रेसिंग करवाते समय अचानक थ्रेसर में फस जाने से मौत हो गई है। मृतक के शव को कब्जे में लेकर पंचायत नामा भरकर पोस्टमार्टम हाउस सोनभद्र भेजा गया है तथा उसके परिजनों को सूचना दे दी गई है।

## आग से सैकड़ों पौधे झुलसे

म्योरपुर/सोनभद्र। स्थानीय वन रेंज के गोविंदपुर स्थित आम बगीचा के पास के जंगल में शनिवार की दोपहर ढाई बजे अज्ञात कारणों से आग लग गई जिससे सैकड़ों छोटे पौधे झुलस गए और कुछ जल गए तेज हवाओं के बीच आग विकराल रूप



ले लिया।मौके पर पहुंचे क्रिकेट एकेडमी के छात्रों और आश्रम कार्यकताओं ने सामूहिक रूप से बड़ी मशक्कत के बाद लगभग ढाई घंटे बाद आग पर काबू पाया। विमल सिंह, सुरेश, प्रेम दयाल उर्फ रामू, मनीष,प्रमोद शर्मा,जमुना यादव,जबर शाह,कुसुम, आदि दर्जनों लोग आग बुझाने के लिए आगे आए और आग बुझा लिया। सामाजिक कार्यकर्ता सुरेश ने कहा कि सामूहिक शक्ति में बहुत दम है।उन्होंने ग्रामीणों का आह्वान किया कि जंगल में आग लगे तो आस पास के ग्रामीणों को आग बुझाने के लिए आगे आना होगा।तभी जंगल बचेगा।कहा कि केवल वन विभाग के भरोसे जंगल की आग नहीं बुझाई जा सकती जंगल से लाभ हम सब लेते है तो हमारी नैतिक जिम्मेवारी है कि हम प्रकृति सरंक्षण के लिए आगे आए।

# दुद्धी को जिला बनाये जाने की मांग को लेकर प्रदर्शन




जिला संवाददाता(vol)

दुद्धी, सोनभद्र। दुद्धी को जिला बनाओ संघर्ष मोर्चा के तत्वावधान में शनिवार को दोपहर करीब 1 बजे कचहरी परिसर मे अधिवक्ताओ ने जमकर प्रदर्शन किया।दुद्धी बार एसोसिएशन के अध्यक्ष कुलभूषण पाण्डेय, सिविल बार एसोसिएशन के नवनिर्वाचित अध्यक्ष रामलोचन तिवारी ने संयुक्त रूप ने कहा कि जनपद सोनभद्र दुद्धी क्षेत्र से अत्यधिक दूरी पर स्थित है।

यह पूरा क्षेत्र नक्सल प्रभावित, औद्योगिक बहुल्य, आदिवासी बहुल्य है। इसको विकास की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए तत्काल दुद्धी को नया जिला घोषित कर देना चाहिए।जिला बनाओ संघर्ष समिति ने अफसोस जताते हुए कहा कि दुद्धी जिला की मांग लम्बे समय से चल रही हैं और लगातार दुद्धी को जिला बनाने की मांग के परिपेक्ष्य में आंदोलन व धरना प्रदर्शन के माध्यम से पुरजोर ढंग से उठाई जा रही है। शासन और प्रशासन इस मुद्दे पर गंभीर नजर नहीं आ रही है।जो चिंतनीय हैं।उन्होंने कहा कि शासन -प्रशासन दुद्धी को आदिवासी जिला बना देना चाहिए ताकि यहां कि आदिवासी सभ्यता संस्कृति को बचाया जा सके। इस मौके पर प्रभु सिंह कुशवाहा, रामपाल जौहरी, प्रेमचंद यादव,रामजी पाण्डेय, शिव शंकर प्रसाद,आनंद कुमार, सचिव दिनेश कुमार,आशीष कुमार गुप्ता, शशि गुप्ता, अभिनाथ यादव, आदर्श कुमार सहित काफी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# गोद भराई व अन्नप्राशन कार्यक्रमों का आयोजन

जिला संवाददाता(vol)

लखीमपुर खीरी। ब्लॉक क्षेत्र में आंगनबाड़ी विभाग की ओर से



विभिन्न स्थानों पर गोद भराई एवं अन्नप्राशन कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इन कार्यक्रमों में गर्भवती महिलाओं एवं नवजात बच्चों के स्वास्थ्य और पोषण को लेकर जागरूकता भी दी गई।

जानकारी के अनुसार, लालापुरवा में एक गोद भराई तथा एक अन्नप्राशन कार्यक्रम आयोजित हुआ। वहीं ब्लॉक कार्यालय धौरहरा में कुल पांच गोद भराई और दो अन्नप्राशन कार्यक्रम संपन्न कराए गए। इन कार्यक्रमों में सीडीपीओ श्री राजेंद्र कुमार वर्मा की देखरेख में सुपरवाइजर मंजू शुक्ला, तनू वर्मा, खुशनुमा, ममता मिश्रा, कृष्णा रानी और रचना जायसवाल सहित समस्त आंगनबाड़ी कार्यकर्तियों ने सक्रिय भूमिका निभाई। कार्यक्रमों में लाभार्थियों के परिजन भी उपस्थित रहे।

इस दौरान महिलाओं को पोषण, टीकाकरण और सुरक्षित मातृत्व के बारे में जानकारी दी गई। अधिकारियों ने बताया कि ऐसे कार्यक्रमों का उद्देश्य मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य को बेहतर बनाना है।

## मेरठ में आधी रात सड़क पर दिखा मगरमच्छ,गंगा नदी में छोड़ा गया

मेरठ। मेरठ जिले के चामरौद गांव में शुक्रवार देर रात एक मगरमच्छ के सड़क पर दिखायी देने की सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और करीब दो घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद उसे सुरक्षित पकड़कर गंगा नदी में छोड़ दिया गया। वन विभाग, हस्तिनापुर की क्षेत्राधिकारी खुशबू उपाध्याय ने बताया कि शुक्रवार देर रात करीब 12 बजे सूचना मिली थी कि गांव में मगरमच्छ देखा गया है। टीम के मौके पर पहुंचने पर मगरमच्छ झाड़ियों में छिप गया था, जिससे बचाव अभियान चुनौतीपूर्ण हो गया। इसके बाद झाड़ियों की कटाई कर मगरमच्छ की घेराबंदी की गई और उसे नियंत्रित करते हुए सुरक्षित स्थान की ओर लाया गया। उन्होंने बताया कि मगरमच्छ वयस्क और आक्रामक अवस्था में था। ऐसे में वन विभाग के दल को अत्यंत सावधानीपूर्वक बचाव अभियान चलाना पड़ा। करीब दो घंटे की मशक्कत के बाद मगरमच्छ को सुरक्षित पकड़ लिया गया। क्षेत्राधिकारी के अनुसार, पकड़ा गया मगरमच्छ मगर प्रजाति का है, जिसका वैज्ञानिक नाम क्रोकोडायल्स पैलस्ट्रिस है। इसकी लंबाई लगभग 2.25 मीटर और वजन करीब 150 किलोग्राम है तथा यह पूर्ण वयस्क था। बचाव अभियान के बाद मगरमच्छ को सुरक्षित रूप से गंगा नदी में छोड़ दिया गया।

## अवैध पटाखा फैक्ट्री में लगीआग, दो नाबालिग मजदूर झुलसे

मुजफ्फरनगर।जिले के रतनपुरी थाना क्षेत्र के मोहम्मदपुर माफी गांव में अवैध पटाखा फैक्ट्री में आग लगने से दो नाबालिग मजदूर गंभीर रूप से झुलस गए। पुलिस क्षेत्राधिकारी यतेंद्र सिंह नागर ने बताया कि शुक्रवार को हुई इस घटना में घायलों की पहचान कासिम (15) और हजेफा (16) के रूप में हुई है। सूचना मिलते ही पुलिस और दमकलकर्मी मौके पर पहुंचे और गंभीर हालत में दोनों को अस्पताल पहुंचाया गया। फैक्ट्री में बिना लाइसेंस के अवैध रूप से पटाखे बनाए जा रहे थे। हादसे के बाद फैक्ट्री मालिक मौके से फरार हो गया। सीओ ने बताया कि पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# नारी शक्ति से संबंधित दीवार हस्ताक्षर कार्यक्रम का आयोजन



पलियाकलां खीरी। श्री गुरु गोविंद सिंह महाराज राजकीय महाविद्यालय पलिया कलां खीरी में 'नारी शक्ति वन्दन अधिनियम, 2023' के प्रचार अभियान के अन्तर्गत प्राचार्य की अध्यक्षता में नारी शक्ति से सम्बन्धित दीवार हस्ताक्षर कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें महाविद्यालय की छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया इस अवसर पर महाविद्यालय के समस्त शिक्षक एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारी उपस्थित रहें। यह जानकारी महाविद्यालय के पास प्राचार्य डॉ सूर्य प्रकाश शुक्ला ने दी।

# तेज आवाज वाली बाइकों पर कसेगा शिकंजा



सीतापुर। सड़कों पर तेज आवाज और खतरनाक तरीके से दौड़ रही पटाखा बाइकों के खिलाफ परिवहन विभाग ने सख्त अभियान शुरू कर दिया है। एआरटीओ प्रशासन सर्वेश चतुर्वेदी ने बताया कि विशेष अभियान के तहत अब तक 11 मॉडिफाइड साइलेंसर लगी बाइकों का चालान किया जा चुका है। उन्होंने बताया कि विभाग की टीमें लगातार सड़कों पर वाहनों की जांच कर रही हैं। इसके साथ ही शोरूम और मैकेनिक की दुकानों पर भी छापेमारी कर मानकों की पड़ताल की जा रही है।

अभियान के दौरान यह स्पष्ट किया गया है कि यदि किसी भी बाइक में साइलेंसर बदला हुआ पाया गया, तो वाहन मालिक के साथ-साथ साइलेंसर लगाने वाले मैकेनिक और संबंधित शोरूम के खिलाफ भी विधिक कार्रवाई की जाएगी। मोटर वाहन अधिनियम के तहत मॉडिफाइड साइलेंसर लगाना गैरकानूनी है, जिसके लिए 10 हजार रुपये तक का चालान किया जाता है। केंद्रीय मोटर वाहन नियमों के अनुसार किसी भी बाइक का साइलेंसर 80 डेसिबल से अधिक शोर नहीं करना चाहिए। इससे अधिक आवाज करने वाले साइलेंसर पूरी तरह अवैध माने जाते हैं। अधिकारियों ने कहा कि साइलेंसर में किसी भी प्रकार का संशोधन कानूनन अपराध है। लोगों से अपील की गई है कि ऐसी बाइकों की सूचना विभाग को दें, ताकि दोषियों पर सख्त कार्रवाई की जा सके।

## 20 हजार रुपये के लेन-देन में चाकू मारकर हत्या, बहन गिरफ्तार

अलीगढ़। जिले में 20 हजार रुपये के कर्ज को लेकर विवाद के बाद एक व्यक्ति की चाकू मारकर हत्या कर दी गई। पुलिस के अनुसार, अफसर (30) ने अपनी बहन को 20 हजार रुपये उधार दिए थे और उन्हें वापस मांगने पर यह घटना हुई। सिविल लाइंस क्षेत्र के पुलिस क्षेत्राधिकारी सर्वम सिंह ने बताया कि मृतक की बहन शहनाज समेत चार आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस अन्य आरोपियों की तलाश कर रही है, जिनमें मृतक का जीजा इमरान भी शामिल है। वह फरार है और मुख्य हमलावरों में से एक माना जा रहा है। पुलिस के मुताबिक दो बच्चों का पिता अफसर एएमयू परिसर के पास कैंटीन चलाता था और देर रात कैंटीन से लौट रहा था, तभी हमलावरों ने उसे घेरकर कई बार चाकू से वार किया। पुलिस ने बताया कि परिजन और कुछ पुलिसकर्मी उसे जवाहरलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज अस्पताल ले गए, जहां उसकी मौत हो गई। पुलिस के अनुसार, अफसर ने कुछ सप्ताह पहले बहन और जीजा को 20 हजार रुपये उधार दिए थे और हाल ही में रकम वापस मांगने पर दोनों नाराज हो गए थे। पुलिस ने बताया कि परिवार के कुछ सदस्यों ने एक दिन पहले समझौता भी कराया था, लेकिन देर रात विवाद अचानक हिंसक हो गया, जिसके बाद यह वारदात हुई। सीओ ने बताया कि पुलिस ने मामला दर्ज करके जांच शुरू कर दी है। फरार आरोपियों की तलाश जारी है।

## वाहन की टक्कर से मादा तेंदुए की मौत

पीलीभीत। पीलीभीत में अज्ञात वाहन के टक्कर मारने के कारण तेंदुए एक की मौत हो गई। वन्य जीव चिकित्सक डॉ. दक्ष गंगवार ने को बताया कि घटना शुक्रवार देर रात ट्रांस शारदा क्षेत्र में नेहरू नगर से भुरजनिया जाने वाले मार्ग पर हुई। उन्होंने कहा कि घटनास्थल संपूर्णानगर वन रेंज में आता है, इसलिए खीरी जनपद के वन प्रभाग में पोस्टमार्टम कराया जाएगा। लखीमपुर खीरी जनपद के संपूर्णानगर के रेंजर ललित कुमार ने घटनास्थल पर पहुंचकर आवश्यक साक्ष्य जुटाने के बाद मृत तेंदुए को कब्जे में ले लिया। कुमार ने मीडिया को बताया मृत मादा तेंदुए की उम्र लगभग चार-पांच वर्ष है। प्रथम दृष्टया ऐसा प्रतीत हुआ है कि किसी वाहन की टक्कर से उसकी मौत हुई है।

# सोमनाथ स्वाभिमान पर्व के अवसर पर बस को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना



जिला संवाददाता

सोनभद्र। सोमनाथ स्वाभिमान पर्व के अवसर पर आयोजित यात्रा के तहत जनपद सोनभद्र से प्रतिभाग करने जा रहे यात्रियों की बस को आज जिलाधिकारी श्री बी.एन. सिंह ने कलेक्ट्रेट परिसर से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने यात्रियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह यात्रा न केवल सांस्कृतिक और धार्मिक दृष्टि से महत्वपूर्ण है, बल्कि जनपद की पहचान को राष्ट्रीय स्तर पर प्रस्तुत करने का भी एक सशक्त माध्यम है।

जिलाधिकारी ने बताया कि जनपद से कुल 10 प्रतिभागी इस सोमनाथ स्वाभिमान यात्रा में सम्मिलित हो रहे हैं। यह यात्रा 19 अप्रैल को लखनऊ पहुंचेगी, जहां आयोजित कार्यक्रम में सभी प्रतिभागी हिस्सा लेंगे। इसके पश्चात यह दल सोमनाथ, गुजरात के लिए प्रस्थान करेगा और 21 अप्रैल को वहां पहुंचेगा। सोमनाथ में 22 एवं 23 अप्रैल को आयोजित होने वाले मुख्य कार्यक्रमों में जनपद के प्रतिभागी सक्रिय रूप से भाग लेंगे।यात्रियों को जनपद सोनभद्र के पर्यटन स्थलों पर आधारित पुस्तिकाएं भी भेंट कीं। उन्होंने निर्देशित किया कि इन पुस्तिकाओं का वितरण सोमनाथ में किया जाए तथा वहां के लोगों को सोनभद्र के प्रमुख पर्यटन स्थलों के बारे में जानकारी दी जाए, जिससे अधिक से अधिक पर्यटक जनपद की ओर आकर्षित हो सकें। इस मौके पर पीडी डीआरडीए एस.के. राय, सहायक पर्यटन अधिकारी राजेश भारती, अपर जिला सूचना अधिकारी विनय कुमार सिंह, एडीएम (वित्त/राजस्व) तथा डिस्ट्रिक्ट मैनेजर दिव्यदोष मिश्रा सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# गांजा बरामद, आरोपी को दबोचा

सीतापुर। अपराध नियंत्रण के तहत चलाए जा रहे सघन चेकिंग अभियान में खैराबाद पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस टीम ने एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर उसके पास से 1 किलोग्राम अवैध गांजा और एक मोटरसाइकिल बरामद की है। पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल के निर्देश पर जनपद में अपराधियों के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में क्षेत्राधिकारी नगर कपूर कुमार के पर्यवेक्षण में खैराबाद थाना पुलिस ने रेलवे स्टेशन के पास चेकिंग के दौरान इस्लामुद्दीन उर्फ कालिया उर्फ इस्लाम निवासी इस्माइलपुर, थाना हरगांव को गिरफ्तार किया। तलाशी के दौरान आरोपी के पास से 1 किलो गांजा बरामद हुआ। बरामद मोटरसाइकिल पर धारा 207 एमवी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई। इस संबंध में थाना खैराबाद में एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज कर आरोपी का चालान न्यायालय भेज दिया गया है। कार्रवाई करने वाली टीम में उपनिरीक्षक रजनीश कुमार वर्मा समेत अन्य पुलिसकर्मी शामिल रहे।

# 266 शिकायतें प्राप्त, 36 का मौके पर निस्तारण

सीतापुर। जनता की शिकायतों एवं समस्याओं के त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के उद्देश्य से जनपद की सभी सात तहसीलों में शनिवार को सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। तहसील सिधौली में आयोजित समाधान दिवस के दौरान कुल 76 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से 09 का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। इसी प्रकार अन्य तहसीलों में भी अधिकारियों द्वारा शिकायतों के समाधान के लिए आवश्यक कार्रवाई की गई। तहसील महमूदाबाद में 26 में से 07, तहसील सदर में 43 में से 06, तहसील लहरपुर में 26 में से 03, तहसील बिसवां में 29 में से 05, तहसील महोली में 30 में से 02 तथा तहसील मिश्रिख में 36 में से 04 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण किया गया। शेष शिकायतों को संबंधित अधिकारियों को प्रेषित करते हुए निर्देश दिए गए कि उनका निस्तारण एक सप्ताह के भीतर सुनिश्चित किया जाए।

## तीन ट्रेलर भिड़े, दो की मौत, एक गंभीर

वाराणसी। चोलापुर थाना क्षेत्र के हरिबल्लमपुर गांव के पास रिंग रोड पर शनिवार को तीन ट्रक ट्रेलरों के बीच भीषण टक्कर हो गई। इस हादसे में दो चालकों की मौत हो गई, जबकि एक चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल चालक को इलाज के लिए ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया गया है। बताया जा रहा है कि संदहा की ओर जा रहा एक ट्रेलर अचानक तकनीकी खराबी के कारण रिंग रोड पर रुक गया। पीछे से आ रहे अन्य दो ट्रेलर उसमें टकरा गए। टक्कर इतनी जोरदार थी कि तीनों ट्रेलर अनियंत्रित हो गए और तीनों चालक गंभीर रूप से घायल हो गए। इनमें से दो चालकों की मौत हो गई, जबकि एक चालक की हालत नाजुक बनी हुई है।

## ट्रक की टक्कर से कार सवार तीन लोगों की मौत

पीलीभीत। बरेली-पीलीभीत हाईवे पर शुक्रवार देर रात ट्रक और ईको कार की आमने-सामने हुई भिड़ंत में तीन युवकों की मौत हो गई, जबकि आधा दर्जन से अधिक लोग घायल हो गए। पुलिस के अनुसार ईको कार बरेली से पीलीभीत की ओर आ रही थी। वाहन में कुल 12 यात्री सवार थे, जिनमें से दो लोग नवाबगंज में उतर गए थे। शेष 10 यात्री पीलीभीत की ओर जा रहे थे। इसी दौरान जहानाबाद क्षेत्र में सामने से आ रहे ट्रक ने कार को टक्कर मार दी।सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और ईको में फंसे घायलों को बाहर निकालकर एम्बुलेंस से जिला अस्पताल पहुंचाया। वहां चिकित्सकों ने दो युवकों को मृत घोषित कर दिया। मृतकों में एक की पहचान सुनगढ़ी थाना क्षेत्र के मोहल्ला बाग गुलशेर खां निवासी रजत (23) पुत्र राजेंद्र प्रसाद के रूप में हुई।

# आग का कहर, सैकड़ों बीघा गेहूं की फसल जलकर राख



**अयोध्या।** जनपद के अलग-अलग क्षेत्रों में लगी आग से सैकड़ो बीघे गेंहू की फसल जलकर रखा हो गयी। ोहावल तहसील क्षेत्र की ग्राम पंचायत रामनगर धौराहरा में शनिवार को गेहूं कटाई के लिए आई कंबाइन मशीन को मकैनिक द्वारा ठीक किया जा रहा था। इसी दौरान मशीन में अचानक लगी आग से किसानों का लगभग 50 बीघा गेहूं जल गया ।साथ ही दो बाइक और ट्रैक्टर भी आग की चपेट में आने से जल गया। शनिवार को दिन में लगभग 2 बजे के आसपास किसान के गेहूं की कटाई करने के लिए आई कंबाइन मशीन में खराबी को मकैनिक द्वारा ठीक करते समय अचानक लगी आग से कंबाइन मशीन एक ट्रैक्टर दो मोटर साइकिल और किसानों का लगभग 50 बीघा गेहूं जल गया ।जिसमें सत्येंद्र सिंह का 15 बीघा, नरेन्द्र सिंह का 15 बीघा, अखिलेश सिंह का 10 बीघा, शिव शंकर सिंह का 5 बीघा और राम कृपाल सिंह का 5 बीघा गेहूं जलने का किसानों द्वारा अनुमान लगाया जा रहा है। आग की इस घटना की सूचना पर सीओ सदर अरविंद सोनकर तहसीलदार प्रदीप कुमार सिंह रौनाही प्रभारी निरीक्षक लाल चंद सरोज चैकी इंचार्ज सत्तीचैरा सत्यम अग्रवाल मौके पर पहुंचे। फसल में आग लगने की सूचना पर फायर सर्विस की टीम और ग्रामीणों की मदद से कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया गया। तहसीलदार प्रदीप कुमार सिंह ने बताया कि राजस्व टीम द्वारा किसानों के फसल की हुई क्षति का आकलन किया जा रहा है। इसी तरह बीकापुर तहसील क्षेत्र के ग्राम सभा बैंती कला के ताल वाले खेतों में शनिवार को तड़के करीब 1 बजे अचानक भीषण आग लग गई, जिससे लगभग 300 बीघा गेहूं की खड़ी फसल जलकर राख हो गई। आग की चपेट में आकर मशीन से कटे हुए गेहूं के ढेर और खेतों में रखा भूसा भी पूरी तरह नष्ट हो गया। आग लगने की सूचना मिलते ही आसपास के गांवों में हड़कंप मच गया। ग्रामीणों ने अपने स्तर पर आग बुझाने का काफी प्रयास किया, लेकिन तेज हवा के चलते आग तेजी से फैलती चली गई और देखते ही देखते बड़े इलाके को अपनी चपेट में ले लिया। सूचना मिलने पर दमकल विभाग की गाड़ियां और पीआरबी 112 पुलिस मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाने के प्रयास शुरू किए। काफी मशक्कत के बाद आग को नियंत्रित किया जा सका। ग्रामीणों के अनुसार आग लगने के कारणों का अभी तक स्पष्ट पता नहीं चल पाया है। प्रशासन और दमकल विभाग मामले की जांच में जुटे हैं। इस घटना से किसानों को भारी नुकसान हुआ है, जिसके मद्देनजर प्रशासन से मुआवजे की मांग की जा रही है।

**● फायर सर्विस की टीम व ग्रामीणों की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर पाया गया काबू**



### शार्ट सर्किट से लगी गेहूं की फसल में आग

सोहावल-अयोध्या ।रौनाही थाना क्षेत्र की ग्राम पंचायत मुस्तफाबाद के मजरे लोधे उपाध्याय पुरवा से होकर जाने वाली हाई टेंशन तार की शार्ट सर्किट से गिरी चिंगारी से कई किसानों की गेहूं की फसल जल गई। सूचना पर पहुंचे फायर ब्रिगेड की टीम और ग्रामीणों की मदद से आग पर काबू पाया गया। हल्का लेखपाल ने ग्राम प्रधान नदीम मलिक के साथ मौका मुआयना किया।

किसान महेश पाण्डेय ,जोखन पान्डेय ने बताया कि शनिवार दोपहर लोथे उपाध्याय का पुरवा गांव के दक्षिण से होकर गुजरी हाई टेंशन के तार से शार्ट सर्किट होने लगी। जिससे गिरी चिंगारी से महेश,सुरेश, बीरेंद्र,गोरख नाथ,जोखन लाल की खड़ी और कटी फसल जलकर राख हो गई। हल्का लेखपाल विश्वनाथ प्रताप ने बताया कि मौका मुआइना किया। किसानों की फसल जली हुई है। जिसकी रिपोर्ट उच्चाधिकारियों को भेज दी गई है।

संक्षेप

### भीषण गर्मी में विद्यालय के समय परिवर्तन की उठी मांग

अयोध्या। कांग्रेस पार्टी के महानगर अध्यक्ष सुनील कृष्ण गौतम ने जनपद में लगातार बढ़ रही गर्मी और तेज धूप के कारण स्कूली बच्चों के विद्यालय समय परिवर्तन की मांग की है। उन्होंने जिला अधिकारी को भेजे गए मेल में कहा कि भीषण गर्मी को देखते हुए बच्चों के स्वास्थ्य को लेकर चिंता बढ़ती जा रही है। वर्तमान समय में विद्यालयों का संचालन दोपहर 2 बजे तक होने से छोटे-छोटे बच्चों को लू और अत्यधिक तापमान का सामना करना पड़ रहा है, जो उनके लिए जोखिमपूर्ण है।

महानगर अध्यक्ष सुनील कृष्णा गौतम ने जिला अधिकारी से विद्यालयों के समय में बदलाव करने की मांग की है। उन्होंने प्रस्ताव रखा कि भीषण गर्मी को ध्यान में रखते हुए स्कूलों का समय प्रातः 7 बजे से दोपहर 12 बजे तक निर्धारित किया जाए, ताकि बच्चों को गर्मी से राहत मिल सके। उन्होंने कहा कि बच्चों की शिक्षा के साथ-साथ उनका स्वास्थ्य और सुरक्षा भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। वर्तमान परिस्थितियों में प्रशासन को संवेदनशीलता दिखाते हुए शीघ्र निर्णय लेना आवश्यक है।

## महानिदेशक जितेन्द्र गुप्ता ने की डाक सेवाओं की समीक्षा



**बाराबंकी।** ग्राम नानमऊ में भारतीय डाक विभाग द्वारा महिला सशक्तिकरण को लेकर विशेष कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि डाक सेवाये महानिदेशक जितेन्द्र गुप्ता एंव विशिष्ट अतिथि उत्तर प्रदेश परिमंड़ल चीफ पोस्टमास्टर जनरल प्रणव कुमार, पोस्टमास्टर जरनल सुनील कुमार राय ने संयुक्त रुप से दीप प्रज्जवलित कर किया। कार्यक्रम मे महानिदेशक श्री गुप्ता ने बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ अभियान को गति देते हुए नन्हीं बालिकाओं को सुकन्या समृद्धि योजना की पासबुक प्रदान कीं। तथा अभिभावकों को बेटियों के उज्वल भविष्य के लिए बचत के महत्व से अवगत कराया। कार्यक्रम मे महानिदेशक ने विभाग की विभिन्न योजनाओं की प्रगति की गहन समीक्षा भी की। तथा ग्रामीण डाक सेवकों के साथ सीधा संवाद कर उनकी समस्याओं को सुना सम्बधितो को निराकरण हेतु निर्देशित किया। महानिदेशक श्री गुप्ता ने कहा कि डाक विभाग केवल पत्र पहुँचाने का माध्यम नहीं, बल्कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था की रीढ़ है। उन्होंने सभी कर्मचारियों को समर्पण भाव से कार्य करने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर डाकघर अधीक्षक किरण सिंह, उप-मंडलीय प्रमुखों सहित विभाग के अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

### खामेनेई की याद में भानमऊ में मजलिस का आयोजन

**बाराबंकी।** ईरान के रहबर अली खामेनई ने कहा था की तुम हमें मारोगे तुम्हे भी मारा जायेगा। ईरान ने अकेले ही अमरीका इजराइल समेत 9 देशो पर हमला करके उनकी कमर तोड़ दी। उक्त उद्गार कोठी क्षेत्र के ग्राम भानमऊ सराया मे



मौलाना इब्ने अब्बास द्वारा शहीद रहबर सय्यद अली खामेनई और लीडरो की याद मे तजियाती जलसा मे कही। मौलाना गुलजार जाफरी ने मजलिस को सम्बोधित करते हुवे कहा कि इंसान को मौत का मजा चखना होगा इससे कोई भी बच नही सकता है लेकिन ईरान मे लोगो ने तो मौत का इंतिखाब किया है। शहादत का जज्बा ईरान के लोगो मे देखा जा सकता है। अंत मे मौलाना ने मौला अब्बास क दर्दनाक मसायब बयान किया जिसे सुनकर आजादार रोने लगे। मजलिस से पूर्व मे कारी मुस्तकीम, अजमल किन्तुरी के अलावा कई शायरों ने पेशखानी की।

## डीएम की अध्यक्षता में आयोजित हुआ सम्पूर्ण समाधान दिवस



**बाराबंकी।** चकमार्ग एवं सरकारी रास्तों पर अतिक्रमण की शिकायतों को गंभीरता से लिया जाए। ऐसी शिकायतों में संबंधित राजस्व कर्मियों की जिम्मेदारी तय की जाएगी तथा लापरवाही पाए जाने पर कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। उक्त बात तहसील नवाबगंज के जनसभागार मे आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस मे जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी ने आये हुये फरियादियो की समस्याओ को सुनते हुये सम्बधित अधिकारियो को निर्देशित करते हुये कही। जिलाधिकारी ने सभी संबंधित अधिकारियों को भूमि विवाद, सरकारी रास्ते, चकमार्ग, राशन कार्ड, पेंशन, आवास एवं अन्य जनसामान्य से जुड़े मामलों का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण सुनिश्चित किये जाने को लेकर निर्देशित किया। आज जनपद की समस्त तहसीलों में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस के अन्तर्गत विभिन्न संदर्भों से संबंधित कुल 351 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए। जिसमें से मौके पर 56 शिकायतों का तत्काल निस्तारण कराया गया।

# वरिष्ठ पत्रकार पर हमले का विरोध

**मिल्कीपुर-अयोध्या।** मिल्कीपुर क्षेत्र के अमानीगंज में वरिष्ठ पत्रकार गिरजा प्रसाद शुक्ला पर हुए हमले के मामले में अब पत्रकारों का आक्रोश बढ़ता जा रहा है। बीते 9 अप्रैल को हुए इस हमले के बाद मुकदमा दर्ज होने के बावजूद भी अब तक मामले में कोई ठोस कार्रवाई न होने से नाराज पत्रकारों ने प्रशासन से वैधानिक कार्रवाई किए जाने की मांग की है।

**● मांगों को लेकर एसडीएम व सीओ को सौंपा ज्ञापन**



भारतीय राष्ट्रीय पत्रकार महा संगठन के जिलाध्यक्ष बलराम तिवारी के नेतृत्व में पत्रकारों ने तहसील मुख्यालय स्थित मीडिया सेंटर पर एक आपात बैठक की और घटना की कड़े शब्दों में निंदा करते हुए निंदा प्रस्ताव भी पारित किया। बैठक के बाद पत्रकारों का एक प्रतिनिधिमंडल शनिवार को उपजिलाधिकारी एवं क्षेत्राधिकारी मिल्कीपुर से मिला। इस दौरान पत्रकारों ने आरोप लगाया कि घटना में नामजद आरोपी कई आपराधिक मुकदमों में शामिल हैं और उनकी गतिविधियां लगातार अपराधिक कृत्यों से जुड़ी है। वह खुलेआम घूम रहे हैं, जिससे पीड़ित पत्रकार और उनका परिवार भय के साये में जीने को मजबूर है। प्रतिनिधिमंडल ने मांगों का एक ज्ञापन भी प्रशासनिक अधिकारियों को सौंपा। उन्होंने प्रशासन से मांग की है कि आरोपियों के खिलाफ जल्द से जल्द कड़ी कार्रवाई की जाए, ताकि कानून व्यवस्था पर जनता का विश्वास बना रहे और पत्रकारों की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके।

सीओ मिल्कीपुर पीयूष और एसडीएम सुधीर कुमार ने पत्रकारों को आश्वासन दिया कि जल्द ही आरोपियों के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई की जाएगी।

पत्रकारों ने चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र न्याय नहीं मिला तो वे आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। इस मौके पर प्रमुख रूप से संगठन के जिलाध्यक्ष बलराम तिवारी, तहसील अध्यक्ष वेद प्रकाश तिवारी, प्रदेश सचिव नरसिंह, सत्य नरायन तिवारी, विजय पाठक राहुल पांडे, रमा निवास पांडे, योगेंद्र सिंह, दिनेश जायसवाल, शत्रुघन यादव, देवराज मिश्रा, राकेश मिश्रा, राजेश उपाध्याय, गिरिजा प्रसाद शुक्ला, दल बहादुर पांडे, शिव कुमार पांडे, शैलेंद्र शर्मा, अनिल तिवारी, दिनेश गौड़ एवं मोहम्मद हसन सहित दर्जनों लोग मौजूद रहे।

## किशोरी पर युवक ने चाकू से किया हमला आरोपी गिरफ्तार

बहराइच ।जिले के मटेरा थाना क्षेत्र में एक युवक ने घर के बरामदे में लेटी 12 साल की किशोरी पर चाकू से हमला कर दिया । चीख सुनकर जब तक लोग परिवार के लोग मौके पर पहुंचे आरोपी मौके से फरार हो गया , पुलिस ने परिजनों की तहरीर पर मामला दर्जकर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है । मटेरा इलाके में स्थित किशनपुर मीठा ग्राम में रहने वाली रजिया उम्र 12 वर्ष घर के देर रात घर के बरामदे में सो रही थी ।तभी इलाके का रहने वाले युवक ने उसपर चाकू से हमला कर दिया । वारदात के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया । घायल किशोरी ने परिजनों से बताया कि युवक ने उससे पहले पानी मांगा जब उसने मना किया तो युवक ने उसके पेट पर चाकू से हमला कर दिया ।परिजनों ने घटना की जानकारी मटेरा थाने पर देते हुए किशोरी को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया है ।थाना प्रभारी मटेरा हरिकेश सिंह ने बताया कि परिजनों की तहरीर पर इलाके के रहने वाले सोनू नाम के युवक के खिलाफ मुकदमा दर्जकर उसे गिरफ्तार करते हुए जेल भेज दिया गया है ।

## कलेक्ट्रेट, चकबंदी न्यायालय और तहसीलों में व्याप्त भ्रष्टाचार के विरुद्ध सौंपा ज्ञापन

**बाराबंकी।** कलेक्ट्रेट, चकबंदी न्यायालयों एंव तहसीलों में व्याप्त भ्रष्टाचार के विरुद्ध जिला बार एसोसिएशन कार्यवाहक अध्यक्ष रितेश कुमार मिश्र के नेतृत्व मे अधिवक्ताओ ने सम्पूर्ण समाधान दिवस में पहुंच जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी को सम्बोधित 8 सूत्रीय ज्ञापन देकर निष्पक्ष जाँच दल गठित करने की माँग की। ज्ञापन मे कहा गया है कि तहसील परिसर में बाहरी व्यक्तियों, दलालों प्राइवेट बाबुओं के विरुद्ध आज तक कोई कार्रवाई नहीं किये जाने, धारा 80, धारा 98 विवादित धारा 34 व सामान्य पत्रावली तथा नाबालिक की संपत्ति के पंजीकृत बैनामे की दाखिल खारिज में मोटी रकम वसूल दाखिल खारिज करने, तहसील में प्रत्येक न्यायालय पर पीठासीन अधिकारियों के बैठने का समय निर्धारित न होने, तहसील परिसर में कई पटलों पर सरकार की मनसा के विपरीत कार्य कर कई अधिकारी व कर्मचारी वर्तमान समय में भी लंबे समय से कार्यरत होने व जिनका पटल अथवा तहसील न बदला जाना न्याय की मंशा को खंडित करने, कलेक्ट्रेट तथा तहसील में स्थित अभिलेखागारों का समय से न खुलना, लेखपालों तथा कानूनगो द्वारा अपने कार्याविधि में तहसीलों में उनके निर्धारित स्थानों से हटकर स्वयं का निजी कार्यालय अन्य स्थान पर संचालित करना, अवैध तरीकों से मुंशियों को रख कर आमजनता से मोटी रकम वसूले जाने की व्यवस्था आदि प्रमुख मांगो को लेकर ज्ञापन सौपा है। ज्ञापन सौपने वालो मे कार्यवाहक महामंत्री देवराम यादव, मनोज कुमार सिंह, अनुराग शुक्ला, नवीन रस्तोगी, सतीश सोनी, राहुल कुमार वर्मा, ओम प्रकाश श्रीवास्तव, संतोष कुमार, गौरव गुप्ता, संजय गांधी, योगेश तिवारी, मृदुल शुक्ला, अंकित मिश्रा, रितेश कुमार, सीलम, योगेश द्विवेदी, पवन तिवारी, नितिन श्रीवास्तव, राजेश चैरसिया राहुल सैनी, अखिलेश श्रीवास्तव, आकाश राय, श्रवण पाल, नदीम, आदि अधिवक्ता शामिल रहे।

**● जिला बार एसोसिएशन ने डीएम को ज्ञापन सौंप की निष्पक्ष जांच दल गठित करने की मांग**



## डीएम की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस संपन्न




**बहराइच ।** आमजन की समस्याओं के त्वरित निस्तारण के लिए तहसील महसी में जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने पुलिस अधीक्षक विष्वजीत श्रीवास्तव, मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चन्द्र, उप जिलाधिकारी प्रकाष सिंह, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ संजय कुमार, जिला विकास अधिकारी राज कुमार, सीओ पवन कुमार व अन्य अधिकारियों के साथ आए हुए फरियादियों के समस्याओं की गंभीरता पूर्वक सुनवाई करते हुए संबंधित अधिकारियों को समयबद्धता के साथ गुणवत्तापरक निस्तारण के निर्देश दिए।

सम्पूर्ण समाधान दिवस में जनसुनवाई के दौरान मोहन लाल पुत्र लालता प्रसाद ने बताया कि उसने कभी के.सी.सी. नहीं करवाया है लेकिन उसके गाटा सं. 281 मौजा दहाव की खतौनी में किसी अन्य व्यक्ति कल्लू पुत्र राम सनेही के नाम से बन्धक हो गयी है।

जबकि कल्लू इस गाटा संख्या के खातेदार भी नहीं है। मोहन लाल द्वारा खतौनी को बन्धक मुक्त कराये जाने फरियाद की। जिलाधिकारी श्री त्रिपाठी के निर्देश पर तत्काल मोहन लाल की खतौनी पर बंधक मुक्त आदेश दर्ज कराकर खतौनी का दुरूस्त कर दिया गया।

डीएम श्री त्रिपाठी ने सभी सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिया कि पूरी संवेदनशीलता के साथ जनसमस्याओं का समयबद्ध एवं गुणवत्तापरक निस्तारण किया जाये। डीएम ने कहा कि निस्तारण की कार्यवाही इस प्रकार की जाय कि फरियादी निस्तारण की कार्यवाही से संतुष्ट हो सके। डीएम ने निर्देशित किया जनसुनवाई में आने वाले जरूरतमन्द तथा असहाय लोगों की समस्याओं का समाधान किया जाये तथा उनकी पात्रता के अनुसार योजनाओं से लाभान्वित करें।

इस अवसर पर व अन्य जिला स्तरीय अधिकारी, बीडीओ, बीईओ, सीडीपीओ व थानाध्यक्ष मौजूद रहे। उल्लेखनीय है कि तहसील महसी में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में प्राप्त 27 में 03, मिहींपुरवा ( मोतीपुर ) में प्राप्त 22 में 02, कैसरगंज में 36 में 05, पयागपुर में 22 में 05, नानपारा में 32 में 06 तथा तहसील सदर में प्राप्त 15 प्रार्थना-पत्रों में से 02 का निस्तारण मौके पर किया गया।

## सीबीएसई बोर्ड हाई स्कूल के छात्र-छात्राओं ने किया उत्कृष्ट प्रदर्शन

**बहराइच।** वर्ष 202526 की सीबीएसई द्वारा संचालित हाई स्कूल की परीक्षा में हमारे विद्यालय के छात्रों द्वारा उत्कृष्ट प्रदर्शन किया गया। जिसमें अंश 95.8%,



सौरभ 94.6% ,दीप मौर्य 89.2 % , बिलाल 89%, खालिद 87.6% ,संस्कार 87.2% ,रेहान 86% ,वंशिका 85.4 %, अनंत 84.4%,देवांश 84-4% अंक प्राप्त किया। इसके अतिरिक्त हर्षित सोनाक्षी कुणाल हवन आदर्श शिवा इत्यादि छात्र-छात्राओं ने भी उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। इन छात्र-छात्राओं को विद्यालय के प्रबंधक श्री विजय गौड़ प्रधानाचार्य ( प्रशासन ) असमी अतीक प्रधानाचार्य ( शिक्षा ) रीना कश्यप विद्यालय समन्वयक रितु गौड़ ने फूल माला पहनाकर इनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर विद्यालय के समस्त शिक्षक एवं शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

## सीसीटीवी की निगरानी में होंगे सभी आंगनबाड़ी केन्द्र



**अयोध्या।** कलेक्ट्रेट सभागार में मुख्य विकास अधिकारी कृष्ण कुमार सिंह की अध्यक्षता में बाल विकास विभाग की समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक में आंगनबाड़ी केंद्रों के संचालन, भर्ती प्रक्रिया, पोषण, निर्माण कार्यों और विभिन्न योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई। बैठक में आंगनबाड़ी सहायिकाओं के चयन की प्रक्रिया को 15 दिनों में पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। साथ ही बैठक से अनुपस्थित रहने पर पांच अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश भी दिए गए। आंगनबाड़ी केंद्रों की निगरानी को लेकर सभी केंद्रों को सीसीटीवी से कवर कराने हेतु करीब 4.24 करोड़ रुपये के प्रस्ताव पर भी चर्चा की गई। आईआरएफसी के सहयोग से 2 करोड़ रुपये की लागत से 1250 प्री-स्कूल किट, आरओ और एलईडी की खरीद की समीक्षा भी की गई। पोषाहार व्यवस्था में बदलाव के तहत अब सात नए ब्रांडकृशिशु अमृत, शिशु आहार, बाल पुष्टिकर, सम्पूर्ण मातृ आहार, आरोग्य पोषण, बाल संजीवनी और सक्षम पोषणकृकी आपूर्ति सीधे आंगनबाड़ी केंद्रों तक कराई जाएगी। यह आपूर्ति नेफेड के माध्यम से ओटीपी सत्यापन के बाद की जाएगी। पूर्व में स्वयं सहायता समूहों के जरिए होने वाली खाद्यान्न आपूर्ति व्यवस्था समाप्त कर दी गई है।

कुपोषित और अतिकुपोषित बच्चों के प्रबंधन, उनके रिकवरी रेट तथा गर्भवती महिलाओं के एएनसी जांच की भी समीक्षा की गई। स्वास्थ्य विभाग और बाल विकास विभाग को संयुक्त रूप से कार्य करने के निर्देश दिए गए। निर्माण कार्यों की समीक्षा में अयोध्या धाम के 70 आंगनबाड़ी केंद्रों में से 50 पर कार्य जारी पाया गया, जबकि 16 केंद्रों पर कार्य शुरू नहीं हुआ है। इस पर उपजिलाधिकारी सदर को भूमि चिन्हांकन तथा नगर निगम को निर्माण कार्यों में कमियां दूर करने के निर्देश दिए गए। ई-केवाईसी और एफआरएस के माध्यम से खाद्यान्न वितरण में प्रगति असंतोषजनक पाए जाने पर संबंधित कर्मियों से स्पष्टीकरण तलब करने के निर्देश दिए गए। निरीक्षण कार्य में कमी पाए जाने पर पांच मुख्य सेविकाओं को भी नोटिस जारी करने की बात कही गई।

## गोवंश की आंखों में मिर्च डालकर कर रहे थे लादने का प्रयास

जिला संवाददाता

**बाराबंकी।** थाना असंद्रा क्षेत्र अन्तर्गत गोवंश पशुओं के साथ क्रूरता का मामला सामने आया है। जहां असंद्रा बाजार के पीछे कुछ लोगो द्वारा गोवंश की आंखों में मिर्च डालकर उन्हें वाहन में लादने का प्रयास किया जा रहा था। मामले को लेकर नगर पंचायत सिद्धौर के सिद्धेश्वर वार्ड सभासद और विश्व हिंदू महासंघ के जिलाध्यक्ष दिप्तांशु निगम ने असंद्रा थाने में तहरीर दी। जिसके बाद थाना असंद्रा पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार बीती 17 अप्रैल को कुछ लोगो द्वारा गोवंश पशुओं के साथ अमानवीय व्यवहार किया जा रहा था।

जिसका मौके पर मौजूद प्रत्यक्षदर्शियों और स्थानीय लोगों ने अमानवीय कृत्य का विरोध किया। विवाद के दौरान सिद्धौर ब्लॉक प्रधान प्रतिनिधि टिकरियां आनंद यादव अपने करीब आधा दर्जन मजदूरों के साथ जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी के निर्देश पर आवारा गोवंशों को पकड़कर गौशाला ले जाने का दावा करते हुए उलझने लगे।

लोगों का विरोध बढ़ता देख आरोपियों ने जानवरों को वहीं छोड़ दिया और अपनी गाड़ी व साथियों के साथ मौके से फरार हो गए। इस सम्बन्ध मे थानाध्यक्ष असंद्रा आलोक मणि त्रिपाठी ने बताया कि तहरीर के आधार पर भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 325 के तहत मामला दर्ज कर लिया है। मामले की जांच शुरू कर दी गई है।

**● विहिम जिलाध्यक्ष दिप्ताशु निगम की तहरीर पर केस दर्ज**



### बाल विवाह दण्डनीय अपराध है: डीएम

**बहराइच 18 अप्रैल।** अक्षय तृतीया के अवसर पर बाल विवाह रोकथाम हेतु शुक्रवार को देर शाम कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने कहा कि अक्षय तृतीया ( आखा तीज ) के अवसर पर बाल विवाह करने की रूढ़िवादी परम्परा समाज में प्रचलित है। जबकि किसी भी बालिका जिसने अपनी आयु 18 वर्ष पूर्ण न की हो एवं किसी भी बालक/युवा जिसने अपनी आयु 21 वर्ष पूर्ण न की हो, का विवाह कराया जाना प्रतिबन्धित है।

बाल विवाह प्रतिषेध अनिधिनियम 2006 के अन्तर्गत बाल विवाह एक दण्डनीय अपराध है तथा बाल विवाह में प्रतिभाग करने वाले व्यक्तियों पर भी कानूनी कार्यवाही का प्राविधान किया गया है। डीएम ने कहा कि 19 अप्रैल को अक्षय तृतीया को मद्देनजर रखते हुए बाल विवाह के रोकथाम हेतु प्रत्येक ग्राम सभा के ग्राम प्रधान व चे मामलों की जानकारी हो सके। डीएम अपने थाना क्षेत्रों में विवाह कराने से संवाद कर उन्हें जागरूक कर दें।

## घाघराघाट और चहलारीघाट का किया निरीक्षण



जिला संवाददाता

**बहराइच ।** तहसील महसी में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस के पश्चात जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने पुलिस अधीक्षक विश्वजीत श्रीवास्तव के साथ बहराइच-सीतापुर मार्ग पर स्थित चहलारीघाट सेतु का निरीक्षण किया। बहराइच-लखनऊ मार्ग पर घाघरा नदी पर निर्मित संजय सेतु की मारम्मत तथा पान्टून पुल से भारी वाहनों के गुजरने पर प्रतिबन्ध के कारण बहराइच सीतापुर मार्ग पर वाहनों की संख्या में बढ़ोत्तरी हुई है।

उल्लेखनीय है कि जिलाधिकारी ने पुलिस अधीक्षक व अन्य अधिकारियों के साथ शुक्रवार को देर शाम घाघराघाट का भ्रमण कर संजय सेतु की मरम्मत तथा छोटे वाहनों के आवागमन के लिए वैकल्पिक व्यवस्था के तौर निर्मित किये गये पान्टून पुल का निरीक्षण कर मौके पर मौजूद अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये थे। डीएम ने सभी सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिया कि पान्टून पुल पर वाहनों के आवागमन में आमजन में किसी प्रकार की असुविधा न हो। डीएम ने सुरक्षा के दृष्टिगत पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था तथा एप्रोच मार्गों पर उड़ने वाली धूल से राहत देने के लिए पानी का छिड़काव कराते रहने के निर्देश दिये।

डीएम ने निर्देश दिया कि किसी आपातिक स्थिति से निपटने के लिए चिकित्सक दल के साथ एम्बुलेन्स, तकनीकी समस्याओं के समाधान के लिए लोक निर्माण विभाग की टीम, आपदा प्रबन्धन बल के साथ साथ पुलिस एवं ट्रैफिक कर्मियों की तैनाती करने के निर्देश दिये। संजय सेतु पर आनगोईंग मरम्मत कार्य का निरीक्षण करते हुए डीएम ने राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के अधिकारियों को निर्देश दिया कि कार्यों में किसी प्रकार की लापरवाही न की जाये बल्कि निर्धारित मानक व गुणवत्ता के साथ समय से कार्यों को पूर्ण करायें।

इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी अमित कुमार, अपर पुलिस अधीक्षक नगर आयुष विक्रम सिंह, उप जिलाधिकारी कैसरगंज अखिलेश कुमार सिंह, पुलिस क्षेत्राधिकारी डी.के. श्रीवास्तव, अधि.अभि. लो.नि.वि. अमर सिंह सहित जनपद बहराइच व बाराबंकी के अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# लोकसभा की कार्यवाही अनिश्चितकाल के लिए स्थगित

एजेंसी



नयी दिल्ली। लोकसभा की कार्यवाही शनिवार को अनिश्चित काल के लिए स्थगित कर दी गई। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने बताया कि 18वीं लोकसभा के इस (सातवें) सत्र में कुल 31 बैठकें हुईं और सदन की कार्यवाही 151 घंटे तथा 42 मिनट तक चली।

उन्होंने कहा कि इस सत्र में कार्य उत्पादकता 93 प्रतिशत रही। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और कई अन्य दलों के प्रमुख नेता सदन में मौजूद थे। बजट सत्र की शुरुआत 28 जनवरी को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा दोनों सदनों की संयुक्त बैठक को संबोधित किए जाने के साथ हुई। सदन ने पांच फरवरी को 2 घंटे 46 मिनट की चर्चा के बाद राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव को प्रधानमंत्री मोदी के जवाब के बिना पारित कर दिया। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने पांच फरवरी को सदन में कहा कि एक दिन पहले कांग्रेस के कई सदस्य प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सीट के पास पहुंचकर किसी अप्रत्याशित घटना को अंजाम देना चाहते थे, इसलिए उनके अनुरोध पर प्रधानमंत्री सदन में नहीं आए। राष्ट्रपति के अभिभाषण पर लोकसभा में शुरू हुई चर्चा में भाग लेते हुए नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने पूर्व सेना प्रमुख एम एम नरवणे के एक अप्रकाशित संस्मरण के हवाले से चीन के साथ टकराव का मुद्दा उठाने का प्रयास किया था, लेकिन अध्यक्ष बिरला ने नियमों का हवाला देते हुए इसकी अनुमति नहीं दी। इस मुद्दे पर सदन में गतिरोध बना रहा। इसी दौरान आसन के समीप कागज उछालने और आसन की गरिमा को ठेस पहुंचाने के मामले में कांग्रेस के आठ और एक माकपा सदस्य को संसद के वर्तमान सत्र की शेष अवधि के लिए निलंबित कर दिया गया। हालांकि बजट सत्र के दूसरे चरण में 17 मार्च को इन विपक्षी सदस्यों का निलंबन तत्काल प्रभाव से रद्द कर दिया गया। बिरला ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने उनके आग्रह पर सदन में नहीं आकर लोकसभा को अप्रिय दृश्य से बचाया और इसके लिए वह प्रधानमंत्री का आभार व्यक्त करते हैं। राष्ट्रपति के अभिभाषण पर लोकसभा में हुई चर्चा का जवाब प्रधानमंत्री द्वारा दिए जाने की परंपरा है।

बजट सत्र के पहले चरण में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा के दौरान नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी को बोलने की इजाजत नहीं देने तथा कांग्रेस की महिला सांसदों पर सदन में अनुचित स्थिति पैदा करने के आरोपों पर विपक्ष ने अध्यक्ष बिरला को पद से हटाने के लिए प्रस्ताव लाने संबंधी नोटिस 10 फरवरी को लोकसभा सचिवालय को सौंपा था। बिरला ने नोटिस दिए जाने के बाद फैसला किया था कि वह इस मामले का निपटारा होने तक आसन पर नहीं बैठेंगे। बजट सत्र के दूसरे चरण में 11 मार्च को अध्यक्ष के खिलाफ प्रस्ताव सदन ने ध्वनिमत से खारिज कर दिया, जिसके बाद बिरला ने 12 मार्च से सदन की कार्यवाही का संचालन किया। एक फरवरी को वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने सदन में वित्त वर्ष 2026-2027 का केंद्रीय बजट पेश किया।

# ओछी राजनीति कर रही है द्रमुक : मोदी

एजेंसी



कोयंबटूर (तमिलनाडु)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को कहा कि महिला आरक्षण संशोधन विधेयक उनकी सरकार का एक नेक प्रयास था, जिसे द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) और कांग्रेस ने नफरत एवं ओछी राजनीति का निशानौ बनाकर पटरी से उतार दिया।

शुक्रवार को लोकसभा में संविधान संशोधन विधेयक के पारित न हो पाने पर तमिलनाडु की सत्तारूढ़ द्रमुक और कांग्रेस को विशेष रूप से निशाना बनाते हुए प्रधानमंत्री ने पूछा, आम महिलाओं को आगे बढ़ते देखकर द्रमुक और कांग्रेस को क्या परेशानी होती है? मोदी ने कहा कि उन्होंने व्यक्तिगत रूप से विपक्षी दलों से विधेयक का समर्थन करने की अपील की थी और यहां तक कि उन्हें इसका श्रेय देने की पेशकश भी की थी क्योंकि मैं केवल यह चाहता था कि साधारण परिवारों की बहनें अच्छी संख्या में संसद और विधानसभाओं में आएं। उन्होंने आरोप लगाया, लेकिन दुर्भाग्य से, यह नेक प्रयास विफल हो गया। द्रमुक, कांग्रेस और उनके सहयोगियों ने इसे नफरत और ओछी राजनीति का निशाना बना दिया। यहां एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि अगर यह विधेयक पारित हो जाता, तो साधारण परिवारों की कई तमिल महिलाएं सांसद और विधायक बन जातीं। मोदी ने कहा कि 2011 की जनगणना के आधार पर, तमिलनाडु को लोकसभा में और भी कई सीट मिलने वाली थीं, लेकिन स्पष्ट रूप से द्रमुक ऐसा नहीं चाहती थी। बहरहाल, द्रमुक की करतूतें अब पूरी तरह से उजागर हो चुकी हैं। काले कपड़े पहनकर द्रमुक अपने गलत इरादों को छिपा नहीं सकती। मोदी ने कहा, मैं द्रमुक को बताना चाहता हूं कि लोग आपकी काली करतूतों से वाकिफ हैं, अब आप अपने काले कारनामों से बच नहीं सकते। मैं आप सभी को आश्वस्त करता हूं कि यह हमारी लड़ाई का अंत नहीं है, बल्कि यह तो बस शुरुआत है। भाजपा-राजग आपके लिए काम करना जारी रखेंगे। उन्होंने कांग्रेस और द्रमुक की ओर इशारा करते हुए आरोप लगाया, आम महिलाओं को आगे बढ़ते देखकर द्रमुक और कांग्रेस को क्यों परेशानी होती है? ये परिवारवादी पार्टियां सत्ता को अपने ही परिवार तक सीमित रखना चाहती हैं।

## संक्षेप

### ब्रिटेन में भारतीय महुआ फेनी ने दी दस्तक

लंदन। पारंपरिक जनजातीय पेय महुआ और गोवा की फेनी इस सप्ताह से ब्रिटेन के बाजार में भारतीय विरासत पेयों की नई श्रृंखला के तहत पहली बार पेश किए जा रहे हैं। भारतीय पेयों को ब्रिटेन में पेश करने पर केंद्रित खुदरा कंपनी महाराजा ड्रिंक्स ने फेनी के तीन प्रकार और एक महुआ पेय बाजार में उतारा है। यह विशेष खुदरा कंपनी जैविक प्रमाणन, टिकाऊउत्पादन पद्धतियों तथा पर्यावरण के अनुकूल निर्माण, पैकेजिंग और परिवहन पर ध्यान देती है। कंपनी की मुख्य कार्यकारी अधिकारी एनेबल जैमिसन ने कहा, भारत में विरासत पेयों की असाधारण विविधता है, जिनकी जड़ें सदियों पुरानी कारीगरी और परंपराओं में हैं। आज उपभोक्ताओं और पेय परोसने वाले विशेषज्ञों में इन असली स्थानीय स्वादों को जानने की रुचि बढ़ रही है। इसलिए इन्हें पहली बार ब्रिटेन में पेश करने का यह सही समय है।

### यूपी खरीदेगा 6500 रुपये प्रति टन आलू

नयी दिल्ली। केंद्र सरकार ने उत्तर प्रदेश में 6,500.90 रुपये प्रति टन के बाजार हस्तक्षेप मूल्य पर 20 लाख टन आलू की खरीद को मंजूरी दी है। इस पर सरकारी खजाने से 203.15 करोड़ रुपये खर्च होंगे। यह कदम विभिन्न राज्यों में किसानों को मजबूरी में कम दाम पर फसल बेचने से बचाने के व्यापक प्रयास का हिस्सा है। एक अलग निर्णय में, केंद्रीय कृषि मंत्रालय ने आंध्र प्रदेश में चना खरीद की सीमा 94,500 टन से बढ़ाकर 1.13 लाख टन कर दी है। कर्नाटक में मूल्य समर्थन योजना (पीएसएस) के तहत अरहर की खरीद की अवधि 15 मई तक बढ़ा दी गई है, जिससे किसानों को अपनी उपज न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर बेचने के लिए अतिरिक्त समय मिल सके। कर्नाटक में, मूल्य समर्थन योजना (पीएसएस) के तहत तुअर की खरीद की अवधि 15 मई तक बढ़ा दी गई है, जिससे किसानों को एमएसपी पर अपनी उपज बेचने के लिए अतिरिक्त समय मिल गया है।

### मणिपुर में दो लोगों की गोली मारकर हत्या

इंफाल। मणिपुर के उखरुल जिले में शनिवार को संदिग्ध उग्रवादियों ने घात लगाकर दो लोगों की गोली मारकर हत्या कर दी। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। यह घटना आज दोपहर कुकी बहुल याओलेन गांव के पास हुई। घटना मुख्यमंत्री वाई. खेमचंद सिंह द्वारा तंगखुल नगा बहुल पर्वतीय जिले का दौरा करने और कुकी व नगा निवासियों के साथ बातचीत के दौरान शांति तथा संवाद की अपील करने के एक दिन बाद हुई है। अधिकारियों ने बताया कि संदिग्ध उग्रवादियों ने इंफाल से उखरुल जा रहे नागरिकों के वाहनों पर गोलीबारी की। कार की आगे वाली यात्री सीट पर बैठे एक व्यक्ति के सिर में गोली लगी और उसकी मौके पर ही मौत हो गई, जबकि गोली लगने से घायल हुए एक अन्य व्यक्ति ने भी दम तोड़ दिया। मृतकों की पहचान ताशर गांव के एस. डब्ल्यू. चिनाओशांग और खरासोम गांव के वाई वाशुम के रूप में हुई है।

# वेदांता के चेयरमैन अग्रवाल के समर्थन में आये नवीन जिंदल

एजेंसी

नयी दिल्ली। उद्योगपति नवीन जिंदल ने शनिवार को छत्तीसगढ़ बॉयलर विस्फोट मामले में वेदांता समूह के चेयरमैन अनिल अग्रवाल का समर्थन करते हुए कहा कि मामले की पहले जांच होनी चाहिए और साक्ष्यों के आधार पर जिम्मेदारी तय की जानी चाहिए। वेदांता विद्युत संयंत्र में 14 अप्रैल को हुए विस्फोट में 23 लोगों की मौत हो गई थी। इस मामले में छत्तीसगढ़ पुलिस ने दर्ज की प्राथमिकी में अनिल अग्रवाल का नाम भी शामिल किया गया है। सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में जिंदल ने घटना में श्रमिकों की मौत पर दुख जताया। उन्होंने कहा छत्तीसगढ़ की यह त्रासदी बेहद पीड़ादायक है। 20 परिवारों ने सब कुछ खो दिया है। उचित मुआवजा, परिवारों को आजीविका सहायता और निष्पक्ष जांच अनिवार्य है।

उन्होंने आगे कहा, लेकिन बिना जांच के अनिल अग्रवाल का नाम प्राथमिकी में शामिल करना गंभीर चिंता का विषय है। पहले जांच होनी चाहिए, फिर सबूतों के आधार पर जिम्मेदारी तय की जानी चाहिए और उसके बाद कार्वाई की जानी चाहिए। जिंदल ने कहा कि अग्रवाल एक ऐसे व्यक्ति हैं, जो अपने दम पर आगे बढ़े, वह साधारण और पिछड़े समुदाय से आते हैं।

# संघीय ढांचे को बदलने की साजिश था विधेयक

एजेंसी



नयी दिल्ली। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा ने शनिवार को कहा कि महिला आरक्षण से संबंधित संविधान संशोधन विधेयक देश के संघीय ढांचे को बदलने का षड्यंत्र था और लोकसभा में इसका गिरना लोकतंत्र, संविधान एवं विपक्षी एकजुटता की जीत है।

प्रियंका ने कहा कि सरकार 2023 के नारी शक्ति वंदन अधिनियम को लोकसभा की वर्तमान 543 सीट के आधार पर तत्काल लागू कर सकती है और यदि वह ऐसा करती है तो विपक्ष इसका समर्थन करेगा। उन्होंने संवाददाताओं से कहा कल लोकतंत्र की बहुत बड़ी जीत हुई है। मोदी सरकार ने लोकतंत्र को कमजोर करने और संघीय ढांचे को बदलने की साजिश की थी, जिसे हमने हरा दिया। ये संविधान की जीत है, देश की जीत है, विपक्षी एकता की जीत है। प्रियंका ने कहा कि यह विपक्षी एकजुटता के लिए निर्णायक क्षण हो सकता है। उन्होंने कहा गृह मंत्री (अमित शाह) और प्रधानमंत्री (नरेन्द्र मोदी) ने अपने भाषणों में कहा कि अगर विपक्ष इस मुद्दे पर सहमत नहीं होगा तो न कभी चुनाव जीत पाएगा, न ही सत्ता में आ पाएगा। इन बातों से ही साफ हो गया कि सरकार की मंशा क्या थी। प्रियंका ने दावा किया, मेरा मानना है कि सरकार द्वारा जो साजिश रची गई, उसका उद्देश्य सत्ता हासिल करना है। इसके लिए सरकार ने महिलाओं का इस्तेमाल किया। उन्होंने कहा कि सरकार चाहती थी कि महिला आरक्षण के नाम पर विपक्ष यह विधेयक पारित करवा दे ताकि उन्हें मनमाने तरीके से परिसीमन की आजादी मिल जाए जिससे मोदी सरकार को जातिगत जनगणना का सहारा न लेना पड़े। उन्होंने दावा किया, यह महिला आरक्षण विधेयक की बात नहीं थी। यह बात परिसीमन से जुड़ी हुई थी।

# बिहार के उपमुख्यमंत्रियों को जेड श्रेणी की सुरक्षा

एजेंसी

पटना। बिहार सरकार ने उप मुख्यमंत्रियों विजय कुमार चौधरी और बिजेंद्र प्रसाद यादव की सुरक्षा बढ़ा दी है। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। राज्य के गृह विभाग द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार, दोनों उप मुख्यमंत्रियों को अब जेड श्रेणी की सुरक्षा प्रदान की जाएगी।

एक अधिकारी ने बताया कि विभाग द्वारा चौधरी और यादव की सुरक्षा की समीक्षा किए जाने के बाद यह निर्णय लिया गया। जेड श्रेणी की सुरक्षा में प्रशिक्षित कर्मियों की एक समर्पित टीम शामिल होती है, जो उन्नत हथियारों से लैस होती है। इस बीच, एक अन्य अधिसूचना में कहा गया है कि राज्य सरकार ने जद (यू) नेता और पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के बेटे निशांत कुमार को जेड श्रेणी की सुरक्षा प्रदान की है। हालांकि, सरकार ने भाजपा के वरिष्ठ नेता और पूर्व उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा की सुरक्षा घटा दी है, जिन्हें पहले जेड-प्लस सुरक्षा प्राप्त थी। सिन्हा को अब जेड श्रेणी की सुरक्षा प्रदान की जाएगी। अधिसूचना के मुताबिक, गृह विभाग ने जद (यू) के वरिष्ठ नेता और पूर्व मंत्री श्रवण कुमार की सुरक्षा भी बढ़ा दी है।

# महिलाओं ने घेरा राहुल गांधी का आवास

एजेंसी




नयी दिल्ली। महिला आरक्षण कानून संशोधन विधेयक के लोकसभा में पारित नहीं होने के विरोध में शनिवार को दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता सहित भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की महिला सांसदों और नेताओं ने लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी के सुनहरी बाग स्थित आवास के निकट तक विरोध मार्च निकाला।

मोती लाल नेहरू मार्ग पर एकत्र हुए प्रदर्शनकारियों ने गांधी का पुतला फूंका और उनके आवास की ओर बढ़ने की कोशिश की, जिसके बाद पुलिस ने उन्हें तितर-बितर करने के लिए पानी की बौछारों का इस्तेमाल किया। पार्टी की राज्य इकाई के एक बयान में बताया गया कि सुनहरी मस्जिद चौराहे के पास, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा, सांसद बांसुरी स्वराज, कमलजीत सहरावत और हेमा मालिनी सहित अन्य नेताओं को हिरासत में लेकर उन्हें संसद मार्ग थाने ले जाया गया। लोकसभा में शुक्रवार को संविधान (131वां संशोधन) विधेयक के पारित नहीं हो पाने के कारण भाजपा की महिला सांसदों हेमा मालिनी, मंजू शर्मा और वात्सल्य गुप्ता सहित प्रदर्शनकारियों ने विपक्षी दलों की कड़ी आलोचना की और उन पर देश की महिलाओं को अपमानित करने का आरोप लगाया। मुख्यमंत्री ने कहा देश की आधी आबादी को पिछले 30 वर्षों से अपमान सहना पड़ रहा है क्योंकि यह विधेयक बार-बार पेश किया गया लेकिन या तो उसे खारिज कर दिया गया या उसका विरोध किया गया।

### टेमी टी की फर्स्ट फ्लश चाय 27,000 रुपये प्रति किलो में बिकी

गंगटोक। सिक्किम के सरकारी स्वामित्व वाले टेमी टी एस्टेट की फर्स्ट फ्लश ऑर्गेनिक चाय ने चालू सत्र में 27,000 रुपये प्रति किलोग्राम की रिकॉर्ड कीमत हासिल की है। शनिवार को जारी एक आधिकारिक बयान में यह जानकारी दी गई। बयान के अनुसार अपनी कोमल सुगंध और उत्कृष्ट गुणवत्ता के लिए प्रसिद्ध फर्स्ट फ्लश चाय की घरेलू और अंतरराष्ट्रीय बाजारों में मजबूत मांग बने रहने की उम्मीद है। प्रारंभिक खेपों की खुली बोली में खरीददारों से अत्यधिक सकारात्मक प्रतिक्रिया मिली है, जबकि बाद की खेपों में भी अच्छा उत्साह देखा जा रहा है। इस समय बगान में ताजी पत्तियों की तुड़ाई और प्रीमियम किस्मों जैसे ऑर्थोडॉक्स ब्लैक टी और ऊलॉन्ग टी का उत्पादन जारी है।

# अक्षय तृतीया पर बढ़ेगी डिजिटल सोने की डिमांड

एजेंसी



नयी दिल्ली। विश्लेषकों का कहना है कि रविवार को मनाई जाने वाली अक्षय तृतीया के अवसर पर भौतिक सोने की खरीद के साथ-साथ लचीले और पारदर्शी सोने में निवेश के विकल्प भी लोकप्रिय बने रह सकते हैं, क्योंकि निवेशकों का रुझान अब सोने के आधुनिक विकल्पों की ओर स्पष्ट रूप से बढ़ रहा है।

अक्षय तृतीया को पारंपरिक रूप से सोना खरीदने का शुभ अवसर माना जाता है, लेकिन विश्लेषकों के अनुसार निवेशकों की भागीदारी धीरे-धीरे बदल रही है और वे पारंपरिक भौतिक खरीद के साथ-साथ वित्तीय निवेश विकल्पों में भी बढ़ती रुचि दिखा रहे हैं। मोतीलाल ओसवाल फाइनेंशियल सर्विसेज के कमोडिटी विश्लेषक मानव मोदी ने कहा हम सोने में निवेश करने के तरीके में धीरे-धीरे बदलाव देख रहे हैं। अक्षय तृतीया जैसे अवसरों पर भौतिक खरीद अभी भी महत्वपूर्ण है, लेकिन लचीले और पारदर्शी निवेश विकल्पों में रुचि लगातार बढ़ रही है।

ब्रोकरेज की रिपोर्ट के अनुसार, वर्ष 2026 में सर्राफा बाजार भू-राजनीतिक तनाव, वैश्विक आर्थिक मंदी और मौद्रिक नीति अपेक्षाओं में बदलाव के कारण उतार-चढ़ाव भरा रहा है। इसके बावजूद सोने और चांदी में सालाना आधार पर क्रमशः लगभग 10 प्रतिशत और पांच प्रतिशत की बढ़त दर्ज की गई है, जो सुरक्षित निवेश की मांग को दर्शाती है। घरेलू बाजार में उंची कीमतों के कारण आभूषणों की मांग सीमित और मूल्य-संवेदनशील बनी हुई है, जिससे घरेलू कीमतों पर छूट का दबाव देखा जा रहा है। मोतीलाल ओसवाल फाइनेंशियल सर्विसेज की कमोडिटी रिसर्च प्रमुख नवनीत दमानी ने कहा, सोना वर्तमान में एक जटिल वैश्विक माहौल से गुजर रहा है। उन्होंने कहा कि ब्याज दरों की अपेक्षाओं और डॉलर की मजबूती के कारण कभी-कभी दबाव देखने को मिलता है, लेकिन अनिश्चितता, मुद्रास्फीति की चिंता और दीर्घकालिक निवेश मांग इसके व्यापक दृष्टिकोण को समर्थन दे रही है।

## पेज एक का शेष

### योगी को

योगी की एक झलक पाने को सड़क के दोनों और जनसैलाब उमड़ पड़ा। उन्हें अपने बीच देखकर मतदाताओं के मनोभाव भी जुबां पर आ गए। जगह-जगह से गूंज सुनाई देने लगी- 4 मई, दीदी गई। अंधकार छंटेगा-कमल खिलेगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी हाथ हिलाकर, हाथ जोड़कर बंगालवासियों का हृदय से अभिवादन किया।

सीएम योगी को देखने के लिए महिलाएं व बच्चे भी रोड के दोनों तरफ मकानों की छतों पर खड़े थे। जैसे ही सीएम का काफिला उनके सामने से गुजरता, तमाम महिलाएं व बच्चे हाथ जोड़कर 'बुलडोजर बाबा' को प्रणाम करते, सीएम ने भी हाथ हिलाकर सभी का अभिवादन किया। रास्ते व छतों पर खड़े लोग अपने मोबाइल में सीएम योगी की फोटो भी लेते रहे। सीएम योगी ने रोड-शो के समापन पर मतदाताओं से संवाद किया और इतने भव्य स्वागत के लिए जनता का आभार भी जताया। उन्होंने कहा कि आमार सोनार बांग्ला, अब टीएमसी मुक्तो बांग्ला (हमारा सोने जैसा बंगाल, अब टीएमसी मुक्त बंगाल)। समूचे बंगाल का उत्साह बता रहा है कि 4 मई को बंगाल में भाजपा का कमल खिलेगा। बंगाल भारत की कल्चरल कैपिटल के रूप में जानी जाती है, लेकिन कांग्रेस, तृणमूल कांग्रेस व कम्युनिस्टों ने इस पहचान को मिटाया है।

### विपक्ष को

कहा, मुझे उम्मीद थी कि कांग्रेस अपनी पिछली गलतियों को सुधारेगी, लेकिन उसने नया इतिहास रचने का मौका गंवा दिया। परिवारवाद से ग्रसित पार्टियां महिलाओं को आगे नहीं बढ़ने देना चाहतीं, क्योंकि इससे उनकी स्वार्थी राजनीति का अंत हो सकता है। मोदी ने कांग्रेस पर विभाजनकारी राजनीति करने का आरोप भी लगाया और कहा कि कांग्रेस उत्तर-दक्षिण विभाजन के बारे में झूठी बातें फैला रही है। उन्होंने कहा, एक महिला सबकुछ भूल जाती है, लेकिन अपना अपमान नहीं भूलतीअ कांग्रेस और उसके सहयोगियों द्वारा किया गया यह अपमान हर महिला के दिल में हमेशा रहेगा। मोदी ने कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम में संशोधन समय की आवश्यकता थी और उत्तर, दक्षिण, पूर्व तथा पश्चिम में संतुलित सशक्तीकरण सुनिश्चित करने का एक ईमानदार प्रयास था।

### केन्द्रीय कर्मियों

रेल लाइन उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद, हापुड, अमरोहा, मुरादाबाद, रामपुर, बरेली, शाहजहांपुर, लखीमपुर खीरी और सीतापुर जिलों से होकर गुजरती है। परियोजना का मार्ग गाजियाबाद (मशीनरी, इलेक्ट्रॉनिक्स, फार्मास्यूटिकल), मुरादाबाद (पीतल के बर्तन और हस्तशिल्प), बरेली (फर्नीचर, वस्त्र, इंजीनियरिंग), शाहजहांपुर (कालीन और सीमेंट से संबंधित उद्योग) और रोजा (तापीय विद्युत संयंत्र) जैसे प्रमुख औद्योगिक केंद्रों से होकर गुजरता है। राजामुंदरी (निदादावोलु)-विशाखापत्तनम (दुव्वाडा) खंड हावड़ा - चेन्नई उच्च घनत्व नेटवर्क (एचडीएन) का हिस्सा है। प्रस्तावित परियोजना मार्ग के चौगुने विस्तार की पहल का हिस्सा है। सरकार ने कहा कि यह परियोजना आंध्र प्रदेश के पूर्वी गोदावरी, कोनासीमा, काकीनाडा, अनाकापल्ले और विशाखापत्तनम जिलों से होकर गुजरती है। बयान में कहा गया है, विशाखापत्तनम को आकांक्षी जिला कार्यक्रम में एक आकांक्षी जिला माना गया है। यह पूर्वी तट पर स्थित विशाखापत्तनम, गंगावरम, मछलीपटनम और काकीनाडा जैसे प्रमुख पत्तनों को जोड़ती है। इसमें कहा गया है, परियोजना का मार्ग पूर्वी तटरेखा के साथ-साथ चलता है और यह पूर्वी तटीय रेल गलियारे के सबसे व्यस्त, मुख्य रूप से माल ढुलाई के खंडों में से एक है। बयान में कहा गया है कि इस खंड की लाइन क्षमता का उपयोग पहले ही 130 प्रतिशत तक पहुंच चुका है, जिसके कारण बार-बार जाम और परिचालन में देरी हो रही है। सरकार ने कहा क्षेत्र में पत्तनों और उद्योगों के प्रस्तावित विस्तार के कारण लाइन की क्षमता में और वृद्धि होने की उम्मीद है। सरकार ने भारतीय ध्वज वाले या भारतीय नियंत्रण वाले जहाजों, अथवा भारत आने वाले या भारत से जाने वाले जहाजों के लिए सॉवरेन गारंटी द्वारा समर्थित भारत समुद्री बीमा कोष के गठन को मंजूरी दी है। यह कोष सभी तरह के समुद्री जोखिमों को कवर करेगा। बीमा पॉलिसियां उन बीमाकर्ताओं द्वारा जारी की जाएंगी, जो इस कोष की सदस्य होंगी।

### नोएडा हिंसा

बिहार के वैशाली हाजीपुर का रहने वाला है। उसने एनआईटी जमशेदपुर से बीटेक किया है। कैंपस सेलेक्शन के जरिए वह जैनपैक्ट जैसी प्रतिष्ठित कम्पनी में सॉफ्टवेयर इंजीनियर बना। वह गुरुग्राम और बाद में नोएडा के सेक्टर-37 अरुण विहार में शिफ्ट हो गया था। पुलिस पूछताछ में उसने बताया कि 2022 से वह मजदूर बिगुल के सम्पर्क में आया और सम्पादक अनुभव सिन्हा के जरिए अन्य संगठनों जैसे दिशा स्टूडेंट ऑर्गेनाइजेशन, आडब्लूपीआई, नौजवान भारत सभा और एकता संघर्ष समिति के सम्पर्क में आ गया। वह लगातार इन संगठनों के आंदोलनों में शामिल होने लगा था। क्या थी हिंसा की साजिश-जांच में खुलासा हुआ है कि 30 मार्च से 1 अप्रैल के बीच नोएडा में इन संगठनों के कुछ सदस्यों ने एक बैठक की थी, जिसमें श्रमिक आंदोलन की आड़ में नोएडा में बड़े पैमाने पर हिंसा और आगजनी की योजना बनाई गई थी। इसी का परिणाम 13 अप्रैल की हिंसक घटना थी। एसटीएफ टीम उसे तमिलनाडु की स्थानीय अदालत में पेश कर ट्रांजिट रिमांड पर ले रही है। आदित्य पर बीएनएस की गम्भीर धाराओं और क्रिमिनल लॉ अमेंडमेंट एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज है। रिमांड के बाद उसे नोएडा लाकर जेल भेजा जाएगा और स्थानीय पुलिस आगे की विधिक कार्रवाई करेगी।

### चार संदिग्ध

अधिकारी ने कहा वे कथित तौर पर काले झंडे लेकर चलने वाले खुरासान के लश्कर की अवधारणा से भी प्रेरित थे, जिसका इस्तेमाल उन्होंने दूसरों को कट्टरपंथी बनाने के अपने दुष्प्रचार के हिस्से के तौर पर किया। उन्होंने कहा कि आरोपी बंद और एन्क्रिप्टेड सोशल मीडिया समूहों पर सक्रिय थे, जहां जिहाद, कट्टरपंथी सोच और हथियारों से जुड़ी सामग्री साझा की जाती थी। इन मंचों का इस्तेमाल कथित तौर पर नए सदस्यों की पहचान करने, और भर्ती करने के लिए किया जाता था। जांच से पता चला कि आरोपियों में से एक दिसंबर 2025 में दिल्ली आया था और उसने लाल किला और इंडिया गेट समेत खास जगहों की रेकी की थी। जांचकर्ताओं ने कहा कि इस मॉड्यूल ने अयोध्या में राम मंदिर, संसद भवन और कुछ सैन्य प्रतिष्ठानों जैसे महत्वपूर्ण स्थानों पर संभावित हमलों पर भी चर्चा की थी। अधिकारी ने कहा, चारों आरोपी, मोसैब अहमद, मोहम्मद हम्माद, मोहम्मद सोहेल और शेख इमरान निम्न सामाजिक, आर्थिक पृष्ठभूमि से हैं। मोसैब अहमद मूल रूप से उत्तर प्रदेश के आजमगढ़ का रहने वाला है और उसने 10वीं कक्षा तक पढ़ाई की है। उसने भारत में और सऊदी अरब तथा कतर जैसे देशों में वेल्डर, ऑटो मैकेनिक और ऑटो इलेक्ट्रीशियन सहित कई तरह के काम किए। फिलहाल, वह ठाणे में एक निजी ऑटोमोबाइल वर्कशॉप में काम कर रहा था। मोहम्मद हम्माद मुंबई का रहने वाला है। वह पत्राचार से 12वीं की पढ़ाई कर रहा है। शेख इमरान का जन्म ओडिशा के भुवनेश्वर में एक निचले तबके के घर में हुआ था।

### राहुल गांधी

उक्त आदेश के टाइप होने और उस पर हस्ताक्षर होने के पूर्व ही न्यायमूर्ति सुभाष विद्यार्थी ने पाया कि इलाहाबाद उच्च न्यायालय की पूर्ण पीठ ने वर्ष 2014 में पारित एक निर्णय में कहा है कि एफआईआर दर्ज किए जाने के मांग वाले प्रार्थना पत्रों के खारिज होने पर पुनरीक्षण याचिका ही पोषणीय है तथा ऐसी याचिका पर प्रस्तावित अभियुक्त को नोटिस भेजा जाना अनिवार्य है।

न्यायालय ने कहा की इस विधिक स्थिति को देखते हुए बिना विपक्षी संख्या एक (राहुल गांधी) को नोटिस जारी किए मामले को निर्णित करना उचित नहीं है। न्यायालय ने मामले की अगली सुनवाई के लिए 20 अप्रैल की तिथि नियत की है।

### चारधाम यात्रा

जाए। मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि चारधाम यात्रा केवल तीर्थाटन नहीं, बल्कि भारतीय संस्कृति और आध्यात्मिक चेतना का विराट पर्व है। बाबा केदारनाथ, भगवान बदरीविशाल, मां गंगोत्री और मां यमुनोत्री के दर्शन के लिए आने वाले श्रद्धालु यहां से नई ऊर्जा, मानसिक शांति और आध्यात्मिक संतोष प्राप्त करते हैं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने इस बार यात्रा को अधिक सुरक्षित, सुव्यवस्थित और सुविधाजनक बनाने के लिए व्यापक तैयारियां की हैं। प्रशासन, पुलिस, परिवहन, पर्यटन, स्वास्थ्य और आपदा प्रबंधन विभागों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित किया गया है। संवेदनशील क्षेत्रों में अतिरिक्त बल, निगरानी और संसाधनों की व्यवस्था की गई है। मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि यात्रा मार्गों पर स्वच्छता बनाए रखने के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। ग्रीन चारधाम यात्रा के तहत पर्यावरण संरक्षण, प्लास्टिक पर नियंत्रण, कचरा प्रबंधन और साफ-सफाई पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। उन्होंने यात्रियों से भी अपील की कि वे प्रकृति और धार्मिक स्थलों की गरिमा बनाए रखने में सहयोग करें।

उन्होंने कहा कि प्लास्टिक मुक्त केदारनाथ अभियान को इस वर्ष और प्रभावी रूप से लागू किया गया है। यात्रा मार्गों पर नियमित सफाई, कूड़ा संग्रहण केंद्र, वाहनों में डस्टबिन और जागरूकता अभियान चलाए जा रहे हैं, ताकि धामों की पवित्रता और प्राकृतिक सौंदर्य सुरक्षित रखा जा सके। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में उत्तराखंड में धार्मिक पर्यटन और आधारभूत ढांचे को नई गति मिली है। दिल्ली-देहरादून इकोनॉमिक कॉरिडोर के शुरू होने से यात्रियों को आवागमन में बड़ी राहत मिली है। इसके साथ ही केदारनाथ और बद्रीनाथ धाम में पुनर्विकास कार्य तेजी से चल रहे हैं, जबकि गंगोत्री, यमुनोत्री और हेमकुंड साहिब क्षेत्रों में भी सुविधाओं का विस्तार किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि ऑल वेदर रोड परियोजना से चारधाम मार्ग पहले की अपेक्षा अधिक सुरक्षित और सुगम बने हैं। वहीं गौरीकुंड-केदारनाथ तथा गोविंदघाट-हेमकुंड साहिब रोपवे परियोजनाएं भविष्य में यात्रा को और सरल व सुलभ बनाएंगी। मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि चारधाम यात्रा प्रदेश की अर्थव्यवस्था से भी गहराई से जुड़ी है। लाखों लोगों की आजीविका इस यात्रा पर निर्भर करती है। उन्होंने श्रद्धालुओं से स्थानीय उत्पाद, हस्तशिल्प, जैविक उत्पाद और पारंपरिक वस्तुओं की खरीदारी कर स्थानीय व्यापारियों तथा स्वरोजगार से जुड़े परिवारों का सहयोग करने का आग्रह किया। कैबिनेट मंत्री सुबोध उनियाल ने कहा कि यात्रा मार्गों पर स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत किया गया है। उन्होंने श्रद्धालुओं से यात्रा से पहले स्वास्थ्य परीक्षण कराने और प्रशासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पालन करने की अपील की।

### ईरान ने तेल

वाणिज्यिक जहाजों ने होर्मुज जलडमरूमध्य को पार करने का प्रयास किया। ईरान ने शनिवार को अमेरिका पर दोनों पक्षों के बीच हुए समझौते का उल्लंघन करने का आरोप लगाया और घोषणा की कि उसने एक बार फिर होर्मुज जलडमरूमध्य को बंद कर दिया है। ईरान की संयुक्त सैन्य कमान ने शनिवार को कहा कि होर्मुज जलडमरूमध्य पर नियंत्रण पहले जैसी स्थिति में लौट आया है, सशस्त्र बलों के सख्त प्रबंधन और नियंत्रण में। इसने चेतावनी दी कि जब तक ईरानी बंदरगाहों पर अमेरिकी नाकेबंदी प्रभावी रहेगी, तब तक वह जलडमरूमध्य में आवागमन को अवरुद्ध करना जारी रखेगा।




# हैदराबाद ने चेन्नई को 10 रन से हराया

## आईपीएल : अभिषेक शर्मा ने लगाया शानदार अर्धशतक, मलिंगा ने लिए तीन विकेट

एजेंसी

**हैदराबाद ।** सनराइजर्स हैदराबाद और चेन्नई सुपरकिंग्स के बीच शनिवार को आईपीएल 2026 का 27वां मुकाबला खेला गया. इस मैच में हैदराबाद ने 10 रनों से जीत हासिल की. ये मैच हैदराबाद के राजीव गांधी इंटरनेशनल स्टेडियम में हुआ. जहां टॉस जीतकर सीएसके ने पहले गेंदबाजी का फैसला लिया था. हैदराबाद ने अभिषेक और क्लासेन की फिफ्टी के दम पर सीएसके के सामने 195 रनों का लक्ष्य रखा था. इसके जवाब में उतरी सीएसके 20 ओवर में 8 विकेट खोकर 184 रन ही बना सकी. 195 रनों के जवाब में उतरी सीएसके की शुरूआत अच्छी





नहीं रही. टीम के स्टार बल्लेबाज संजू सैमसन केवल 7 रन बनाकर आउट हो गए. इसके बाद गायकवाड़ एक बार फिर फ्लॉप रहे और केवल 19 रन बना सके. लेकिन आयुष ने 13 गेंद में 30 रन बनाए और मैथ्यू शॉर्ट ने भी अच्छी पारी खेली.लेकिन डेवाल्ड ब्रेविस खाता खोलने में नाकाम रहे. सरफराज खान भी 25 रन बना सके. शिवम दुबे ने 16 गेंद में 21 रन बनाकर पारी को संभालने की कोशिश जरूर की. लेकिन सिराज ने उन्हें बोल्ड कर दिया. इसके बाद सीएसके की टीम 184 रन ही बना सकी।

सनराइजर्स हैदराबाद ने आईपीएल में शनिवार के दूसरे मैच में चेन्नई सुपर किंग्स को 195 रन का टारगेट दिया है। राजीव गांधी स्टेडियम में सीएसके ने टॉस जीतकर बॉलिंग चुनी। एसआरएच ने 8 विकेट खोकर 194 रन बनाए। अभिषेक शर्मा और हेनिरक क्लासन ने 59-59 रन की अर्धशतकीय पारियां खेलीं। सीएसके से जैमी ओवर्टन और अंशुल कम्बोज ने 3-3 विकेट लिए। चेन्नई ने 1.1 ओवर के बाद 1 विकेट के नुकसान पर 15 रन बना लिए हैं। टीम से ऋतुराज गायकवाड और आयुष म्हात्रे पिच पर हैं। नीतीश रेड्डी ने दूसरे ओवर में संजू सैमसन को कैच कराया। दूसरे ओवर में चेन्नई ने पहला विकेट गंवा दिया। ओवर की पहली बॉल नीतीश रेड्डी ने शॉर्ट पिच फेंकी। संजू सैमसन ने शॉट खेला, लेकिन मिड ऑन पर हेनरिक क्लासन के हाथों कैच हो गए। सैमसन ने 7 रन बनाए। पारी की पहली ही गेंद पर संजू सैमसन ने छक्का लगा दिया। प्रफुल्ल हिंग ने शॉर्ट पिच गेंद फेंकी, सैमसन ने स्क्वेयर लेग की दिशा में सिक्स लगाया। ओवर से 15 रन बने। 20वें ओवर में अंशुल कम्बोज ने महज 7 रन देकर 2 विकेट झटक लिया। उन्होंने चौथी बॉल पर शिवांग कुमार और आखिरी बॉल पर लियम लिविंगस्टन को पवेलियन भेजा। इस तरह हैदराबाद 20 ओवर में 194 रन ही बना सकी। 19वें ओवर की पहली बॉल पर हैदराबाद ने 7वां विकेट गंवाया।

यहां पर सलिल अरोरा (13 रन) को गुरजपनीत सिंह ने डेवाल्ड ब्रेविस के हाथों कैच कराया। 18वें ओवर की दूसरी बॉल पर हैदराबाद ने छठा विकेट गंवाया। यहां पर हेनरिक क्लासन 39 बॉल पर 59 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें अंशुल कम्बोज ने बोल्ड कर दिया। 16वें ओवर की दूसरी बॉल पर हेनरिक क्लासन ने फिफ्टी पूरी की। उन्होंने 32 बॉल पर अर्धशतक लगाया। साउथ अफ्रीका के इस बल्लेबाज ने आईपीएल में 10वां अर्धशतक लगाया है। 14वें ओवर में हैदराबाद ने 150 रन का आंकड़ा पार कर लिया। हेनरिक क्लासन ने गुरजपनीत सिंह की तीसरी बॉल को डीप मिडविकेट की ओर से खेला और सिंगल लेकर टीम स्कोर 150 तक पहुंचाया। 14वें ओवर में हैदराबाद ने 5वां विकेट गंवाया। यहां पर नीतीश कुमार रेड्डी 12 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें जैमी ओवर्टन ने मैथ्यू शॉर्ट के हाथों कैच कराया।

उन्होंने अनिकेत वर्मा (2 रन) और अभिषेक शर्मा (59 रन) के विकेट भी लिए। 12वें ओवर में गुरजपनीत सिंह ने 13 रन खर्च कर दिए। उनकी चौथी बॉल पर हेनरिक क्लासन ने चौका लगाया। फिर नीतीश कुमार रेड्डी ने आखिरी बॉल पर छक्का लगाया। 11वें ओवर की पहली बॉल पर हैदराबाद ने चौथा विकेट गंवाया। यहां पर अनिकेत वर्मा 2 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें जैमी ओवर्टन ने नूर अहमद के हाथों कैच कराया। हालांकि, वे हैट्रिक पूरी नहीं कर सके। ओवर्टन ने अपने पिछले ओवर की आखिरी बॉल पर अभिषेक शर्मा को संजू सैमसन के हाथों कैच कराया था। 8वें ओवर की आखिरी बॉल पर हैदराबाद ने तीसरा विकेट गंवा दिया। यहां पर अभिषेक शर्मा 22 बॉल पर 59 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें विकेटकीपर संजू सैमसन ने जैमी ओवर्टन की बॉल पर कैच किया। पहली अपील पर फील्ड अंपायर ने रुचि नहीं दिखाई और अभिषेक को नॉटआउट करार दिया। ऐसे में सैमसन के कहने पर कप्तान गायकवाड ने रिव्यू मांगा। वीडियो से पता चला कि बॉल ने अभिषेक के बल्ले का बाहरी किनारा लिया और सैमसन के दस्तानों पर चली गई। 7वें ओवर में अभिषेक शर्मा को जीवनदान मिला। नूर अहमद के ओवर की 5वीं बॉल पर शिवम दुबे से उनका कैच ड्रॉप हो गया। लेग स्टंप की गूगली को अभिषेक ने पुल किया, पर शॉट ज्यादा कंट्रोल में नहीं था। गेंद डीप बैकवर्ड स्क्वायर लेग पर खड़े शिवम दुबे के पास गई। दुबे ने दाईं ओर दौड़ते हुए कैच का अच्छा मौका बनाया, दोनों हाथ भी लगाए, लेकिन आखिरी क्षण में संतुलन बिगड़ने से आसान सा कैच छोड़ दिया। पावरप्ले के आखिरी ओवर में सीएसके ने 2 विकेट गंवा दिए। ओवर की पांचवीं बॉल मुकेश चौधरी ने फुलर लेंथ फेंकी।

# खराब फॉर्म से जूझ रही केकेआर के खिलाफ जीत की राह पर लौटने उतरेंगे रॉयल्स



कोलकाता। शानदार फॉर्म में चल रही राजस्थान रॉयल्स पिछले मैच में मिली हार को भुलाकर जीत के लिये तरस रही कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ रविवार को आईपीएल के मैच में लय वापिस पाने के इरादे से उतरेगी। टूर्नामेंट की सबसे मजबूत टीमों में से एक रॉयल्स और खराब फॉर्म से परेशान केकेआर के बीच यह मुकाबला होगा। राजस्थान ने लगातार चार जीत दर्ज की लेकिन पिछले मैच में उसे सनराइजर्स हैदराबाद ने हराया।

वहीं केकेआर छह मैचों में एक भी जीत हासिल नहीं कर पाई है। अजिंक्य रहाणे की कप्तानी में केकेआर कई मौकों पर जीत के करीब पहुंचकर हार गई है जिससे टीम का आत्मविश्वास डगमगा गया है। पंजाब किंग्स के खिलाफ मैच बारिश में धुलने से उसे एकमात्र अंक मिला है। केकेआर के तेज गेंदबाज हर्षित राणा और आकाश दीप चोटों के कारण बाहर हैं जबकि मथीषा पथिराना अभी तक आये नहीं हैं। रहाणे और मुख्य कोच अभिषेक नायर के कई फैसले भी विवादित रहे हैं। चयन से जुड़े फैसलों और मैच प्रबंधन पर ऊंगली उठी हैं। टी20 विश्व कप के बाद लय हासिल करने के लिये जूझ रहे स्पिनर वरूण चक्रवर्ती को पावरप्ले में उतारना समझ नहीं आया। अभिषेक शर्मा ने उनके एक ओवर में 25 रन निकाले थे जिससे उनका हौसला और टूट गया होगा।

पहले चार मैच में वह कोई विकेट नहीं ले सके। न्यूजीलैंड के लिये टी20 विश्व कप में सर्वाधिक रन बनाने वाले टिम सीफर्ट को अभी तक एक ही मैच में उतारा गया जबकि स्टार हरफनमौला रचिन रविंद्र अभी तक खेले ही नहीं हैं। कई प्रतिभाशाली घरेलू क्रिकेटर भी बेंच पर ही बैठे रह गए। शेन वाटसन, टिम साउदी और ड्वेन ब्रावो जैसे दिग्गजों के सहयोगी स्टाफ में रहते हुए केकेआर सही एकादश नहीं उतार पाया है। रहाणे के टॉस जीतने के बाद के फैसले भी अजीब रहे हैं।



मसलन गुजरात टाइटंस के खिलाफ पिच में नमी होते हुए उन्होंने बल्लेबाजी चुनी और पावरप्ले के भीतर स्कोर तीन विकेट पर 32 रन था। आगामी विधानसभा चुनाव के कारण अब यहां करीब एक महीने तक मैच नहीं होगा जिससे केकेआर घरेलू प्रशंसकों के सामने पहली जीत के लिये बेताब होगी। अब ईडन गार्डंस पर अगला मैच 16 मई को होगा। दूसरी ओर राजस्थान के विजय रथ पर सनराइजर्स ने विराम लगा दिया था। उसके शीर्ष बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल, वैभव सूर्यवंशी, ध्रुव जुरेल , लुआन ड्रि प्रिटोरियस और रियान पराग दोहरे अंक तक भी नहीं पहुंच सके थे। इस कमजोरी से टीम को पार पाना होगा। समयः मैच दोपहर तीन बजकर 30 मिनट पर शुरू होगा।

## आईपीएल खिताब जीतना लक्ष्यः गिल

अहमदाबाद। गुजरात टाइटंस के कप्तान शुभमन गिल ने कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के खिलाफ आईपीएल मैच में शुक्रवार को यहां टीम की पांच विकेट से जीत के बाद कहा कि उनके लिए व्यक्तिगत फॉर्म से ज्यादा टीम की जीत महत्वपूर्ण है और उनका अंतिम लक्ष्य आईपीएल खिताब जीतना है। गिल की 50 गेंदों में 86 रन की पारी से टाइटंस ने जीत के लिए मिले 181 रन के लक्ष्य को 19.4 ओवर में पांच विकेट खोकर हासिल किया। प्लेयर ऑफ द मैच गिल ने पुरस्कार समारोह में प्रसारकों से 2023 जैसी बल्लेबाजी के बारे में पूछे जाने पर कहा,ईमानदारी से कहूं तो मुझे नहीं लगता कि यह मायने रखता है।

सबसे जरूरी चीज जीत है और निश्चित रूप से फाइनल खेलकर कप जीतना ही मेरा लक्ष्य है। गिल ने आईपीएल 2023 में सबसे ज्यादा 890 रन बनाए थे और केकेआर के खिलाफ शानदार पारी के बाद वह मौजूदा सत्र में चार मैचों में 62.75 की औसत से 251 रन के साथ सबसे ज्यादा रन बनाने वालों की सूची में शीर्ष पर पहुंच गये हैं। उन्होंने अपनी पारी को लेकर कहा हम चाहते थे कि मैच को कुछ ओवर पहले खत्म कर देते। मैं खुद भी जल्दी आउट होने से निराश हूं। मैं अंत तक टिककर टीम को जीत दिलाना चाहता था।

## संक्षेप

### हैम्बर्ग क्वार्टर फाइनल में हारे चोटरानी

हैम्बर्ग। भारत के वीर चोटरानी हैम्बर्ग ओपन स्क्वाश के पुरूष क्वार्टर फाइनल में पांच गेम के मुकाबले में फ्रांस के चौथी वरीयता प्राप्त बापतिस्ते मासोत्ती से हार गए। विश्व रैंकिंग में 47वें स्थान पर काबिज चोटरानी को 19वीं रैंकिंग वाले फ्रेंच खिलाड़ी ने 12-10, 9-11, 14-12, 9-11, 11-6 से हराया। भारत के अभय सिंह, रामित टंडन और जोशना चिनप्पा पहले ही हारकर बाहर हो चुके हैं।

### भारतीय बैडमिंटन संघ ने पहली बार शुभंकर प्रतियोगिता की शुरू

नयी दिल्ली। भारतीय बैडमिंटन संघ (बाइ) ने आगामी बीडब्ल्यूएफ विश्व चैम्पियनशिप 2026 के लिये पहली बार देशव्यापी शुभंकर डिजाइन प्रतियोगिता शुरू की जिसमें प्रशंसकों, कलाकारों और क्रिएटर्स को आमंत्रित किया गया है। प्रशंसकों की भागीदारी को गहरा करने और भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विविधता के साथ-साथ उसकी बढ़ती बैडमिंटन विरासत का जश्न मनाने के उद्देश्य से शुरू की गई यह पहल बाइ द्वारा समुदाय को इस खेल के और करीब लाने का अपनी तरह का पहला प्रयास है। भारत में विश्व चैम्पियनशिप 17 साल बाद आयोजित की जा रही है। भारतीय खिलाड़ियों ने पिछले एक दशक में विश्व चैम्पियनशिप में 15 पदक जीते हैं जिसमें पी वी सिंधू का 2019 में जीता ऐतिहासिक स्वर्ण शामिल है।

### फुटबॉल कोच की तरह हैं आशीष नेहरा : हरभजन

मुंबई। भारत के पूर्व स्पिनर हरभजन सिंह ने गुजरात टाइटंस के मुख्य कोच आशीष नेहरा की तारीफ करते हुए कहा कि उनकी ऊर्जा फुटबॉल कोच की तरह है और उन्होंने टीम में एकजुटता भरी है। हरभजन ने जियोस्टार से कहा कि खिलाड़ियों से नेहरा का लगातार संवाद और खेल की गहरी समझ ने गुजरात टाइटंस की सफलता में अहम भूमिका निभाई है। उन्होंने एक विज्ञप्ति में कहा आशीष नेहरा अकेला ऐसा इंसान है जो कहीं भी, कभी भी माहौल को सहज बना सकते हैं। वह जहां भी जाते हैं , अपने आसपास सभी लोगों को सहज बना देते हैं। मैचों के दौरान नेहरा की भूमिका के बारे में हरभजन ने कहा , वह फुटबॉल कोच की तरह है। कभी भी शांत नहीं बैठता।

# आक्रामक खेल का प्रदर्शन, खिलाड़ियों ने हासिल किया फाइनल का टिकट

खेल संवाददाता

लखनऊ। आरुषी, वर्णिका, अनुष्का, शगुन, शिवानी, अंश, फैज, यशदीप, ऋषभ, करन व रेहान ने प्रथम वीकेएस (विजय कुमार साहू) फाउंडेशन मेमोरियल जिला बाक्सिंग चैंपियनशिप के दूसरे दिन खेले गए सेमीफाइनल को दमदार फाइट व बेहतरीन तकनीक का प्रदर्शन करते हुए रोमांचक बना दिया।

> प्रथम वीकेएस (विजय कुमार साहू) फाउंडेशन मेमोरियल जिला बाक्सिंग चैंपियनशिप

बाक्सिंग एसोसिएशन लखनऊ के तत्वावधान में वीकेएस (विजय कुमार साहू) फाउंडेशन द्वारा केडी सिंह बाबू स्टेडियम के बाक्सिंग एरिना में आयोजित चैंपियनशिप के दूसरे दिन ममता चैरिटेबल ट्रस्ट के निदेशक राजीव मिश्रा ने खिलाड़ियों की हौसला-अफजाई की। आज सेमीफाइनल बाउट्स में खिलाड़ियों ने आत्मविश्वास के साथ आक्रामक खेल का प्रदर्शन करते हुए फाइनल में जगह बनाई। आज बाउट्स की शुरूआत से पहले श्री नसीम कुरैशी (दिग्गज बाक्सिंग कोच) के आकस्मिक निधन पर बाक्सिंग एसोसिएशन लखनऊ ने शोकसभा आयोजित की जिसमें सभी ने मृतक आत्मा की शांति व परिजनों को इस असीम दुख को सहन करने की शक्ति देने के लिए प्रार्थना की। 50 किग्रा में मॉडर्न अकादमी विनम्र खंड की आरुषी ने सीएमएस स्टेशन रोड की यशस्वी श्री रावत को हराया। 52 किग्रा में एपीएस की वर्णिका मिश्रा ने एपीएस की रेसी को जबकि केडी सिंह बाबू स्टेडियम की अनुष्का शर्मा ने सीएमएस स्टेशन रोड की अलीजा को मात दी। 57 किग्रा में सेंट मैरी की सारा कलाम ने सीएमएस स्टेशन रोड की अंशलीम अमर को हराया, वहीं सीएमएस शालीमार की अपूर्वा दक्ष ने एलपीएस आनंद नगर की अलंकृता सिंह को पराजित किया। अन्य सेमीफाइनल में 36 किग्रा में सीएमएस स्टेशन रोड की शगुन ने सीएमएस एलडीए की वान्या यादव को, 44 किग्रा में सीएमएस स्टेशन रोड की इशिका अवस्थी ने सीएमएस स्टेशन रोड की ही अंशिका बाजपेयी को, 32 किग्रा में मॉडर्न अकादमी विनम्र खंड - 5 की आरुषी राय ने सीएमएस स्टेशन रोड की रितिका गुप्ता को और 40 किग्रा में सीएमएस स्टेशन रोड की शिवानी पाठक ने सीएमएस स्टेशन रोड की ही विदुषी अवस्थी को मात दी।

### जोकोविच व एलीन गु लॉरियस विश्व खेल पुरस्कारों की करेंगे मेजबानी

मैड्रिड। अपने दौर के दो सबसे प्रभावशाली खिलाड़ी नोवाक जोकोविच और एलीन गु इस वर्ष के लॉरियस विश्व खेल पुरस्कार की संयुक्त मेजबानी करेंगे। खेल कैलेंडर के सबसे बड़े पुरस्कार समारोह में पहली बार दो सक्रिय खिलाड़ी प्रस्तोता की भूमिका निभाएंगे। यह आयोजन 20 अप्रैल को मैड्रिड के प्रतिष्ठित पलासियो दे सिबेल्स में आयोजित किया जाएगा। यह समारोह खेल, मनोरंजन और सांस्कृतिक जगत की दिग्गज हस्तियों को एक मंच पर लाकर उत्कृष्टता, जुझारूपन और प्रेरणा का जश्न मनाता है। दुनिया भर में प्रसारित होने वाला यह आयोजन करोड़ों दर्शकों तक पहुंचता है और विजेताओं की घोषणा के दौरान सोशल मीडिया पर भी व्यापक चर्चा का केंद्र बनता है।

# भारत व दक्षिण अफ्रीका का मुकाबला आज



एजेंसी

डरबन। पहले मैच में मिली हार के बाद भारतीय महिला क्रिकेट टीम रविवार को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ दूसरे टी20 में उतरेगी तो बल्लेबाजों और तेज गेंदबाजों से बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद होगी। भारत का स्कोर एक समय 15वें ओवर में दो विकेट पर 119 रन था लेकिन टीम 20 ओवर में सात विकेट पर 157 रन ही बना सकी। दक्षिण अफ्रीका ने लौरा वोल्वार्ट के अर्धशतक की मदद से पांच गेंद बाकी रहते जीत दर्ज कर ली। शेफाली वर्मा (20 गेंद में 34 रन) ने भारत को अच्छी शुरूआत दी लेकिन स्मृति मंधाना (14 गेंद में 13) ज्यादा देर क्रीज पर टिक नहीं सकीं। पावरप्ले में दो विकेट गिरने से भारत की रनगति पर अंकुश लग गया। कप्तान हरमनप्रीत कौर ( 33 गेंद में नाबाद 47) और जेमिमा रौड्रिग्स (29 गेंद में 36 रन ) ने बीच के ओवरों में 51 गेंद में 71 रन जोड़े लेकिन आखिरी पांच ओवर में भारतीय टीम 33 रन ही बना सकी और तीन विकेट गंवा दिये।

दूसरे मैच में भारत को अच्छी शुरूआत का फायदा उठाना होगा और निचले क्रम के बल्लेबाजों को इसके लिये खुलकर खेलना होगा। मंधाना ने कहा हम बल्लेबाजी ईकाई के रूप में अच्छा प्रदर्शन नहीं कर सके लेकिन गेंदबाजों ने अच्छा प्रदर्शन किया और आखिरी ओवर तक मैच को खिंचा। इससे हमें काफी कुछ सीखने को मिला है। पिछली चार श्रृंखलायें जीत चुकी भारतीय टीम ने 14 वाइड गेंदें भी फेंकी। तेज गेंदबाज रेणुका सिंह ठाकुर, अरूंधति रेड्डी और काशवी गौतम ने तीन तीन ओवर डालकर क्रमशः 25, 28 और 29 रन दिये।

### सिंड्रेला ने अंडर 19 खिताब जीता

देहरादून। सिंड्रेला दास ने शनिवार को यहां जूनियर और युवा राष्ट्रीय टेबल टेनिस चैंपियनशिप के पहले चरण के अंडर-19 एकल फाइनल में दिव्यांशी भौमिक को 4-1 से हराकर शानदार प्रदर्शन का समापन किया। इसके साथ ही लड़कियों की टीम स्पर्धा भी समाप्त हो गई। इस जीत से सिंड्रेला ने दो खिताब जीतने की उपलब्धि भी हासिल की। उन्होंने इसी चैंपियनशिप में अंडर-17 एकल का खिताब भी अपने नाम किया। इंदौर में हुई सीनियर राष्ट्रीय चैंपियनशिप में सिंड्रेला ने रजत पदक जीता था। वहीं कर्नाटक ने अंडर-19 युगल का खिताब जीता। कर्नाटक की तनिष्का कालभैरव और हिमांशी चौधरी ने महाराष्ट्र की हार्डी पटेल और दिव्यांशी भौमिक को 3-2 से हराकर खिताब अपने नाम किया।

### भारत में 90 प्रतिशत सिंथेटिक ट्रैक घटिया गुणवत्ता के हैं, एएफआई प्रमाणन प्रक्रिया में होगा शामिल

नयी दिल्ली। भारत में एथलेटिक्स के बुनियादी ढांचे को लेकर एक गंभीर और चौंकाने वाला खुलासा करते हुए भारतीय एथलेटिक्स महासंघ (एएफआई) के प्रवक्ता आदिल सुमरिवाला ने कहा है कि देश में इस्तेमाल हो रहे लगभग 90 प्रतिशत सिंथेटिक ट्रैक मानकों के अनुरूप नहीं हैं। सुमरिवाला ने कहा कि यह समस्या केवल सामग्री की गुणवत्ता तक सीमित नहीं है।

# एलएसजी का सामना पंजाब किंग्स से आज



एजेंसी

मुल्लांपुर। तालिका में शीर्ष पर काबिज पंजाब किंग्स रविवार को यहां इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) मुकाबले में संघर्ष कर रही लखनऊसुपर जाइंट्स (एलएसजी) के खिलाफ अपनी जीत की लय बरकरार रखने के लिए मजबूत बल्लेबाजी पर भरोसा करेगी। लखनऊ की टीम कप्तान ज्षभ पंत की चोट को लेकर भी चिंतित है। पंजाब किंग्स इस सत्र में अब तक एकमात्र अजेय टीम रही है। टीम ने पांच में से चार मुकाबले जीते हैं, जबकि कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के खिलाफ एक मैच बारिश के कारण रद्द हो गया था। श्रेयस अय्यर की अगुवाई वाली टीम का नेट रन रेट ़1.067 है, जो उसकी दमदार बल्लेबाजी और सधे हुए लक्ष्य-पीछा करने की क्षमता को दर्शाता है। पंजाब ने 2025 सत्र से अब तक लक्ष्य का पीछा करते हुए अपने पिछले 11 में से नौ मुकाबले जीते हैं, जो उसके दबदबे की बानगी है। मुंबई इंडियंस के खिलाफ हालिया जीत में भी यह झलक साफ दिखी। मेजबान टीम की इस रफ्तार को रोकने के लिए एलएसजी को असाधारण प्रदर्शन करना होगा।

अंक तालिका में फिलहाल सातवें स्थान पर मौजूद एलएसजी लगातार दो हार के बाद दबाव में है। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ पिछले मुकाबले में कप्तान ज्षभ पंत की कोहनी में लगी चोट ने टीम की मुश्किलें और बढ़ा दी हैं। पंत महज तीन गेंद खेलने के बाद दर्द से कराहते हुए रिटायर्ड हर्ट हो गए थे। वह हालांकि बाद में बल्लेबाजी के लिए लौटे, लेकिन उस समय उनकी कोहनी पर पट्टी लगी हुई थी। ऐसे में रविवार के मैच में उनकी उपलब्धता अब भी अनिश्चित बनी हुई है। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ मुकाबला एकतरफा रहा। मुकुल चौधरी और आयुष बदोनी के संघर्ष के बावजूद एलएसजी की टीम केवल 146 रन ही बना सकी थी। लखनऊ की बल्लेबाजी अब तक लय में नहीं दिखी है और टीम इस सत्र में अभी तक 200 रन का आंकड़ा पार नहीं कर सकी है। इसके विपरीत पंजाब ने दो बार 200 का आंकड़ा पार किया है और मुंबई के खिलाफ पिछले मैच में 16.3 ओवर में 3 विकेट पर 198 रन बनाकर जीत की ओर बढ़ रही थी।

### भारतीय निशानेबाजों का दल काहिरा रवाना

नयी दिल्ली। भारत के 58 निशानेबाजों और सहयोगी स्टाफ का पहला दल 19 से 27 अप्रैल तक आयोजित होने वाले आईएसएसएफ संयुक्त जूनियर विश्व कप में भाग लेने के लिए काहिरा रवाना हो गया है। काहिरा टूर्नामेंट से आईएसएसएफ जूनियर सर्किट की शुरुआत होगी, जिसमें इस कैलेंडर वर्ष में शॉटगन निशानेबाजों के लिए तीन और राइफल एवं पिस्टल निशानेबाजों के लिए दो प्रतियोगिताएं निर्धारित हैं। भारत ने कुल 71 निशानेबाजों को 18 पदक स्पर्धाओं के लिए उतारा है, जिनमें से 36 निशानेबाज 15 ओलंपिक स्पर्धाओं में भाग लेंगे। तीन अतिरिक्त स्पर्धाओं में पारंपरिक जूनियर पुरुष और महिला 50 मीटर राइफल प्रोन प्रतियोगिताएं तथा पुरुष 25 मीटर पिस्टल स्पर्धा शामिल हैं, जिसे 2032 ओलंपिक का हिस्सा बनाए जाने की संभावना है। काहिरा में कुल मिलाकर 25 देशों के 284 खिलाड़ी प्रतिस्पर्धा करेंगे, जिसमें भारत सबसे बड़ा दल उतार रहा है। मेजबान मिस्र 29 सदस्यीय टीम उतारेगा, जबकि तटस्थ खिलाड़ी (एआईएन) के तहत भाग ले रहे रूस के 43 निशानेबाज चुनौती पेश करेंगे।

# दिल्ली कैपिटल्स ने आरसीबी को छह विकेट से हराया

एजेंसी



बेंगलुरु। दिल्ली कैपिटल्स ने आईपीएल के रोमांचक मैच में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु को 6 विकेट से हरा दिया। दिल्ली को आखिरी ओवर में 15 रन चाहिए थे। डेविड मिलर ने लगातार दो छक्के और एक चौका लगाकर एक बॉल रहते जीत दिला दी। टॉस हार कर बैटिंग कर रही बेंगलुरु ने 20 ओवर में 8 विकेट खोकर 175 रन बनाए। जवाब में दिल्ली ने 19.5 ओवर में 6 विकेट रहते टारगेट चेज कर लिया। दिल्ली की टीम तीसरी जीत के साथ पॉइंट्स टेबल के चौथे स्थान पर आ गई है। जबकि, आरसीबी 8 पॉइंट्स के साथ दूसरे नंबर पर है। स्टब्स-राहुल के अर्धशतक 176 रन



के टारगेट का पीछा करने उतरी दिल्ली की शुरूआत अच्छी नहीं रही। टीम ने पावरप्ले में ही 3 विकेट गंवा दिए। तीनों विकेट भुवरेश्वर कुमार ने लिए। हालांकि ओपनर केएल राहुल एक एंड से टिके रहे और अर्धशतक लगाया। उनके और ट्रिस्टन स्टब्स के बीच चौथे विकेट के लिए 69 रन की साझेदारी हुई। राहुल के अलावा स्टब्स ने नाबाद 60 रन बनाए।

डेविड मिलर ने 10 बॉल पर नॉटआउट 22 रन बनाए। बेंगलुरु के लिए भुवरेश्वर कुमार ने 3 विकेट झटके। क्रुणाल पंड्या को 1 विकेट मिला। सॉल्ट का अर्धशतक काम ना आया पहले बैटिंग करने उतरी बेंगलुरु के लिए फिल सॉल्ट ने अर्धशतक लगाया। उन्होंने 38 बॉल पर 63 रन बनाए। उनकी इस सीजन की यह दूसरी फिफ्टी रही। उनके और विराट कोहली के बीच पहले विकेट के लिए 52 रन की साझेदारी हुई। सॉल्ट के अलावा टिम डेविड ने 26, कोहली ने 19 और देवदत्त पडिक्कल ने 18 रन बनाए। दिल्ली के 3 बॉलर्स ने 2-2 विकेट लिए। दिल्ली के लिए अक्षर पटेल, कुलदीप यादव और लुंगी एनगिडी ने 2-2 विकेट लिए। मुकेश कुमार को 1 विकेट मिला।

वहीं, क्रुणाल पंड्या रन आउट हुए। मैच के दौरान एक बार फिर दिल्ली के कप्तान अक्षर पटेल क्रैम्प की समस्या से जूझते नजर आए, जिसके चलते खेल कुछ देर के लिए रोकना पड़ा। अंपायरों ने फिजियो से बात की और आखिरकार अक्षर मैदान से बाहर चले गए। उनकी जगह डेविड मिलर मैदान पर आए। 11वें ओवर में दिल्ली ने चौथा विकेट गंवा दिया। ओवर की पहली बॉल क्रुणाल पंड्या ने गुड लेंथ पर फेंकी। केएल राहुल आगे निकलकर बड़ा शॉट खेलने गए, लेकिन गेंद हवा में खड़ी हो गई। विराट कोहली ने लॉन्ग ऑफ पोजिशन पर डाइव लगाई और बेहतरीन कैच पकड़ लिया। राहुल 57 रन बनाकर आउट हुए। 10वें ओवर में केएल राहुल ने फिफ्टी पूरी कर ली। ओवर की तीसरी गेंद पर राहुल ने 2 रन लिए और 30 गेंद पर अपनी फिफ्टी पूरी कर ली।

# महिलाओं पर कांग्रेस की दोहरी सोच उजागर

## विधेयक का पारित होना नारी शक्ति वंदन अधिनियम, 2023 को लागू करने के लिए आवश्यक था

एजेंसी



पटना। बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने शनिवार को कहा कि महिला सशक्तिकरण पर कांग्रेस की दोहरी सोच देश के सामने उजागर हो गई है। वह संविधान (131वां संशोधन) विधेयक, 2026 पर कांग्रेस के विरोध का जिक्र कर रहे थे। इस विधेयक का पारित होना नारी शक्ति वंदन अधिनियम, 2023 को लागू करने के लिए आवश्यक था। हालांकि, शुक्रवार को यह विधेयक लोकसभा में पारित नहीं हो सका। चौधरी ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में लिखा, महिला सशक्तिकरण पर ढोंग करने वाली कांग्रेस की दोहरी सोच अब पूरे देश के सामने है। विपक्ष महिलाओं की प्रगति की राह में हमेशा बाधा बनकर खड़ा रहा है।

उन्होंने कहा कि क्या देश की आधी आबादी को उनकी आवाज देना इतना मुश्किल था? मुख्यमंत्री ने आरोप लगाया, महिलाओं के सशक्त होने और भविष्य में नेतृत्व की भूमिका निभाने की संभावना से घबराकर, असुरक्षित विपक्ष ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम के क्रियान्वयन का समर्थन नहीं किया। उन्होंने कहा, संप्रग (संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन) के दौर में महिलाओं के अधिकारों की अनदेखी की गई और आज विपक्ष में रहते हुए भी वही सोच फिर दिखाई दे रही है। बिहार विधानसभा में विपक्ष के नेता तेजस्वी यादव ने कहा कि यह विधेयक जल्दबाजी में लाया गया है। उन्होंने कहा, विधेयक का गिरना तय था। भाजपा नेताओं को पता था कि सदन में इसे पारित करने के लिए उनके पास पर्याप्त संख्या बल नहीं है, फिर भी उन्होंने महिला सशक्तीकरण के बड़े समर्थक होने का प्रदर्शन करने के लिए विधेयक पेश किया। यादव ने सरकार पर भारतीय जनता पार्टी-राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के गुप्त एजेंडे को आगे बढ़ाने के लिए महिलाओं को ढाल के रूप में इस्तेमाल करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा, वे मनुस्मृति को मानने वाले हैं और महिलाओं का सम्मान करना नहीं जानते। उनकी एकमात्र चिंता अपनी राजनीति को चमकाना है। मनुस्मृति में महिलाओं को क्या स्थान दिया गया है, यह सर्वविदित है। यादव ने आरोप लगाया कि संविधान (131वां संशोधन) विधेयक, 2026 को पेश करना भाजपा के षड्यंत्र का हिस्सा है, जिसका उद्देश्य परिसीमन इस तरह से करना है जिससे उन्हें दो-तिहाई बहुमत प्राप्त हो सके और वे संविधान में बदलाव कर सकें। उन्होंने कहा, उनका मुख्य उद्देश्य संविधान में बदलाव करना है, लेकिन हम ऐसा कभी नहीं होने देंगे।

इसी बीच, राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की सहयोगी लोक जनशक्ति पार्टी (राम विलास) की महिला शाखा ने पटना के आयकर गोलंबर पर विरोध प्रदर्शन किया और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी व कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे का पुतला फूंका। पार्टी की महिला शाखा की प्रदेश अध्यक्ष कुमारी शोभा पासवान ने कहा, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने लोकसभा और राज्य विधानमंडलों में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण सुनिश्चित करने का प्रयास किया।

## एआई से डरने की जरूरत नहीं, सतर्कता के साथ इसका इस्तेमाल किया जाये : प्रधान न्यायाधीश



बेंगलुरु। प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत ने शनिवार को आगाह करते हुए कहा कि न्यायपालिका में तकनीक को अपनाने के साथ-साथ इसकी अंतर्निहित सीमाओं को भी स्पष्ट समझ होनी चाहिए। उन्होंने न्यायिक अधिकारियों से आह्वान किया कि वे कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) से घबराएं नहीं, बल्कि सतर्कता के साथ इसका इस्तेमाल करें।

न्यायमूर्ति सूर्यकांत ने जोर दिया कि तकनीक का इस्तेमाल केवल एक सहायक के रूप में किया जाना चाहिए, न कि एक विकल्प के रूप में। उन्होंने कहा कि न्यायिक प्रक्रिया में एआई का इस्तेमाल संतुलन के साथ होना चाहिए जिससे काम की गति और दक्षता बढ़े, लेकिन साथ ही न्याय के मूल सिद्धांत में मानवीय बुद्धि, अनुभव और संवैधानिक विवेक को पूरी तरह संरक्षित किया जाना चाहिए। प्रधान न्यायाधीश कर्नाटक राज्य न्यायिक अधिकारी संघ द्वारा आयोजित न्यायिक अधिकारियों के 22वें द्विवार्षिक राज्य स्तरीय सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे, जिसका विषय कृत्रिम बुद्धिमत्ता के युग में न्यायपालिका की पुनर्कल्पना था। न्यायमूर्ति सूर्यकांत ने कहा, मैं यह भी कहना चाहूंगा कि आपको एआई को लेकर घबराना नहीं चाहिए। जब आपके सामने कोई ऐसा मामला आता है जिसमें बहुत जटिल तथ्य और कानून के पेचीदा सवाल शामिल हों, तो आप क्या करते हैं? ऐसे मामलों में निर्णय लेते समय व्यक्ति ज्यादा गहराई से सोचता है, धैर्य रखता है और अंत में निर्णय लेने पर उसे संतोष की भावना भी महसूस होती है।

उन्होंने कहा जब हम एआई प्रौद्योगिकी का उपयोग सावधानी और जागरूकता के साथ करना शुरू करेंगे, तो यही परिणाम देखने को मिलेगा, बशर्ते यह सुनिश्चित किया जाये कि आपके भीतर का न्यायाधीश स्वतंत्र बना रहे और तकनीक से प्रभावित न हो। इस कार्यक्रम में कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धरमैया, उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश बी.वी. नागरत्ना और न्यायमूर्ति अरविंद कुमार, तथा कर्नाटक उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश विभू बखरू समेत अन्य लोग उपस्थित थे। प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत ने कहा कि एआई के आने से न्यायपालिका के समक्ष एक तरफ नये अवसर हैं और दूसरी तरफ कुछ चुनौतियां भी हैं।

## संक्षेप

### दिल्ली में अंतरराष्ट्रीय मादक पदार्थ गिरोह का भंडाफोड़, तीन गिरफ्तार

नयी दिल्ली। दिल्ली पुलिस ने अंतरराष्ट्रीय और अंतरराज्यीय स्तर पर संचालित एक मादक पदार्थ गिरोह का भंडाफोड़ कर 25 लाख रुपये से अधिक मूल्य का आयातित हाइड्रोपोनिक गांजा बरामद किया है तथा इस सिलसिले में तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने इस गिरोह के थाईलैंड से जुड़े होने का संदेह जताया है। एक अधिकारी ने बताया कि 14 अप्रैल को मिली गुप्त सूचना के आधार पर कार्वाई करते हुए पुलिस टीम ने मौलाना आजाद मेडिकल कॉलेज गेट के पास जाल बिछाया। उन्होंने बताया कि सुबह करीब चार बजकर 10 मिनट पर मोटरसाइकिल पर सवार दो व्यक्तियों और स्कूटर पर सवार एक तीसरे व्यक्ति को उस समय रोका गया, जब वे नकदी के बदले कथित तौर पर प्रतिबंधित वस्तुओं का एक पैकेट आदान-प्रदान कर रहे थे। अधिकारियों के अनुसार, तीनों आरोपियों को मौके पर ही गिरफ्तार कर लिया गया। उनकी पहचान फैजान रिजवी (24), रियाजुद्दीन (44) और नदीम बेग (42) के रूप में हुई है। पुलिस ने उनके पास से दो पैकेट में रखा।,030.5 ग्राम आयातित हाइड्रोपोनिक गांजा बरामद किया।

## कानून-व्यवस्था की स्थिति अब भी संवेदनशील, नियंत्रण में : मणिपुर

एजेंसी

इंफाल। मणिपुर के मुख्यमंत्री वाई खेमचंद सिंह ने शनिवार को कहा कि राज्य में कानून-व्यवस्था संवेदनशील बनी हुई है, लेकिन नियंत्रण में है। सिंह ने राज्य सचिवालय में असम राइफल्स आईजीएआर (दक्षिण) के साथ बैठक करने के बाद ये टिप्पणियां कीं। मुख्यमंत्री ने फेसबुक पर एक पोस्ट में कहा, आज सचिवालय में आईजीएआर (दक्षिण) के मेजर जनरल गौरव शर्मा द्वारा दी गई ब्रीफिंग में इस बात की पुष्टि की गई कि राज्य में कानून-व्यवस्था की स्थिति संवेदनशील है लेकिन नियंत्रण में है, और सुरक्षा बल सभी प्रकार की गड़बड़ियों से अत्यंत सावधानी और संयम से निपट रहे हैं। उन्होंने सभी नागरिकों से अशांति भड़काने वाली अफवाहों और गलत सूचनाओं के प्रति सतर्क रहने का आग्रह किया। बिष्णुपुर के ट्रोंगलाओबी में सात अप्रैल को हुए बम हमले में दो बच्चों की मौत के बाद इंफाल घाटी के पांच जिलों में विरोध प्रदर्शनों और सुरक्षा बलों के साथ झड़पों की खबरें सामने आईं।

## प्रधानमंत्री मोदी डोनाल्ड ट्रंप के नियंत्रण में हैं

एजेंसी

रानीपेट (तमिलनाडु)। कांग्रेस नेता और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने शनिवार को आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा नियंत्रित किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री चाहते हैं कि अन्नाद्रमुक

❍ यही वह तमिलनाडु में करना चाहते हैं : राहुल गांधी

सत्ता में आए, ताकि वह तमिलनाडु के मुख्यमंत्री को नियंत्रित कर सकें। गांधी ने दावा किया कि प्रधानमंत्री ने हमारी ऊर्जा सुरक्षा को दांव पर लगा दिया और हमारे डेटा को दूसरों के हवाले कर दिया, साथ ही हमारे किसानों और छोटे और मध्यम उद्योगों को बेच दिया। उन्होंने परिसीमन विधेयक पर कहा, कल (संसद में) आपने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के चेहरे पर



आत्मविश्वास की पूरी कमी देखी। राहुल गांधी ने यहां एक चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए कहा, वह (प्रधानमंत्री) विपक्ष का सामना भी नहीं कर सके। वह अलग बैठे थे।

इसका कारण यह है कि वह अमेरिका द्वारा नियंत्रित हैं। उन्होंने भारत-अमेरिका समझौते पर हस्ताक्षर किए, जिसने हमारे देश को बेच दिया। उन्होंने कहा आज अगर डोनाल्ड ट्रंप मोदी को कूदने को कहें, तो मोदी कूद जाते हैं। अगर डोनाल्ड ट्रंप मोदी को लेटने को कहें, तो मोदी लेट जाते हैं। क्यों? क्योंकि डोनाल्ड ट्रंप का मोदी पर पूरी तरह नियंत्रण है। वे उन्हें कैसे नियंत्रित करते हैं? वह एप्स्टीन फाइलों के जरिए नियंत्रित करते हैं।

वह उन्हें नियंत्रित करते हैं, क्योंकि उन्हें मोदी की वित्तीय व्यवस्था का पता है और वह अदाणी के साथ मोदी के संबंधों को समझते हैं। राहुल गांधी ने कहा जिस तरह ट्रंप, मोदी को नियंत्रित कर रहे हैं, वह भी तमिलनाडु के मुख्यमंत्री को उसी तरह नियंत्रित करना चाहते हैं। उन्होंने कहा, इसीलिए वह (मोदी) तमिलनाडु में ऑल इंडिया अन्ना द्रविड़ मुनेत्र कषगम (अन्नाद्रमुक) को सत्ता में लाना चाहते हैं। केंद्र सरकार ने नवीनतम जेफरी एपस्टीन केस फाइलों में प्रधानमंत्री मोदी के संदर्भों को खारिज कर दिया था।

### होर्मुज में दो भारतीय जहाजों ने बदला अपना मार्ग

काहिरा। ईरान के रिवॉल्यूशनरी गार्ड की गोलीबारी की खबरों के बाद होर्मुज जलडमरूमध्य में दो भारतीय जहाजों को अपना मार्ग बदलना पड़ा। टैंकरट्रैकर्सडॉट कॉम ने बताया कि इन जहाजों में भारतीय ध्वज वाला एक सुपर टैंकर भी शामिल है, जो इराक से 20 लाख बैरल तेल ले जा रहा है। इससे पूर्व ब्रिटेन की सेना ने कहा कि ईरान के रिवॉल्यूशनरी गार्ड की दो गनबोट ने होर्मुज जलडमरूमध्य से गुजर रहे एक टैंकर पर गोलीबारी की। ईरान द्वारा इस महत्वपूर्ण जलमार्ग पर प्रतिबंध फिर से लागू करने की घोषणा के बाद यह घटना हुई।

## भाजपा का पतन शुरू हो गया, केंद्र सरकार अल्पमत में : ममता

एजेंसी

हावड़ा (पश्चिम बंगाल)। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने शनिवार को कहा कि लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में 2029 से महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण लागू करने संबंधी संविधान संशोधन विधेयक को संसद के निचले सदन में पारित करने में विफल रहने के बाद भाजपा का पतन शुरू हो गया है।

हावड़ा के उलुबेरिया और दक्षिण 24 परगना के बरुइपुर में चुनावी रैलियों को संबोधित करते हुए तृणमूल कांग्रेस प्रमुख ने कहा कि शुक्रवार को संसद में हुए घटनाक्रम ने यह प्रदर्शित किया है कि भाजपा अपने बूते बहुमत वाली पार्टी नहीं रह गई है और यह दो सहयोगियों के समर्थन से सत्ता में बनी हुई है। उन्होंने कहा, कल साबित हो गया कि यह अब बहुमत वाली



सरकार नहीं है। यह अल्पमत सरकार है। वे दो पार्टियों के समर्थन से किसी तरह इसे चला रहे हैं। मुख्यमंत्री ने भाजपा की राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) में सहयोगी दलों पर निर्भरता की ओर इशारा करते हुए यह बात कही। लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण 2029 के संसदीय चुनावों से लागू करने से संबंधित संविधान संशोधन विधेयक शुक्रवार को संसद के निचले सदन में पारित नहीं हो पाया। बनर्जी ने सवाल किया कि महिलाओं के लिए आरक्षण को परिसीमन प्रक्रिया से क्यों जोड़ा जा रहा है। उन्होंने पूछा, इसे परिसीमन से क्यों जोड़ा जा रहा है? उन्होंने एक बंगाली मुहावरे का हवाला देते हुए दावा किया कि केंद्र अपने असली इरादों को छिपाने की कोशिश कर रहा है।

पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनावों से पहले, बनर्जी ने भाजपा को लोकसभा में मिली पराजय को एक व्यापक राजनीतिक विमर्श बनाने की कोशिश की और इसे राष्ट्रीय स्तर पर भाजपा के पतन की शुरुआत बताया। तृणमूल प्रमुख ने उलुबेरिया में समर्थकों से कहा, मोदी साहब का पतन कल दिल्ली में शुरू हुआ।

### लेबनान में शांति सैनिकों पर हुए हमले में फ्रांसीसी सैनिक की मौत

पेरिस। फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने कहा कि शनिवार सुबह दक्षिणी लेबनान में संयुक्त राष्ट्र शांति सैनिकों पर हुए हमले में एक फ्रांसीसी सैनिक की मौत हो गयी और तीन अन्य सैनिक घायल हो गए। मैक्रों ने बताया कि मृतक सैनिक की पहचान मोंटौबन के 17वें पैराशूट इंजीनियर रेजिमेंट के स्टाफ सार्जेंट फ्लोरियन मोंटोरियो के रूप में हुई है। मैक्रों ने सोशल मीडिया पर एक संदेश में कहा, सभी संकेत यही बताते हैं कि इस हमले की जिम्मेदारी हिज्बुल्ला की है। फ्रांस की मांग है कि लेबनानी अधिकारी दोषियों को तुरंत गिरफ्तार करें और दक्षिणी लेबनान में संयुक्त राष्ट्र मिशन के साथ मिलकर अपनी जिम्मेदारी निभाएं।

## यूक्रेन पर रूस के हमले में एक व्यक्ति की मौत

एजेंसी

कीव। यूक्रेन भर में रात भर हुए रूसी हमलों में एक नागरिक की मौत हो गई और कई अन्य लोग घायल हो गए। स्थानीय नेता वादिम फिलाश्किन ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में बताया कि यूक्रेन के पूर्वी दोनेत्स्क क्षेत्र के मायकोलाइवका में हुए हमले में एक व्यक्ति की मौत हो गई।

अन्य अधिकारियों ने बताया कि उत्तरी और पूर्वी यूक्रेन में हुए हमलों में कम से कम 26 लोग घायल हुए हैं, जिनमें ओडेसा शहर में बंदरगाह के एक बुनियादी ढांचे पर किया गया हमला भी शामिल है। यूक्रेन की वायुसेना ने शनिवार को बताया कि रूस ने रात भर में 219 ड्रोन दागे, जिनमें से 190 को मार गिराया गया।

इस बीच, गवर्नर व्याचेस्लाव फेडोरिश्चेव ने बताया कि यूक्रेन ने रूस में समारा क्षेत्र के नोवोकुइबिशेव्स्क और सिजरान में औद्योगिक क्षेत्रों को निशाना बनाकर ड्रोन हमला किया गया। दोनों शहरों में कई बड़ी तेल रिफाइनरी स्थित हैं।

## इंटरटेनमेंट...

## विद्युत जामवाल की 'स्ट्रीट फाइटर' का ट्रेलर रिलीज

मुंबई। पैरामाउंट पिक्चर्स की फिल्म स्ट्रीट फाइटर का ट्रेलर गुरुवार को रिलीज कर दिया। फिल्म में नोआ सेंटिनियो, जेसन मोमोआ और एंड्रयू कोजी मुख्य भूमिकाओं में हैं। खास बात यह है कि इसमें बॉलीवुड एक्टर विद्युत जामवाल धाल्सिम के रोल में नजर आएंगे। फिल्म 16 अक्टूबर 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। इस फिल्म से विद्युत हॉलीवुड में डेब्यू कर रहे हैं। ट्रेलर में

❍ इंटेंस और डार्क रोल में नजर आए एक्टर 16 अक्टूबर को फिल्म रिलीज होगी




विद्युत पूरी तरह बाल्ड लुक में दिखाई दे रहे हैं। उनके शरीर पर बने टैटू और रग्ड स्टाइलिंग दिख रही है। इसके साथ ही उनका लीन और मस्कुलर फिजीक धाल्सिम के योगा-आधारित फाइटिंग स्टाइल को बखूबी दर्शाता है। ट्रेलर में धाल्सिम का किरदार पारंपरिक शांत योगी की इमेज से थोड़ा अलग नजर आ रहा है। विद्युत की इंटेंस आंखें और खतरनाक एक्सप्रेशन उनके किरदार को एक डार्क और पावरफुल ट्विस्ट देते हैं। फिल्म कैपकॉम द्वारा विकसित विश्व प्रसिद्ध जापानी वीडियो गेम फ्रैंचाइजी 'स्ट्रीट फाइटर' पर आधारित है। ट्रेलर में फिल्म के एक्शन और फाइट सीक्वेंस की झलक दिखाई गई है। फिल्म को 1993 की पृष्ठभूमि में सेट किया गया है, जहां रयू और केन मास्टर्स फिर से एक बड़े मुकाबले में उतरते हैं। कहानी में चुन-ली उन्हें वर्ल्ड वॉरियर टूनामेंट के लिए तैयार करती है। इस टूनामेंट के पीछे एक साजिश छिपी है, जो दोनों को आमने-सामने खड़ा करती है और उनके अतीत से जुड़ी चुनौतियों को सामने लाती है। फिल्म की स्टारकास्ट फिल्म का डायरेक्शन किताओ सकुराई ने किया है। इसमें नोआ सेंटिनियो (केन मास्टर्स), एंड्रयू कोजी (रयू), कैलिना लियांग (चुन-ली), जो अनोआई (अकुमा), डेविड डास्टमलचियन (एम. बाइसन), कोडी रोड्स (गाइल), एंड्रयू शुल्ज (डैन हिबिकी), एरिक आंद्रे (डॉन सॉवेज), विद्युत जामवाल (धाल्सिम), ऑरविल पेक (वेगा), ओलिवियर रिच्टर्स (जैंगिफ), हिरोकी गोटो (ई. होंडा), रैना वल्लैंडिंघम (जुली), अलेक्जेंडर वोल्कानोव्स्की (जो), कर्टिस '50 सेंट' जैक्सन (बालरॉग) और जेसन मोमोआ (ब्लांका) शामिल हैं।

## बिग बॉस मराठी 6 पर सोनाली राउत के गंभीर आरोप

**मुंबई।** रियलिटी शो बिग बॉस मराठी 6 फिर विवादों में आ गया है। इस बार पूर्व कंटेस्टेंट सोनाली राउत ने घर के अंदर की हालत पर चौंकाने वाले खुलासे किए हैं। सोनाली ने (पूर्व ट्विटर) अकाउंट पर वीडियो पोस्ट कर बताया कि घर में साफ-सफाई बेहद खराब थी। उन्होंने आरोप लगाया कि खाने में गंदगी मिलती थी और कई बार उसमें कॉकरोच और मरे हुए चूहे दिखाई देते थे। उन्होंने कहा कि इस वजह से वहां रहना मुश्किल हो गया था और उनकी तबीयत खराब हो गई।

एक्ट्रेस ने बताया कि गंदगी भरे माहौल के कारण उन्हें स्किन से जुड़ी गंभीर समस्या हो गई। उनका कहना है कि यह सिर्फ असुविधा नहीं, बल्कि स्वास्थ्य के लिए खतरनाक स्थिति थी। सोनाली ने खुलासा किया कि घर में सुविधाएं बेहद सीमित थीं, जिससे हालात बिगड़ते गए। उन्होंने कहा कि इतने बड़े शो में ऐसी व्यवस्थाएं चौंकाने वाली हैं। सोनाली राउत ने पोस्ट में कहा कि इस अनुभव ने उन्हें मानसिक और शारीरिक रूप से प्रभावित किया। उन्होंने संकेत दिया कि इस मामले में उन्हें आर्थिक नुकसान भी झेलना पड़ा।

### 'हेरा फेरी 3' फिलहाल नहीं बन रही है : अक्षय

**मुंबई।** एक्टर अक्षय कुमार ने हाल ही में बताया कि फिल्म हेरा फेरी 3 फिलहाल नहीं बन रही है। यह बात अक्षय ने शुभांकर मिश्रा के यूट्यूब चैनल पर बात करते हुए कही। इंटरव्यू में अक्षय ने बताया कि फिल्म में देरी की वजह सिर्फ कास्ट नहीं है। उन्होंने कहा कि कई और समस्याएं हैं, जिनकी वजह से प्रोजेक्ट आगे नहीं बढ़ पा रहा। एक्टर ने यह भी साफ किया कि तीनों कलाकारों (अक्षय, परेश रावल और सुनील) के साथ आने में कोई दिक्कत नहीं है। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि फिल्म वेलकम टू द जंगल में वो, सुनील शेट्टी और परेश रावल एक साथ काम कर रहे हैं।

## मूवी रिव्यू : भूत बंगला-भूल भुलैया जैसी नहीं

**मुंबई।** डायरेक्टर प्रियदर्शन अक्षय कुमार और प्रियदर्शन जब भी साथ आते हैं, दर्शकों को भूल भुलैया, हेरा फेरी, भागम भाग जैसी एंटरटेनिंग फिल्मों की उम्मीद होती है। लेकिन फिल्म भूत बंगला में ये जोड़ी इस बार वैसा कमाल नहीं दिखा पाती। फिल्म हॉरर, कॉमेडी और मिस्ट्री का मिक्स तो है, लेकिन इसका असर हर जगह बराबर नहीं दिखता।




कैसी है फिल्म की कहानी? कहानी की शुरूआत होती है श्रापित गांव मंगलपुर से, जहां यह माना जाता है कि शादी करना खतरे से खाली नहीं है क्योंकि यहां नई दुल्हन को वधुसुर नाम का राक्षस उठा ले जाता है। अर्जुन आचार्य (अक्षय कुमार) लंदन में अपने पिता वासुदेव और बहन मीरा के साथ रहते हैं। मीरा की शादी तय होती है, तभी उन्हें पता चलता है कि उनके दादा 500 करोड़ की संपत्ति और मंगलपुर की हवेली मीरा के नाम कर गए हैं। अर्जुन, मीरा की शादी उसी पुश्तैनी हवेली में करने के लिए मंगलपुर पहुंचता है। लेकिन जैसे-जैसे शादी करीब आती है, हवेली में अजीब और डरावनी घटनाएं शुरू हो जाती हैं। इसी दौरान अर्जुन के सामने कई पुराने राज खुलते हैं और उसे पता चलता है कि मीरा ही वधुसुर के निशाने पर है, क्योंकि उसे मारकर वधुसुर अमर हो सकता है। अब कहानी इस सवाल पर आकर टिकती है कि क्या अर्जुन अपनी बहन और मंगलपुर को इस खतरे से बचा पाएगा। कैसी है स्टारकास्ट की एक्टिंग? अक्षय कुमार इस बार उम्मीदों पर पूरी तरह खरे नहीं उतरते।

उनकी कॉमिक टाइमिंग, जो उनकी सबसे बड़ी ताकत है, यहां बनावटी और ज्यादा मेहनत करती हुई लगती है। राजपाल यादव फिल्म के असली मजबूत सहारा बनकर उभरते हैं, उनकी कॉमेडी ही कई जगह फिल्म को संभालती है। परेश रावल का काम ठीक-ठाक है, लेकिन उनसे जो उम्मीद रहती है, वो यहां नजर नहीं आती। ऐसा लगता है जैसे उन्होंने आधे मन से अभिनय किया हो।




Viraj
आर.एन.आई.नं.-यू.पी.-हिन/2006/18901 विराज प्रकाशन प्रा.लि. हेतु मुद्रक एवं प्रकाशक आर.के. अग्रवाल द्वारा एक्सप्रेस हाऊस, 1/5, विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित। **कार्यकारी सम्पादक : मनोज कुमार बाजपेयी**
(पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु उत्तरदायी) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन। फोन कार्यालय : 0522-4059441, 4059442, 4059443 : ई-मेल : voiceoflucknow@gmail.com